


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 12 अक्टूबर 2023 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-195 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 13 अक्टूबर 2023 रू. 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए असम पुलिस ने लवलीना को किया सम्मानित

**गुवाहाटी ,12 अक्टूबर ।** असम पुलिस ने शीर्ष मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को सम्मानित किया है और उन्हें राज्य के डीजीपी का प्रशस्ति पदक प्रदान किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हांगझाऊ में हाल ही में संपन्न 19वें एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने के लिए लवलीना को असम पुलिस ने सम्मान किया। पुरस्कार समारोह बुधवार को गुवाहाटी में असम पुलिस मुख्यालय में आयोजित किया गया। प्रतीक के रूप में, मुक्केबाज ने पुलिस विभाग को अपना ऑटोग्राफ की हुई बॉक्सिंग ग्वव्स की एक जोड़ी भी उपहार में दी। 'एक्स' असम के डीजीपी जी.पी. सिंह ने लिखा, असम पुलिस ने हांगझोऊ में 19वें एशियाई खेलों में शानदार सफलता पर एशियाई खेलों की पदक विजेता, हमारी अपनी डीएसपी लवलीना बोरगोहाई को पुलिस मुख्यालय गुवाहाटी में सम्मानित किया। उन्हें असम के डीजीपी प्रशस्ति पदक से भी सम्मानित किया गया है। उन्होंने मुक्केबाजी दस्ताने की एक हस्ताक्षरित जोड़ी भी हमें भेंट की। इस बीच, असम ओलंपिक एसोसिएशन ने लवलीना बोरगोहेन को एक लाख रुपये और एशियाई खेलों के दूसरे प्रतिभागियों को 25,000 रुपये का मौद्रिक पुरस्कार देने का फैसला किया है।

### सोनिया व प्रियंका डीएमके महिला सम्मेलन में होंगी शामिल

**चेन्नई ,12 अक्टूबर ।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा शनिवार को द्रमुक की महिला शाखा द्वारा आयोजित 'महिला अधिकार सम्मेलन' में भाग लेंगी। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले, सीपीआई-एम की सुभाषिनी अली और सीपीआई नेता एनी राजा भी उपस्थित रहेंगी। सम्मेलन, जो दिवंगत द्रमुक नेता एम.करुणानिधि के शताब्दी समारोह का हिस्सा है, की अध्यक्षता मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन करेंगे और सोनिया गांधी भी संबोधन करेंगी। सम्मेलन महिलाओं के लिए आरक्षण के संबंध में भाजपा सरकार की फैसले पर अपना जोरदार विरोध दर्ज कराएगा, साथ ही मणिपुर की स्थिति के प्रति केंद्र के उदासीन दृष्टिकोण का मुद्दा भी उठाएगा। रोजगार की कमी, सुरक्षा और महिलाओं को प्रभावित करने वाले अन्य मुद्दों पर भी ध्यान दिया जाएगा।


### मुंबई पुलिस ने शुरू की समीर वानखेड़े को जान से मारने की धमकी की जांच

**मुंबई ,12 अक्टूबर ।** गोरेगांव पुलिस ने मुंबई में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक और आईआरएस अधिकारी समीर वानखेड़े को मिली जान से मारने की धमकी की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। वानखेड़े ने मुंबई पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि उन्हें एक इंस्टाग्राम यूजर से 'जान से मारने की धमकी' मिल रही है, जो कथित तौर पर बांग्लादेश में बताया जा रहा है। वर्तमान में चेन्नई में तैनात वानखेड़े ने अज्ञात इंस्टाग्राम उपयोगकर्ता से प्राप्त मौत की धमकी के संदेशों पर मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर को एक ईमेल भेजा है। 2008 बैच के आईआरएस अधिकारी, वानखेड़े को बॉलीवुड मेगा-स्टार शाहरुख खान से बड़ी रकम वसूलने के कथित प्रयास के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच का सामना करना पड़ रहा है।

## 15 अक्टूबर को आएगी कांग्रेस की पहली सूची : भूपेश बघेल

**रायपुर,12 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिल्ली में होने वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के लिए रवाना होने से पहले बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची 15 अक्टूबर को आएगी. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा में पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह को लेकर फिर तंज कसते हुए कहा कि यहां केवल और केवल रमन सिंह का चला है. रमन सिंह का मतलब है, यहां के सब खदान को सौंपना, इसलिए बहुत होशियारी से अमन सिंह को अडानी जी ने अपने पास रखा है. रमन सिंह को सामने किया है, इसका मतलब है यहां फिर से चिटफ़ंड कंपनी आएगी, अभिषेक सिंह और सारे लोग लगेंगे, उसके बाद उतराखंड में एक और रिसार्ट खुलेगा.



बीजेपी के पुराने चेहरों को टिकट मिलने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सारे लोग डरे हुए हैं. साइंस कॉलेज का हॉल भरा नहीं. बीजेपी के सारे बड़े नेता छत्तीसगढ़ को लूटे, इसलिए सबने हाथ खींच लिया था. अमित शाह परिवर्तन यात्रा में आए नहीं. इस दबाव के चलते सारे लोगों को टिकट मिल गई. स्वर्गीय भीमा मंडावी की बेटी के भावुक होने और कई लोगों के टिकट कटने से नाराज़ नेताओं के सवाल पर सीएम बघेल ने कहा कि भाजपा कहती है कॉडर बेस पार्टी है, और कॉडर का दुरुपयोग करते हैं. उनको सिर्फ़ वोट दिलाने के लिए रखे है. रायशुमारी में कोई मतलब नहीं है. यदि कार्यकर्ताओं की बात सुन लेते तो पंद्रह साल सत्ता में रहने के बाद 15 सीट में सिमटते नहीं, वही चेहरा फिर से आ गए हैं. पहले सोचे थे कि परिवर्तन कर लेंगे, लेकिन माथुर साहब की भी नहीं चली.

पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के आरंग, धरसींवा और अभनपुर विधानसभा के दौरे पर भूपेश बघेल ने कहा कि उससे क्या फ़र्क़ पड़ेगा वो तो उन जगहों पर कभी गए नहीं है. वोट स्थानीय कार्यकर्ता दिलाते हैं, उनकी भावनाओं का कद्र तो किए नहीं. तेजस्वी सूर्या के कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ लूटकर कर्नाटक को पैसा भेजा वाले बयान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये दिमाग़ी दिवालियेपन नहीं है तो और क्या है. सूर्या कर्नाटक बचा नहीं पाये और यहां नाटक कर रहे है. उसका नाटक कर्नाटक में नहीं चला तो यहाँ कैसे चलेगा. सीएम भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा में बताया कि ईडी के एक अधिकारी के घर चोरी हुई है. बताते हैं कि अच्छी-खासी रकम है, लेकिन बता नहीं रहे हैं. चोरी हुई है, लेकिन लिखा नहीं पा रहे हैं. रिपोर्ट तो लिखानी पड़ेगी.

## आदि कैलास व्यू पॉइंट में मोदी ने लगाया ध्यान

### 'शिव का घर' दर्शन के लिए अब नहीं जाना होगा चीन

**नैनीताल,12 अक्टूबर।** पीएम नरेंद्र मोदी आज 12 अक्तूबर को उत्तराखंड दौरे पर हैं। उत्तराखंड पहुंचने पर पीएम मोदी सबसे पहले भारत-चीन सीमा पर स्थित पिथौरागढ़ जिले गए। पीएम मोदी ने आदि कैलास के दर्शन कर ध्यान भी लगाया। इस दौरान, पीएम मोदी ने पार्वती कुंड में भी पूजा-अर्चना भी की। पीएम मोदी ने गुंजी गांव पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पादों की भी जमकर सराहना की।

भारतीय सेना और आईटीबीपी के जवानों के बीच पहुंचकर पीएम मोदी ने उनकी हौसला-अफजाई भी की। आपको बता दें कि आदि कैलास यात्रा के पड़ाव में गुंजी गांव भी पड़ता है। आदि कैलास पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों को एक साल पहले तक चीन से होकर गुजरना पड़ता था। लेकिन, अब श्रद्धालु भारत के पिथौरागढ़ जिले से ही आदि कैलास यात्रा पर जा सकते हैं। आदि कैलास जाने वाले तीर्थ यात्री अब उत्तराखंड के लिपुलेख से यात्रा पर जा सकते हैं। हेलीकॉप्टर से भी अब गुंजी गांव आसानी से पहुंचा जा सकता है। विदित हो कि पिथौरागढ़ में 2021 में शिव महोत्सव का भी आयोजन किया गया था।



पिथौरागढ़ जिले में भारत-चीन सीमा पर 18 हजार फीट की ऊंचाई पर पवित्र कैलाश पर्वत के दर्शन किए जा सकते हैं।

पिथौरागढ़ में स्थित नाभीढ़ांग के ठीक ऊपर 2 किलोमीटर ऊंची पहाड़ी से तिब्बत में मौजूद कैलाश पर्वत आसानी से दिखाई देता है। जबकि, स्थानीय लोगों का मानन है किओल्ड लिपुपास की पहाड़ी के ऊपर पहुंचने पर वहां से कैलाश पर्वत काफी करीब दिखाई देता है। ग्रामीणों की मानें तो ओल्ड लिपूपास पहुंचने के लिए करीब-करीब 2 किलोमीटर की चढ़ाई चढ़नी पड़ती है, जो तीर्थ यात्रियों के लिए मुश्किल भरी हो सकती है। देश की आजादी के बाद उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित आदि कैलास के दर्शन करने वाले पीएम मोदी पहले प्रधानमंत्री बन गए हैं। हालांकि, इससे पहले भी वह पिथौरागढ़ जिले में आ चुके हैं। छह साल पहले 2017 में विधानसभा चुनावों के समय जनसभा में पहुंचे थे। प्रधानमंत्री गुरुवार को स्पोर्टस स्टेडियम में विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण करने के बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। देश की आजादी के बाद पीएम मोदी भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने आदि कैलास की यात्रा की। भारत और चीन-नेपात की सीमा पर पिथौरागढ़ जिले में स्थित है। हिन्दू मान्यता के अनुसार, यह भगवान शिव के परिवार का निवास स्थान है। यहां पर मां पार्वती, भगवान गणेश जी, और भगवान कार्तिकेय निवास करते हैं। हालांकि, आपको बता दें कि इसस पहले भी पीएम मोदी पिथौरागढ़ जिले में भ्रमण कर चुके हैं।

आदि कैलास रूट पर मुख्य आकर्षण ऊं पर्वत है। इस पर्वत पर ऊं की आकृति उभरी हुई है। समुद्र तल से 6194 मीटर लगभग 20312 फीट की ऊंचाई पर ऊं पर्वत है।

## शरारती तत्वों ने की प्रतिमा खंडित,तनाव

**■ तरुण छत्तीसगढ़**



**भिलाई,12 अक्टूबर।** छावनी थाना क्षेत्र इलाके में बीती रात आसामाजिक तत्वों ने केम्प -2 संतोषी पारा के गणेश चौक पर मंदिर में विराजित माता पार्वती की प्रतिमा को खंडित कर दी है। सुबह जानकारी लगते ही मोहल्ले के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही भाजपा और हिंदूवादी संगठनों के कई नेता मौके पर पहुंचे और इस घटना पर विरोध जताया है भिलाई के संतोषी पारा केम्प -2 में स्थित मंदिर में आसामाजिक तत्वों ने मां पार्वती की प्रतिमा का हाथ तोड़कर वस्त्र भी हटा दिया है। सुबह पूजा करने पहुंची महिलाओं ने घटना की सूचना मोहल्लेवासियों और पुलिस को दी। पूजा अर्चना कर महिलाओं ने माता की प्रतिमा को दोबारा वस्त्र पहनाया और आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। मौके पर एएसपी ग्रामीण अनंत साहू सहित थाना छावनी, जामुल, वैशाली नगर के अधिकारी टीम के पहुंच गए और इस घटना को धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने की कोशिश करार देते हुए आरोपियों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है दो साल पहले तोड़ी थी कृष्ण प्रतिमा जिस मंदिर में आज माता पार्वती की प्रतिमा को खंडित किया गया है, वहां दो वर्ष पूर्व भी भगवान कृष्ण की प्रतिमा तोड़ दी गई थी।

हिंदूवादी संगठनों के नेताओं का कहना है कि लगातार क्षेत्र में हो रही ऐसी घटनाएं सीधे तौर पर धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने का कुत्सित प्रयास है जिसका हम सभी पुरजोर विरोध करते हैं। इधर पुलिस टीम मंदिर के आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जा सके एक संदिग्ध का मिला फुटेज छावनी टीआई सोनल ग्वाला ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने पर एक संदिग्ध युवक का फुटेज मिला है। रात लगभग 3 बजे के आसपास एक युवक मंदिर में प्रवेश करता नजर आ रहा है। एंटी क्राइम एवं सायबर यूनिट के साथ छावनी पुलिस की टीम उसकी पहचान सुनिश्चित करने में लगी हुई है।

## नॉर्थ एक्सप्रेस की 21 बोगियां बेपटरी,5 की मौत

**नई दिल्ली,12 अक्टूबर।** नई दिल्ली से कामाख्या जा रही नॉर्थ एक्सप्रेस बुधवार की रात बिहार में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा बक्सर जंक्शन से ट्रेन खुलने के कुछ ही देर बाद रघुनाथपुर पूर्वी गुमटी के पास हुआ। अबतक प्राप्त सूचना के अनुसार ट्रेन की 21 बोगियां बेपटरी हुई हैं, जिनमें से दो पलट गई हैं। एक बोगी बेपटरी होने और दूसरी से टकराने के बाद किनारे गिर गई है। पूर्व मध्य रेलवे के अधिकारियों ने अभी घायलों के संबंध में कोई पुख्ता जानकारी नहीं होने की बात कही है। ट्रेन की कितनी बोगियां बेपटरी हुई हैं, आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है। जिला प्रशासन ने 60 से 70 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। घटनास्थल पर राहत कार्य में लगे लोगों ने अबतक पांच लाशें निकाले जाने की बात कही है। जिलाधिकारी ने भी चार मौतों की पुष्टि की है। राहत-बचाव कार्य में लगे लोगों ने 50-52 लोगों के ज्यादा चोटिल होने की जानकारी दी है।

दानापुर मंडल के रघुनाथपुर स्टेशन के निकट बुधवार रात करीब 21.35 बजे गाड़ी संख्या 12506 नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के हादसे के बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ जुट गई। आम लोग राहत-बचाव कार्य में लग गए। घटनास्थल शहरी क्षेत्र से दूर है। 50 से ज्यादा लोग बुरी तरह चोटिल हुए हैं। घायलों को निकाला जा रहा है, उसके बाद असल तस्वीर सामने आएगी। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मेडिकल टीम और अधिकारियो के साथ-साथ दुर्घटना राहत यान घटनास्थल के लिए रवाना हो चुका है। रेलवे ने आधिकारिक तौर पर हताहतों की संख्या नहीं बताई है, लेकिन घटनास्थल पर राहत-बचाव में लगे कर्मियों ने बताया कि पांच लोग ऐसे निकाले गए, जिनकी सांसें नहीं चल रही थीं। बाकी घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए तत्काल भेजा गया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, बक्सर में घटना स्थल पर राहत-बचाव कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, जिला प्रशासन, रेल अधिकारी और स्थानीय लोग टीम के रूप में काम कर रहे हैं। रेलवे वार रूम ने भी काम शुरू कर दिया है।

## भाजपा ने लोगों के अधिकार छीन लिए : प्रियंका गांधी

**भोपाल,12 अक्टूबर।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी गुरुवार को चुनावी राज्य मध्य प्रदेश के मंडला में जन आक्रोश रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि लोग रोजगार के लिए राज्य छोड़ रहे हैं और वे यहां आपके लिए रोजगार के अवसर पैदा नहीं कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा 18 साल से सत्ता में है और रोजगार के अवसर पैदा नहीं हुए, वे केवल लूट में व्यस्त हैं और हर जगह घोटाले हो रहे हैं। और वे चुनाव के समय अप्रासंगिक विषय लाते हैं जो लोगों के लिए भावनात्मक होते हैं।



प्रियंका गांधी ने कहा कि कांग्रेस की परंपरा देखिए- वनाधिकार कानून आपके लिए लाया गया ताकि वनों पर पहला अधिकार आपका हो, क्योंकि यही आपकी संस्कृति है। इसे संरक्षित और मजबूत करने के लिए आपको वन अधिकार कानून दिया गया। यहां जो भी राजनीतिक नेता आता है वह तीन शब्दों का प्रयोग करता है- जल, जंगल, जमीन। लेकिन इसके अंतर्निहित अर्थ को समझना ज़रूरी है। क्या नेता सार्थक बात कर रहे हैं या ये आपके सामने आया एक जुमला है।

## अमेरिका ने गाजा को चारो तरफ से घेर लिया

### हमास के आतंकी चुन-चुनकर मारे जा रहे

**येरुसलम,12 अक्टूबर।** हमास के आतंक के खिलाफ इजरायल का इंतकाम लगातार जारी है। इजरायली मिसाइलों की वर्षा गाजा पट्टी पर थम नहीं रही है। इजरायली फोर्स चुन-चुनकर गाजा में हमास के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर रही है। हमास के इजरायल पर हमले के बाद अब पांच दिन गुजर चुके हैं। गाजा के आसमान में उठने वाला धुआं वक्त के साथ और गहरा होता जा रहा है। युद्ध में अघोषित तौर पर अमेरिका की भी एंट्री हो चुकी है। दुनिया का सबसे खतरनाक जंगी जहाज इजरायल की मदद के लिए गाजा पट्टी के करीब पूर्वी भू मध्य सागर में पहुंच चुका है। अमेरिका का एयर स्ट्राइक कैरियर अपने कैरियर ग्रुप के साथ यहां पर पहुंचा है। यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड, नौसेना का सबसे नया और सबसे उन्नत एयरक्राफ्ट कैरियर है। अपने लगभग 5000 नाविकों और युद्धक विमानों के डेक के साथ, यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड को ताकत दिखाने के लिए तैनात किया जा रहा है। इजरायल में हमास द्वारा किए गए आतंकवादी हमले को देखते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि यह हमला क्रूरता का एक अभियान था और मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं बच्चों के सिर काटने वाले आतंकवादियों की तस्वीरों की पुष्टि करूंगा।



### धरती से मिटा देंगे हमास का हर निशान : नेतन्याहू

येरुसलम,12 अक्टूबर। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को हमास से लड़ते रहने की कसम खाते हुए कहा कि फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह का प्रत्येक सदस्य एक मरा हुआ आदमी था। अपने बयान में नेतन्याहू ने पहली बार शनिवार को हुए अप्रत्याशित हमले के बाद हमास को नष्ट करने के इज़राइल के इरादे को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया। उन्होंने टेलीविजन पर प्रसारित एक संक्षिप्त बयान में कहा कि हमास दाएश (इस्लामिक स्टेट समूह) है और हम उन्हें कुचल देंगे और नष्ट कर देंगे, जैसे दुनिया ने दाएश को नष्ट कर दिया है। रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा कि हम हमास को धरती से मिटा देंगे।

**एशियाई खेल 2022, भारत की ऐतिहासिक सफलता, देश गौरवान्वित** jasclaudius@gmail.com

## राजनीतिक चश्मा उतारकर करें सफलता का आंकलन

**जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

पिछले 45 वर्षों से प्रिंट मीडिया में खेल पत्रकारिता के दौरान भारत के खिलाड़ियों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि को देखने, सुनने का अवसर मिला। स्वतंत्रता के पश्चात पिछले 75-76 वर्षों में हमारे प्रतिभागियों ने लगातार अच्छे से अच्छा प्रदर्शन करके हिन्दुस्तान के लोगों को दिखाया। इसमें कोई दो मत नहीं कि बीसवी सदी के उत्तरार्द्ध से अंत तक हमारे खिलाड़ियों की अंतर्राष्ट्रीय स्तरपर मिली सफलता निरंतर बढ़ती चली गई। चाहे प्रशिक्षण का अभाव हो, प्रतिभा खोजने में कुछ कमी हो, प्रतिभागियों को मिलने वाले आवास, परिवहन की सुविधा में कमी हो, उचित व संतुलित भोजन का अभाव हो लेकिन हमारे खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का 100 प्रतिशत दिया। भारत के लिए पदक जीतकर देश का नाम रौशन किया। कहने का तात्पर्य परिस्थिति चाहे जैसी भी रही हो बीसवी सदी में हमारे नौजवानों ने देश के लिए पदक लाये। अब 21वीं सदी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आते ही खेलकूद के प्रति दृष्टिकोण बदल गया। 2014 के बाद खेल में उपलब्धि को हमारे भारत की प्रतिष्ठा से जोड़ा गया। इस दौरान 135 करोड़ से बढ़कर देशवासियों की संख्या 143 करोड़ हो गई। हम विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश हो गये तो फिर अन्य क्षेत्रों के अलावा खेलकूद में भी हमारी उपलब्धि का मूल्यांकन जरूरी हो गया। दुर्भाग्य की बात है कि आज 2022 के एशियाई खेलों में हमारे जाबाज प्रतिभागियों की सफलता को राजनैतिक चश्मे से देखा जा रहा है। बिना सोचे-समझे कुछ भी टिप्पणी की जा रही है जो खेल के बारे में ठीक से जानते भी नहीं वे भी अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। सबसे बढ़कर वे लोग जो 2014 के पहले गैर भाजपा वाली सरकार के दौरान खिलाड़ियों की सफलता को लगातार कम आंकते थे आज भी ऐसे लोग एशियाड 2022 की सफलता से निराशाजनक प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एशियाड में हमारे देश ने कभी भी चौथा स्थान प्राप्त नहीं किया, कभी भी 100 पदक हासिल नहीं कए फिर भी केंद्र सरकार की खेल नीति या खेल विभाग के खर्च पर प्रश्न उठा रहे हैं। खेलकूद में विश्व गुरु बनना है तो खेल को राजनैतिक चश्मे से देखना बंद करना होगा। पिछले 10 वर्षों में भारतीय खेल परिदृश्य में आई तब्दीली को देखने का ढंग बदलने का वक्त आ गया है। ऐसे लोग जिन्हें वर्तमान केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करना है उन्हें कम से कम केंद्रीय खेल विभाग की गतिविधि से अपने आपको अलग कर लेना चाहिए। ऐसे लोग वस्तुतः भारत में हो रहे खेलकूद के क्षेत्र में परिवर्तन के विरोधी साबित हो रहे हैं। खेल विभाग द्वारा खर्च की जा रही राशि को लेकर प्रश्न उठाने वाले जरा उन खिलाड़ियों तथा उनके अभिभावकों से संपर्क कर ले जिन्होंने भारत का सिर ऊंचा किया है तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। भारत में खेल की वर्तमान परिस्थिति से नाराज तथा विघ्नसंतोषी महानुभावों को समझ लेना चाहिए कि अब वह दिन आ गया है जब खून-पसीना बहाकर पदक जीतने वाले खिलाड़ी उनके परिवार के लोग और खेल प्रेमी ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार भी कर सकते हैं। आज हमारे खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन की आवश्यकता है उन्हें आर्थिक, मानसिक मदद की जरूरत है। जो लोग भारत में पिछले 10 वर्षों की खेलकूद की उपलब्धि को लेकर सवाल उठाते हैं उन्हें ये ही पदक प्राप्त खिलाड़ी प्रश्न करेंगे कि हमारी सफलता में आपका क्या योगदान? आप कंद्र सरकार को नहीं अपनी ऋणात्मक सोच से हमें आगे बढ़ने से रोक रहे हैं तो फिर राजनैतिक चश्मा लगाकर विरोध करने वालों के लिए समाज में क्या स्थान रह जायेगा। एशियाड 2022 में 28 स्वर्ण, 38 रजत तथा 41 कांस्य सहित 107 पदक हासिल करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, अभिभावकों, खेल प्रशासकों सभी को दिल से बधाई देना श्रेयस्कर होगा।

## मौत के तीन साल बाद खेत में छुपाए राज की तलाश

**बिलासपुर,12 अक्टूबर।** मस्तूरी थाना अंतर्गत मल्हार चौकी में 3 साल पहले गायब हुए युवक के मामले में खुलासा हो गया है. 3 साल पहले गायब हुए युवक की हत्या कर दी गई थी. आरोपियों ने युवक की हत्या कर उसकी लाश को दफना दिया था. संदेहियों की निशानदेही पर अब लाश को खोजा जा रहा है. दरअसल, मल्हार का रहने वाला विकास कुमार केवर्त 3 साल पहले लापता हुआ था. पुलिस की पूछताछ में 2 नाबालिगों ने घटना की जानकारी दी थी. जिसके मुताबिक 4 लोगों ने मिलकर युवक की हत्या की थी. साल 2020 में धनतेरस के दिन उसकी हत्या हुई थी. जानकारी के मुताबिक रस्सी से गला घोंटकर युवक का मर्डर किया गया था. इसके बाद मामले को छिपाने के लिए हथनी नाम के तालाब के पास खेत में शव को दफना दिया गया था. फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है.




CMYK

# दो मित्रों का संवाद है गीता: इन्दुभवानन्द

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 अक्टूबर ।** एमपी हाल जोगबनी में गहोई वैश्य समाज के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत की दिव्य अमृतमयी कथा के समापन अवसर पर ज्योतिष पिता आदिश्वर आधार कार्ड द्वारका शारदा पिता आदिश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी कृपानंद सरस्वती महाराज के प्रिय शिष्य शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर के प्रमुख डॉ इन्दुभवानन्द महाराज ने गीता के सार भाग को प्रस्तुत करते हुए बताया कि गीता दो मित्रों का संवाद है। जीवात्मा परमात्मा दोनों अनादिकाल से मित्र हैं। जीवात्मा के प्रतिनिधि अर्जुन हैं और परमात्मा के प्रतिनिधि भगवान श्री कृष्ण। जीवात्मा से मिलने की इच्छा परमात्मा सदा करते हैं। भगवती श्रुति ने जीवात्मा परमात्मा की एकता के बहुत संबंधों की बात की है जैसे दैशिक संबंध, सामान्याधिकरण सम्बन्ध, साजात्य संबंध, भ्रातृत्व संबंध किंतु जब मित्रता के संबंध की बात की तो



जीवात्मा परमात्मा से मिलने के लिए सहज हो गया। मित्रता का संबंध सभी संबंधों से श्रेष्ठ और बड़ा माना जाता है। एक मित्र अपने दूसरे मित्र से कुछ भी नहीं छुपा सकता है, जबकि पति-पत्नी से, स्वामी-सेवक से, भाई-भाई से कुछ छुपा सकता है किंतु मित्र अपने मित्र से कुछ भी नहीं छुपा सकता है। भगवान कृष्ण कहते हैं कि अर्जुन मेरा हृदय है और मैं अर्जुन का हृदय में हूँ। कथा के पूर्व उन्होंने हवन, कपिला तर्पण, तुलसी वर्षा गीता पाठ आदि कार्यक्रम संपन्न किया। आचार्य महेंद्र शास्त्री आचार्य अभिषेक कृष्ण आनंद वीरेंद्र दुबे इत्यादिक आचार्य ने वैदिक कार्य संपन्न कराया।



हैवी ट्रांसपोर्ट के युवा संचालक, समाजसेवी एवं भिलाई विधानसभा से कांग्रेस टिकट के प्रबल दावेदार इन्द्रजीत सिंह छोटू ने श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद महाराज, कथा व्यास डॉ. इंदु भवानंद ब्रम्हाचारी के श्रीमुख से कथा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बलकर असोसिअशन के अध्यक्ष मलकीत सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। इन्द्रजीत सिंह छोटू ने कथा समिति के संरक्षकगण धनीराम, प्रमोद कुमार कूचया, ओमप्रकाश मरेले, नंद कुमार बेहरे, मोहन लाल, अध्यक्ष-पवन कुमार ददरया, उपाध्य- आशीष कुमार कनकने, सचिव- राकेश कुमार रूसिया, राजदेव कनकने, देवेश रूसिया, दिनेश सुहाने, आशुतोष कंदेले, अरुणकुमार इंटोदिया, अतुल झुडेले, अशोक रूसिया, नीरज खरया, नीरज कनकने, श्रीमती ज्योति रूसिया, श्रीमती रश्मि बरशैया, श्रीमती सीमा बेहरे आदि समस्त गहोई वैश्य समाज के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एक नजर

### बाबा दरबार पावन धाम धनोरा में चल रही है नवरात्रि की तैयारी

**कवर्धा, 12 अक्टूबर।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में कुंवार नवरात्रि पर्व की तैयारी जोर-शोर से चल रही है 14 अक्टूबर शनिवार को बिरही 15 अक्टूबर को 11 बजे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी एवं पंडित विनय शर्मा जी के द्वारा विधी विधान के साथ पुजा पाठ कर के घट स्थापना करके ज्योति जलाया जाएगा 19अकटूबर गुरुवार को रात्रि 8 बजे पंचमी माता सिंगार एवं कलश चढ़ हाया जाएगा 22 अक्टूबर रविवार को शाम 4 बजे अष्टमी हवन का कार्यक्रम होगा एवं 23 अक्टूबर सोमवार को शाम 4 बजे ज्योति विसर्जन शोभा यात्रा गली भ्रमण करते हुए शितला तालाब पहुंचे गा जहा पर विसर्जन होगा एवं हररोज रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक माता सेवा गुलाब साहू जी एवं हेमंत तेली भजन गायक एवं जस गीत गायक के द्वारा इस तैयारी में जुटे हुए हैं दरबार के नंद पंडा जी राजू यादव विनोद साहू मनोज पटेल गज्जू रायपुरीया बबलू साहू जीवराखन ठेकेदार भोलू साहू चीन्टू साहू गुलाब साहू मनसुखा साहू कुंज लाल साहू एम लाल देवांगन कल्याण देवांगन दिनेश साहू ओमकार साहू तोमन गजपाल दानू साहू योगेश साहू उमेश साहू डॉ धनेशवर साहू मारियल साहू गुमान टीकम साहू रुपलाल साहू चेतन साहू वासुदेव सपरे उपसरपंच कुणाल साहू संदीप सेन हरीश रैकवार बाबू लाल साहू ठेकेदार चीन्टू साहू भोलू साहू आदि भकतगन आदि भकतगन बढिही जोर सोर सेजूटे हुए हैं यह जानकारी दरबार प्रति नीधी चन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू जी ने दी ।

### पावर हाउस रेलवे स्टेशन का वाई-फाई खराब, यात्रियों की शिकायत

**भिलाई, 12 अक्टूबर।** नहीं भी तो छह महीनों से ऊपर हो गया पावर हाउस रेलवे स्टेशन में वाई-फाई ख़राब चल रहा है। इसे सुधारने के अब तक कोई प्रयास नहीं हुए हैं। जबकि पावर हाउस रेलवे स्टेशन को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस और डिजिटल



टेक्नोलॉजी से मजबूत बनाने की तैयारी की जा रही है। अधिकारीयों को जब यहाँ के ख़राब वाई-फाई की ही सुध नहीं है तो स्टेशन की मोडर्नाइज़ेशन प्रक्रिया को वे कैसे गति प्रदान करेंगे? अनेक यात्रियों ने पिछले दिनों बताया कि स्टेशन पर अक्सर नेट स्लो रहता है, लिहाजा वे लोग यहाँ के वाई-फाई पर डिपेंड रहते हैं। खासकर दैनिक यात्रियों की शिकायत अधिक है। कुछ छात्र भी मिले जो बताये कि वाई-फाई की खराबी का उन्हें किस तरह की असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि मोबाईल में कई लोगों का आर्थिक कमजोरी की वजह से सीमित नेट रहता है और वे स्टेशन के वाई-फाई की सुविधा लेते हैं लेकिन यहाँ के वाई-फाई के ख़राब होने से उन्हें भी परेशानी हो रही है। दैनिक कामकाजी जो रोज सफर करते हैं उन्हें भी सम्बंधित अधिकारियों से इस मामले में शिकायत है।

### बीएसपी कर्मी ने खुदकुशी की

**भिलाई।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र बीएसपी कर्मी आशीष कुमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस को घटना स्थल पर दो दर्जन से अधिक सिगरेट का फिल्टर मिला नेवई टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि घटना है रिसाली क्वार्टर 121 निवासी आशीष कुमार पिता अनिरुद्ध राम बोकारो से आकर बीएसपी में यूटीआर क्रेन विभाग में पदस्थ था परिवार बोकारों में और यहां वह अकेला रहता था जानकारी मिली कि उसने घर में फांसी लगा ली है मौके पर पहुंचे देखा तो सिलिंग फैन में गमछा से फंदा बनाकर झूल गया था उसको फंदे से नीचे उतारा गया मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया पुलिस ने मृतक के दोनों मोबाइल को जब्त किया नेवई टीआई ने बताया कि परिजनों से सूचना मिली कि नवम्बर 2022 में उसकी शादी हुई थी बीएसपी में जॉब करने भिलाई आया था घटना पर मिले दर्जनों सिगरेट के फिल्टर मिले हैं अंदेशा है कि वह काफी तनाव में था घटना स्थल से सुसाइडनोट नहीं मिले

### गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित हुई

## फ्लोटिंग विंग्स स्विमिंग एकेडमी की 9 वर्षीय तैराक तनुश्री कोसरे ने बनाया विश्व रिकार्ड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 12 अक्टूबर।** दुर्ग जिले के खेलगांव के नाम से ख्याति प्राप्त ग्राम पुरई को एक और विश्व स्तरीय सम्मान मिला जब फ्लोटिंग विंग्स स्विमिंग एकेडमी की नन्ही तैराक 9 वर्षीय बालिका तनुश्री कोसरे ने लगातार बिना रुके ,बिना थके तैराकी का शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 घंटे तक ग्राम के डोंगिहा तालाब में लक्ष को पूरा करते हुए विश्व रिकॉर्ड बनाया ।

तैराकी के इस विश्व रिकार्ड को बनाने के लिए 8 अक्टूबर को कोच ओम कुमार ओझा के मार्गदर्शन में पुरई के डोंगिहा तालाब में इवेंट का आयोजन किया गया। निर्धारित समयानुसार मातापिता परिवार जनों ग्रामवासियों द्वारा तालाब में देव पूजन पश्चात लोगो के गगन भेदी जयकारे के साथ दिल्ली से आए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के नेशनल हेड आलोक कुमार की उपस्थिति में संकेत मिलते ही तनुश्री ने ठीक 11.30 बजे पानी में छलांग लगाई तथा फुर्ती के साथ तैरते हुए ओझल हो गई । इस तरह शुरू हो गया स्विमिंग का शानदार प्रदर्शन जो



लगातार 5 घंटे तक चलता रहा । पूरे समय डोंगीहा तालाब की मेड पर घरों की छत पर लोग तनुश्री की तैराकी को देखते रहे । करतल ध्वनि ,जयकारों की ध्वनि से पूरा वातावरण गूंजता रहा। गोरतलब है कि फ्लोटिंग विंग्स स्विमिंग एकेडमी के ईश्वर ओझा ने 6 घंटे का ,कुमारी चंद्रकला ओझा ने 8 घंटे तैराकी का वर्ल्ड रिकार्ड बनाया है साथ ही कोच ओम कुमार ओझा को सबसे कम उम्र के कोच होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना है । सभी गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित हैं। अब बारी है तनुश्री कोसरे की । जैसे ही घड़ी की सुइयों ने 4.30 का संकेत दिया ।5घंटे स्विमिंग का टी बना ।उसके बाद भी तनुश्री ने एक चक्र पूरा किया तथा जैसे ही तालाब से बाहर आई ,माता पिता ने गले लगा लिया। सर्व प्रथम डॉक्टरों की पूरी टीम ने तनुश्री की पूरी मेडिकल चेकप कर फिट घोषित किया । उसके बाद तालाब में ही उपस्थित गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के नेशनल हेड आलोक कुमार ने तनुश्री द्वारा 5 घंटे स्विमिंग का रिकॉर्ड बनाने की घोषणा की तथा तनुश्री को मेडल पहनाकर बेज लगाकर प्रमाण पत्र प्रदान किया ,तालियों की गड़गड़ाहट जयकारे एवम फटाकों की आवाज के साथ स्वागत सत्कार का सिलसिला चल पड़ा ।

स्वागत की कड़ी मे फ्लोटिंग विंग्स से जुड़े ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉक्टर विश्वनाथ पाणिग्राही ने तनुश्री को शमी का पौधा भेंटकर ÷ गोल्डन स्विमिंग गर्ल ÷ का टैग एवम मेडल पहनाकर अभिनंदपत्र प्रदान किया। इस उपलब्धि मे फ्लोटिंग विंग्स स्विमिंग एकेडमी के अध्यक्ष दिवाकर गायकवाड़, संरक्षक केशव बंटी हरमुख,हर्ष साहू,विकास जायसवाल,उमा रिगरी, शीतला ठाकुर,पूर्णिमा ठाकुर,प्रमोद जैन,मनोज यादव,भोजराज साहू, जनपद पंचायत के अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख , उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़ , नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष डीकेन्द्र हिरवानी, संजीत विश्वकर्मा जिला सचिव आम आदमी पार्टी , कमलेश यादव प्रदेश सचिव मानव अधिकार परिषद , सतीश सोनवानी , सुरेश यादव समाजसेवी ऑफिसियल के रूप मे स्नेहा डहरिया, निशा ओझा,ईश्वर ओझा , डोमन देवांगन , संजना बंजारे , रश्मि सेन , कुलदीप यादव , रूचि साहू , ओमकार साहू , गजेंद्र साहू , मोरजध्वज पटेल , डिलेश्वरी ओझा , संजय साहू , मनीष खिलारी सभी उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय फायर इंडिया एक्सपो में संयंत्र कर्मी सोनटके हुए सम्मानित

**भिलाई, 12 अक्टूबर।** सेल, भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के महाप्रबंधक डॉ ए आर सोनटके ने हाल ही में आयोजित, 17 वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन फायर इंडिया-2023 एक्सपो में शोध पत्र प्रस्तुत किया। यह



सम्मेलन इंस्टीट्यूशन ऑफ फायर इंजीनियर्स (इंडिया) के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें 24 देशों के 350 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। तीन दिनों तक चले इस सम्मेलन में विश्व भर के प्रख्यात वक्ताओं ने अपने तकनीकी पेपर प्रस्तुत किए। डॉ सोनटके ने लिफ्ट में शुरू की गई नवीनतम सुविधाओं और तकनीकी प्रगति के साथ-साथ लिफ्ट के उपयोग, प्रौद्योगिकी और कनेक्टिविटी सुविधाओं पर प्रकाश डाला। भारत सरकार के 'अग्निशमन सेवाएं, नागरिक सुरक्षा और होमगार्ड' के महानिदेशक ताज हसन ने आईएफई (आई) के अध्यक्ष पी के राव व अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में सम्मेलन का उदघाटन किया7 ओएनजीसी के सीजीएम संजीव कपूर व गोवा अग्निशमन सेवा के निदेशक नितिन रायकर ने सत्र की अध्यक्षता की, जहाँ डॉ ए आर सोनटके ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आईएफई (आई) के महानिदेशक डॉ. यू.एस. छिल्लर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बीएसपी के जल प्रबंधन विभाग में स्वच्छता कार्यक्रम



**भिलाई, 12 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जल प्रबंधन विभाग में भारत सरकार की मुहिम 'स्वच्छता ही सेवा है' के तहत स्वच्छता के प्रति मनुष्य की जिम्मेदारी को अधिकाधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक ए के जोशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपने घर से लेकर कार्यस्थल तक साफ-सफाई का ध्यान रखना चाहिए।

स्वच्छता की आवश्यकता सर्वोपरि है। स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल किया जाना चाहिए। जल प्रबंधन विभाग के महाप्रबंधक उत्पल दत्ता ने कहा कि अपने घरों में गंदगी की अच्छे से सफाई कर, सूखा कचरा एवं गीला कचरा को अलग-अलग कर रखने की आदत डालनी चाहिए जिससे कचरे का सही निष्पादन किया जा सके। कार्यक्रम में विशेष रूप से महाप्रबंधक जे पी सिंह, महाप्रबंधक प्रीतपाल सिंह, महाप्रबंधक संजय कुमार पांडे, महाप्रबंधक ज्ञानेन्द्र साहू, महाप्रबंधक किशोर बुढा, सहायक महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी रिजवान खान, सहायक महाप्रबंधक सुधीर स्वर्णकार, सहायक महाप्रबंधक अजय नाथ सहित नारायण देशमुख तथा विभाग के अन्य कर्मचारीगण व ठेका श्रमिक उपस्थित थे। सहायक प्रबंधक विजय कुमार, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी सुखचंद एवं रूहेल सिंह ने अपना योगदान दिया।

जिला चिकित्सालय दुर्ग में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस

दुर्ग 11 अक्टूबर 2023/जिला चिकित्सालय दुर्ग में डॉ. अरुण कुमार साहू सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक के नेतृत्व में पीसीपीएनडीटी कार्यक्रम अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में अस्पताल के ओपीडी प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जेंडर आधारित लिंग चयन लड़कियों के खिलाफ एक भेदभावपूर्ण व्यवहार है यह सामाजिक आर्थिक एवम सांस्कृतिक कारकों से उत्पन्न होता है। हाल के वर्षो में अल्ट्रासाउंड तकनीक का प्रयोग लिंग निर्धारण के लिए बहुत आम तरीका हो गया है जिससे परिवार अपने पुत्र प्राप्ति की इच्छा को पूरा कर रहे है। निर्धारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक ( लिंग चयन का निषेध) अधिनियम गर्भधारण के पहले और गर्भधारण के बाद में लिंग जांच को नियंत्रित करता है।इस कानून को सबसे पहले 1994 में लागू किया गया और 2003 में इसे संशोधित किया गया।इस कानून का उद्देश्य अल्ट्रासाउंड जैसी उन तकनीकों के दुरुपयोग को रोकना है जो

## भिलाई बिरादरी ने गजल गायक जगजीत सिंह को पुण्यतिथि पर स्वरांजलि दी




**भिलाई, 12 अक्टूबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा विख्यात गजल गायक स्व. जगजीत सिंह की 12वीं पुण्यतिथि पर 10 अक्टूबर को संध्या 7.30 बजे से महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में स्वरांजली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेष अतिथि के रूप में संयंत्र के कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी तथा मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर उपस्थित थे।

इसके अतिरिक्त सेफी चेयरमेन तथा ओए के अध्यक्ष एन के बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह, महाप्रबंधक सुरज कुमार सोनी, महाप्रबंधक एच शेखर, महाप्रबंधक (जनसंपर्क) प्रशान्त तिवारी, महाप्रबंधक के के यादव तथा सहायक प्रबंधक अभिजीत भौमिक भी उपस्थित थे। आकाशवाणी एवं दूरदर्शन कलाकार प्रभंजय चतुर्वेदी सहित सुश्री अंजली शुक्ला तिवारी ने अपनी आवाज में जगजीत सिंह और चित्रा सिंह द्वारा गाए गए चुनिंदा गजलो के माध्यम से उन्हें अपनी आदरांजलि अर्पित की। संगतकार के रुप में विशेष रूप से मुंबई से समीर कर्मकार वायलिन पर संगत की। साथ ही तबले पर भालचंद्र शेगेकर, रामचंद्र सरपे, बांसुरी पर दुष्यंत हरमुख, की बोर्ड पर दिलीप शर्मा, ओक्टोपेड पर दीपांकर दास, देबब्रत मजुमदार, ढोलक पर भागवत साहू ने संगत दी। संचालन डॉ सोनाली चक्रवर्ती ने किया।

## असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ ग्रामीणों को एकजुट करने में जुटे खौली के युवा

**रायपुर,12 अक्टूबर।** ग्रामीण व्यवस्था चरमराने की वजह से मुट्ठी भर विध्नसतोषी तत्वों द्वारा ग्रामीणों को चुनौती देते हुये सरेआम असामाजिक गतिविधियां चला माहौल खराब करने से आक्रोशित खरोरा थाना क्षेत्र के ग्राम खौली के युवाओं ने ग्रामीणों को एकजुट करने का प्रयास शुरु कर दिया है । घर - घर घूम ग्रामवासियों से आपसी मतभेद भूल ग्रामहित में एकजुट होने के उनके मनुहार को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है जिसके चलते वे आसन्न 13 अक्टूबर को ग्रामवासियों की एक बैठक आहूत कर सामूहिक आशीर्वाद लेने की तैय्यारी में जुटे हैं । इधर खौली में व्याप्त अघोषित भट्ठी के माहौल की वजह से आसपास के ग्रामों का माहौल दूषित होने की शिकायत पर किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा ने थाना प्रभारी के के के कुशवाहा से प्रत्यक्ष मुलाकात न हो पाने की वजह से व्हाट्स ऐप के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित कर ठोस प्रभावी कार्यवाही का आग्रह किया है ।

ज्ञातव्य हो कि कुछ समय पूर्व तक अपने कसे हुये ग्रामीण व्यवस्था के लिये मशहूर ग्राम खौली की व्यवस्था आपसी खींचतान की वजह से चरमरा गया है जिसकी फायदा ग्राम के विध्नसतोषी तत्व असमाजिक गतिविधियों में लिप्त हो उठा रहे हैं । ग्रामीण सूत्रों के अनुसार मुट्ठी भर इन तत्वों ने न केवल ग्राम में अघोषित भट्ठी का? माहौल बना रखा है वरन् एक ने तो शराब के साथ साथ गांजा बेचना भी शुरू कर दिया है । नहर पार व उसके नीचे , अंबेडकर चौक , तालाब के पास , खौली से चंदखुरी फार्म मुख्य सड़क मार्ग पर खौली के पेट्रोल पंप के पास इनका अड्डा रहता है , इसके सिवा ये तत्व मोबाइल संपर्क से भी पियक्कड़ों को शराब उपलब्ध कराते हैं । अवैध शराब बिक्री पर काफी हद तक अंकुश लगा चुके आसपास



के ग्रामों के पियक्कड़ों का भी मजमा यहां लगता है । इसकी वजह से ग्राम का माहौल काफी दूषित रहता है और सभ्य नागरिकों , महिलाओं व नौनिहालों का राह चलना भी दूभर हो चला है । दिनों-दिन ग्राम के बिगड़ते माहौल व बड़े बुजुर्गो की उदासीनता से आक्रोशित ग्राम के युवाओं ने एकजुट हो इसके खिलाफ शंखनाद करने का निर्णय ले ग्राम में घर घर जा बड़े बुजुर्गो से आशीर्वाद लेने के साथ साथ ग्रामहित में बीती बातों को बिसार एकजुट होने का भी आग्रह कर रहे हैं और उनके इस अभियान को व्यापक समर्थन भी मिल रहा है । युवा तेजस्वी चंद्राकर , चंद्र शेखर सेन , पुलकित चंद्राकर , सिद्धार्थ पाटकर , ऋषभ चंद्राकर , विवेक चंद्राकर , नीतीश चंद्राकर , कौशल सेन , ऋषभ यादव , डेमन चंद्राकर , दीपक साहू , टीकम चंद्राकर , कैलाश दीवान , गोलू , भारती , सागर धीवर , सन्नी , दिव्यकांत , लक्की , लुभाष , अंशु , नीरज , हर्ष , गौरव , गजेन्द्र , अर्थव व कृष्णकांत साहू आदि इस संपर्क अभियान मे महती भूमिका निबाह रहे हैं और मिल रहे समर्थन के चलते बैठक बुलाने की तैय्यारी में जुटे हैं । इधर खौली में चल रहे अघोषित भट्ठी की वजह से अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगा चुके आसपास के खरोरा थाना क्षेत्र के? ग्राम बुडेनी , सोनभट्ठा व मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के? ग्राम कठिया , अमेरी , सकरी , टेकारी आदि का माहौल खराब होने की शिकायत पर श्री शर्मा ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप इस पर रोक लगाने पुख्ता व्यवस्था का आग्रह किया है ।

## डेंगू की रोकथाम के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा

**दुर्ग 12 अक्टूबर ।** दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज 10 अक्टूबर 2023 को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के 05 नये प्रकरण मिले। वर्तमान में 9 मरीज भती है एवं कोई भी मरीज की गंभीर स्थिति नहीं है। मरीजों के निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। डेंगू एलिजा पॉजिटिव के नये मरीज 05 में से मालवीय नगर दुर्ग से 01, उतई से 01, भिलाई-3 से 01, वैशाली नगर से 01 एवं स्टेशन मरोदा से 01 के रहवासी है। नगर निगम भिलाई, चरोदा रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फागिंग का कार्य किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा, रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण/शहरीय की टीम द्वारा कुल 131093 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है, जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या-167955 जिनमें से 64044 खाली कराये गये। सभी कटेनरों में 99278 स्थानों में टेमीफास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया, 133833 पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी।

## एक नजर

### विनोद खांडेकर को भाजपा से प्रत्याशी बनाएं जाने से कार्यकर्ता हुए एकजुट

डोंगरगढ़ ,12अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।विगत दिनों भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपने 64 प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की थी,जिसमे डोंगरगढ़ विधानसभा से पूर्व



विधायक विनोद खांडेकर को भी प्रत्याशी बनाया गया, जैसे ही विनोद खांडेकर के नाम की घोषणा पार्टी द्वारा की गई,वैसे ही कार्यकर्ताओं द्वारा जयस्तंभ चौक में एकत्रित होकर विनोद खांडेकर को फूलमाला पहनाकर मिठाई बांटी और आतिशबाजी भी की,तत्पश्चात विनोद खांडेकर ने कार्यकर्ताओं के साथ सर्वप्रथम मां बम्लेश्वरी के दर्शन करके शहर भ्रमण भी किया और जनता से सहयोग भी मांगा। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी ने कहा कि विनोद खांडेकर जी द्वारा जैसे 2003 में उस समय की कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार में 4 बार के विधायक एवम केबिनेट मंत्री धनेश पाटीला को 14477 वोटो के बड़े अंतर से हराया था ठीक उसी प्रकार वो समय लौटकर दोबारा आएगा और वर्तमान भ्रष्ट कांग्रेसी सरकार को भी उखड़ फेकने में विनोद खांडेकर जी कामयाब होगे,प्रदेश में यह बात भी सर्वविदित है की जिस पार्टी का विधायक डोंगरगढ़ में बनता है उसी पार्टी की सरकार भी छत्तीसगढ़ में बनती है इसलिए छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी कि सरकार बनना भी निश्चित है। भाटिया ने कहा कि विनोद खांडेकर जी को भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी बनाएं जाने के कारण भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में भारी जोश एवम उत्साह दिखाई दे रहा है जो कार्यकर्ता अब तक अपने आपको उपेक्षित महसूस कर रहे थे पार्टी के कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी नही दे पा रहे थे उन कार्यकर्ताओं में भी गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है एवम वे सभी एकजुट होकर विनोद खांडेकर जी को पुनः डोंगरगढ़ से विधायक बनाने उत्सुक है।

### रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करना है

रायपुर, 12अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।भारतीय सेना के पूर्वी कमान द्वारा आयोजित प्रौद्योगिकी-शोकेस के एक वार्षिक कार्यक्रम, ईस्ट टेक 2023 (ईटी2023) में एक अधिकृत बाहरी विक्रेता के सहयोग से संशोधित दो विशेष प्रयोजन वाले प्रतिष्ठित हाईलक्स का प्रदर्शन किया। असम सरकार के सहयोग से भारतीय सेना के इस आयोजन का उद्देश्य अपने किस्म के अनूठे स्वदेशी विकास और रक्षा तकनीकी क्षमताओं के उत्पादन को बढ़ावा देना तथा रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करना है। इसके अलावा, यह वर्ष भारतीय सेना के आधुनिकीकरण के लिए तालमेल और अनुसंधान विकास तथा नवाचार के क्षेत्रों में सेना के प्रयासों को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी छलांग भी है। भारतीय सेना समेत अपने विशिष्ट उपभोक्ताओं की विभिन्न गतिशीलता आवश्यकताओं को समझने के लिए व्यापक बाजार सर्वेक्षण आयोजित करने के बाद टीकेएम ने अपने अधिकृत बाहरी विक्रेता के जरिये बहुमुखी हाईलक्स में कुछ संशोधन किए हैं, जो सेना की विभिन्न आवश्यकताओं के अनुरूप हैं। ऐसी दो गाड़ियां प्रदर्शित की गई हैं।

### पत्र दाखिल करने के संबंध में बारीकी से दी गई जानकारी

राजनांदगांव ,12अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह की उपस्थिति में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक सह कार्यशाला कलेक्टोरेट शक्तिकक्ष में आयोजित की गई। बैठक सह कार्यशाला में नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने के संबंध में बारीकी से जानकारी दी गई। बैठक में नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये जाने की प्रक्रिया के संबंध में राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के समस्याओं का समाधान भी किया गया। निर्वाचन लड़ने वाले सामान्य अभ्यर्थियों के लिए जमा की जाने वाली निक्षेप राशि 10 हजार रूपए तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 5 हजार रूपए निर्धारित है। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करते समय अभ्यर्थी के साथ केवल चार व्यक्ति रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री अमित कुमार, संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम श्री अरूण वर्मा, उप संचालक पंचायत श्री देवेन्द्र कौशिक, जिला ई-प्रबंधक श्री सौरभ मिश्रा, राजनीतिक दलों के इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रतिनिधि श्री रूपेश दुबे।

### निधन

#### चंद्रानी मिश्रा

राजनांदगांव के प्रतिष्ठित स्व. पंडित चंद्रभूषण प्रसाद मिश्र की धर्मपत्नी श्रीमती



चंद्रानी मिश्रा का का आज सुबह लगभग 8 बजे निज निवास जूनी हटरी में देव लोक गमन हो गया । वे पंडित उमाकांत मिश्रा, सूर्यकांत मिश्रा , शशिकांत मिश्रा तथा श्रीमती उर्मिला उपाध्याय की मां थीं । 102 वर्षीय श्रीमती मिश्रा ने अपने पीछे नाती - पोतों तथा पडपोती का भरा पूरा परिवार छोड़ा है । उनकी अंतिम यात्रा जूनी हटरी स्थित निवास से शाम 4 बजे लखोली मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी ।

# मुख्यमंत्री के महत्वाकांक्षी परियोजना राम वन गमन पथ के निर्माण कार्य में जमकर भ्रष्टाचार

**गुणवत्ताहीन निर्माण की वज़ह से कुछ दिनों में यह धरोहर खंडहर में हो जाएगा तब्दील**

नगरी सिहावा,12 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में भगवान श्रीराम के वनवास काल से जुड़े स्थलों को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिये प्रारंभ की गई राम वन गमन पर्यटन परिपथ परियोजना के तहत भगवान राम के वनवास काल के दौरान जहां जहां से गुजरे हैं, उस पदयात्रा को चिरस्थाई बना के संजोए रखने के लिए एतिहासिक निर्णय लिया है, और भगवान राम के द्वारा छत्तीसगढ़ में गुजारे पलों को चिरस्मरणीय बनाने के लिए राम वन गमन पथ का नाम देकर इस महत्वाकांक्षी परियोजना में अरबों रुपए खर्च किया जा रहा है, इसी तारतम्य में नगरी के ग्राम देवपुर के पास करोड़ों की लागत से बनाए गए रामवनगम पथ प्रोजेक्ट का उद्घाटन 11 सितंबर को मुख्यमंत्री एवं सिहावा विधायक के हाथों संपन्न हुआ था, मगर उद्घाटन के बाद बच्चे हुए अधूरे कार्य को ठेकेदार ने प्रतिबंधित मटेरियल सामाग्री का इस्तेमाल कर गुणवत्ताहीन निर्माण कराया जा रहा है, चल रहे कार्यों को देखकर लगता है कि इस निर्माण कार्य में प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी ने पूरी तरह से अपनी आंखें बंद कर ली है । गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर शासन प्रशासन ने सरकारी निर्माण कार्यों पर स्पष्ट निर्देश दिया है कि शासकीय भवनों में लाल ईंट का प्रयोग नहीं करना है इसके बावजूद सरकारी निर्माण में लाल ईंट का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है उद्घाटन से पहले इस निर्माण को देख रहे पर्यटन विभाग के अधिकारी यहां पर डटे रहे मगर अब उनको भी शायद लाल ईट का उपयोग होने का पता नहीं होगा,उद्घाटन के बाद से जिम्मेदार अधिकारी भी अपना पल्ला झाड़ लिया है।

शायद ठेकेदार इस बात का फायदा उठा रहे हैं कि कुछ महीने में चुनाव होने है कोई भी इस निर्माण को देखने वाला नहीं है, इसलिए मनमर्जी पूर्वक कार्य किया जाए, आपको बता दें कि मुख्यमंत्री के इस ड्रीम प्रोजेक्ट में अधिकारी और ठेकेदार की मिली भगत से खुलेआम भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है, इसकी उच्च स्तरीय जांच किया जाए तो गुणवत्ताहीन मटेरियल से निर्माण कार्य होने की सच्चाई खुल जाएगी। वहीं क्षेत्र वासियों का कहना है कि करोड़ों की लागत से बनाए जा रहे मुख्यमंत्री के महत्वाकांक्षी परियोजना राम वन गमन पथ के निर्माण में पूरी ईमानदारी बरती जानी चाहिए, क्योंकि राम वन गमन पथ इस क्षेत्र वासियों के लिए एतिहासिक धरोहर के रूप में मिल रही है वहीं गुणवत्ताहीन कम होने से जल्द ही इसकी स्थिति खराब हो जाएगी, अगर निर्माण में भ्रष्टाचार बंद नहीं हुआ तो यह धरोहर खंडहर कुछ दिनों में यह धरोहर खंडहर में तब्दील हो जाएगा, आम जनता ने शासन प्रशासन के प्रति ध्यान आकृष्ट कराते निवेदन किया है कि इस पर जल्द से जल्द कार्रवाई कर लाल ईट से निर्माण को रोका जाए एवं गुणवत्ताहीन काम को बंद कराया जाए और इस मामले की निष्पक्ष जांच कराके फ्लाई ऐश ईंट और लाल ईंट के रेट में जो डिफरेंस है उसे ठेकेदार से वसूली किया जाए

# छुरिया की रॉ टेलेंटेड बालिका खिलाड़ियों का चयन

राजनांदगांव ,12 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़



अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव एवं राधा राव द्वारा आई टी बी पी की 38 बटालियन के सहयोग से राजनांदगांव के नक्सल प्रभावित क्षेत्र जॉब एवं छुरिया की बालिका खिलाड़ियों को केम्प के पश्चात 12 रॉ टेलेंटेड बालिकाओं को चयनित कर उन्हें अपने घर में रखकर ट्रेनिंग प्रदान की। उसके पश्चात कोरोना के कारण उन बालिकाओं को घर भेजना पड़ा। कोरोना की समाप्ति के बाद उन्हें फिर से लाकर बास्केटबॉल का अभ्यास कराना शुरू किया। इस वर्ष इन बालिका खिलाड़ियों को युगांतर पब्लिक स्कूल और दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के हॉस्टल में निःशुल्क रखकर उन्हें ट्रेनिंग प्रदान करने की अथक कोशिश की और आज उनकी कोशिश रंग लाई है। इनमें निशा यादव, गायत्री साहु, सुमन कोरेटी, उत्तरा, दिपाली विश्वकर्मा, हेमा, अनिशा निशाद, अदिति कोडापे एव अंजली कोडापे भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव की आवासीय योजना के लिए चयनित हो गये हैं। इनमें से अदिति कोडापे एवं अंजली कोडापे दोनो बहने है एवं राजनांदगांव के रेवाडिह की निवासी है एवं वे पूर्व में माध्यमिक विद्यालय रेवाडिह में अध्ययनरत थी। वहां से उनका चयन खेल कोटे में गुरुनानक स्कुल में चयनीत हूए इस वर्ष उन्हें खेल कोटे में युगांतर स्कूल ने अपने हॉस्टल में निःशुल्क एडमिशन दिया था। उन्हें बास्केटबॉल के अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव एवं उनकी पत्नी कालवा राधा राव निःशुल्क ट्रेनिंग देते है।

कालवा राजेश्वर राव एवं राधा राव वनांचल एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के रॉ टेलेंटेड बालिकाओं को चयनित कर उन्हें अपने घर पर, युगांतर पब्लिक स्कूल एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में रखकर इन बच्चों को विगत कई वर्षों से उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान कर राष्ट्रीय ओऔर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाते रहे है। इसी कड़ी में इन खिलाड़ियों का नाम भी जुड़ गया है।

श्री राव ने इन चयनीत खिलाड़ियों सहित दो दर्जन से अधिक बालिका खिलाड़ियों को आई टी बी पी की 38 बटालियन के सहयोग से चयनित कर राजनांदगांव बुलाया और इन्हें अपने यहां रखकर उन्हें बास्केटबॉल की बारिकियों से अवगत कराया और उनमें 12 खिलाड़ियों को चयनित कर ट्रेनिंग दी। दुर्भाग्य से कोरोना आ गया तो इन 12 बालिका खिलाड़ियों को उनके घर भेजना पडा। परंतु श्री राव व उनकी पत्नी राधा राव ने घर में भी नहीं बेठने दिया उन्हें जुम के द्वारा आनलाइन ट्रेनिंग प्रदान की इन बच्चों के पास मोबाईल भी नहीं था। उनकी मदद साथी खिलाडी कविता के पिता ने की और उन्हें अपना मोबाइल उपलब्ध कराकर प्रेक्टीस करने में मदद की। पुर्व में इन्हीं के गांव की एक अन्य खिलाडी नेहा मंडावी खेलों इंडिया एकेडमी योजना में चयनीत होकर खेलों इंडिया एकेडमी की सुविधाओं का लाभ ले रही है।

राव दंपति ने वनांचल के रॉ टेलेंटेड खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया एवं इन खिलाड़ियों के जीवन स्तर में बदलाव लाने का प्रयास किया। इनके द्वारा प्रशिक्षित कई बालक बालिका खिलाड़ियों ने सरकारी संस्थाओं में नौकरी भी दिलवाने में भुमिका निभाई है। श्री कालवा राजेश्वर राव द्वारा उनकी पत्नी कालवा राधा राव के साथ मिलकर खेल के द्वारा समाज सेवा का बीड़ा उठाकर कार्य किया जा रहा है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र के इन खिलाड़ियों के साई की आवासीय योजना में चयनीत होने की इस उपलब्धी पर राजनांदगांव के खेल प्रेमियों ने बधाईयाँ दी है।

# कांग्रेसियों ने लिया पार्टी को जिताने का संकल्प

डोंगरगढ़ ,12 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में विधानसभा स्तरीय संकल्प शिविर सम्पन्न हुआ। संकल्प शिविर में विधानसभा के सभी ब्लॉक अध्यक्ष जोन सेक्टर बूथ अध्यक्ष सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार बनते ही जनहितैषी निर्णय लेते हुए किसानों युवाओं महिलाओं के हितों में निर्णय लेते हुए प्रदेश विकास की दिशा में निरन्तर अग्रसर है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिविर में उपस्थित समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं को देश में साम्प्रदायिक जातिवादी ताकतों को हराने और नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल कर छत्तीसगढ़ में पुनः कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प दिलाया। इस दौरान विधानसभा के सभी दावेदारों ने एकजुटता दिखाते हुए एक साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी कांग्रेस लोकसभा आब्जर्वर चंद्रशेखर जि़ला प्रभारी सुजीत बघेल विधानसभा प्रभारी अतुल साहू जि़ला अध्यक्ष भागवत साहू विधायक भुनेश्वर बघेल पूर्व मंत्री धनेश पाटिला नवाज खान डां थानेश्वर पाटिला प्रदीप शर्मा विवेक वासनिक ब्लॉक अध्यक्ष गण संजीव गोमास्ता सुरेश सिन्हा कोमल साहू व रतन यादव सुदेश मेश्राम कमलेश्वर वर्मा चित्रलेखा वर्मा रजभान वर्मा संध्या देशपांडे हिमानी वासनिक लता साहू किरण देउडकर हंसा सिन्हा आरती महोबिया संदीप गहरवार सौरभ वैष्णव तरूण फुले उमेन्द्र वर्मा शोहेल खान अमित राजपूत पुष्पा वर्मा हर्षिता स्वामी हरिश भंडारी रिम्मी भाटिया अनिल मेश्राम शिशुपाल भारती संजय श्रीवास्तव इंदर पाल राजा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मासूमों को मेकाहारा के डॉक्टरों ने दिया नया जीवन

रायपुर. 12 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़




चार वर्ष के मासूम बचपन में दायें पैर के असहनीय दर्द से परेशान बच्ची के पिता सही इलाज के अभाव में इधर-उधर भटकने को मजबूर हो गये थे। तभी बलौदाबाजार जिले के एक डॉक्टर ने बीमारी के संभावित लक्षणों के आधार पर उच्च चिकित्सा संस्थान डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के रेडियोलॉजी विभाग में जांच के लिए भेजा। जहां पर जांच के बाद बच्ची के दायें पैर में ओस्टियोइड ओस्टियोमा नामक हड्डी से संबंधित बीमारी की पुष्टि हुई। रेडियोलॉजी विभाग के इंटवेशनल रेडियोलॉजिस्ट डॉ. (प्रो.) विवेक पात्रे की टीम ने बिना चीर फाड़ के सुई की सहायता से सीटी गाइडेड रेडियोफ्रीक्वेंसी एब्लेशन प्रक्रिया के जरिये चार वर्षीय मासूम के पैर दर्द की समस्या से हमेशा के लिए निज़ात दिलाई। ठीक ऐसे ही मध्यप्रदेश के नैनपुर जिले से आये आठ वर्षीय बालक के बायें पैर के जांघ में स्थित ओस्टियोइड ओस्टियोमा का उपचार इसी विधि से किया। डॉक्टर विवेक पात्रे के अनुसार दोनों मासूम मरीज अब ठीक हैं और अपनी पढ़ाई-लिखाई कर रहे हैं।

डॉक्टर विवेक पात्रे कहते हैं कि ओस्टियोइड ओस्टियोमा का केंद्र नाइडस या निडस है जिसमें बढ़ती ट्यूमर कोशिकाएं, रक्त वाहिकाएं और कोशिकाएं शामिल होती हैं। नाइडस के चारों ओर एक हड्डी का आवरण या खोल (शेल) होता है। ये छोटे ट्यूमर होते हैं जो आमतौर पर मानव शरीर की लम्बी हड्डियों जैसे जांघ की हड्डी (फीमर), टिबिया (पिंडली) में विकसित होते हैं। यह नॉन-कैंसरस यानी बिना कैंसर वाले हड्डी का ट्यूमर है और पूरे शरीर में नहीं फैलता लेकिन ये काफ़ी दर्दनाक होते हैं।

ट्यूमर के केंद्र भाग नाइडस में प्रोस्टाग्लाइडिन नामक केमिकल रिलीज होता है जो कि असहनीय दर्द का कारण बनता है इसको हम सीटी स्कैन की सहायता से देखते हुए उस जगह की हड्डी के बीच में (ट्यूमर के बीच में) सुई डालते हैं। इस सुई को मेडिकल भाषा में बोन बायोप्सी नीडिल कहते हैं। यह नीडिल विशेष प्रकार की होती है जिसमें सुई के अंदर सुई रहती है। उपचार के दौरान नीडिल के अंदर वाली सुई को निकालकर रेडियो फ्रीक्वेंसी एब्लेशन मशीन का नीडिल (प्रोब) डाल देते हैं। मशीन की सहायता से उच्च ऊर्जा युक्त तरंगों की मदद से ट्यूमर को अंदर ही अंदर नष्ट कर देते हैं। इस प्रक्रिया में अधिकतम आधे से एक घंटे समय लगता है। उपचार के बाद मरीज को लम्बे समय तक भर्ती करने की आवश्यकता नहीं होती है। यह उपचार स्पाइनल एनेस्थेसिया की मदद से किया जाता है जिससे की रोगी को तनिक भी दर्द नहीं होता। उपचार के बाद मरीज सामान्य जिंदगी जी सकता है।

## नगर में प्रशासन ने अभियान चलाकर हटाये 304 बेनर -पोस्टर

राजनांदगांव ,12अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा निर्वाचन 2023 चुनाव के लिये जारी कार्यक्रम पश्चात आदर्श आचार सहिता क्रियाशील होते ही कलेक्टर श्री डी.सिंह के निर्देश पर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में संपत्ति विरूपण के तहत प्रभावशील कार्यवाही की



जा रही है और शासकीय एवं निजी संपत्तियों पर लगे बेनर पोस्टर लगातार हटाया जा रहा है अब तक दिन एवं रात्र में लगभग 1 हजार छोटे बड़े बेनर पोस्टर निगम की टीम द्वारा हटाने की कार्यवाही की गयी। संपत्ति विरूपण के कार्यवाही के संबंध में आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि कलेक्टर महोदय के निर्देश पर निगम सीमांतर्गत सम्पत्ति विरूपण के तहत प्रभावशील कार्यवाही की जा रह है। प्रथम दिवस 9 अक्टूबर 2023 से सम्पत्ति विरूपण कार्यवाही टीम द्वारा लगातार अभियान चलाकर आज दिनांक 11 अक्टूबर 2023 तक लगभग 1 हजार छोटे बड़े बोर्ड हटाने के अलावा वॉल पेंटिंग मिटाने की कार्यवाही की गयी। आज आयुक्त श्री गुप्ता सहित टीम के नोडल अधिकारी श्री यू.के.रामटेके सहायक नोडल अधिकारी श्री कामना सिंह यादव की उपस्थिति में सुबह से टीम बेनर पोस्टर हटाने की कार्यवाही की, जिसके तहत 90 वॉल रायटिंग मिटाने के साथ साथ 175 पोस्टर, 40 बेनर हटाने की कार्यवाही की गयी। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि गठित समिति छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत राजनांदगांव विधानसभा क्र. 75 के दौरान राजनीतिक दलो, उम्मीदवारों द्वारा अपनी पार्टी स्वयं के प्रचार प्रसार हेतु शासकीय, निजी, सार्वजनिक भवनों के दीवालों पर नारे (स्लोगन) प्रतीक चुनाव चिन्ह लिखकर किये गये सम्पत्ति विरूपण के निरीक्षण एवं विरूपण को हटाने मिटाने से संबंधित कार्यो का निस्पादन करने तथा प्रतिदिन की गयी कार्यवाही की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रेषित कर रहे है।

## असमाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही

राजनांदगांव,12अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव श्रीमान अभिषेक मीना के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा आगामी आसन्न विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान निष्पक्ष एवं




शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के मददेनजर रखते हुए असमाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है कि आज दिनांक 11.10..2023 को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में असमाजिक तत्वों द्वारा हुडदंग करने की शिकायत मिलने पर 1. भुपेश साहु पिता टकेश्वर साहु उम्र 19 साल साकिन यश टेक्नीकल ममता नगर थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव 2. रूपराम पिता बिसनाथ साहु उम्र 30 साल साकिन महावीर पारा डोंगरगढ थाना डोंगरगढ जिला राजनांदगांव 3. करण यादव पिता शंकर यादव उम्र 30 साल साकिन महावीर पारा डोंगरगढ थाना डोंगरगढ जिला राजनांदगांव 4. गुमान कुमार पिता विरेन्द्र यादव उम्र 26 साल साकिन बोईरडीह ओपी चिखली थाना कोतवाली जिला राजनांदगॉव 5. संजय सिन्हा पिता बरन सिन्हा उम्र 37 साल साकिन जोरातराई ओपी चिखली थाना कोतवाली जिला राजनांदगॉव 6. गौरव यादव पिता शंकर यादव उम्र 27 साल साकिन नीचे मंदिर के पास डोंगरगढ थाना डोंगरगढ जिला राजनांदगांव।

## अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी

राजनांदगांव,12अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री अभिषेक मीना के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत लगातार संदिग्ध वाहनों एवं असामाजिक तत्वों तथा अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा, नशीली पदार्थ एवं शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 11.10..2023 को मुखबीर की सूचना पर घटना स्थल पुराना बस



स्टैण्ड राजनांदगांव आम स्थान में घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर आरोपी मन्नू आहुजा पिता गौतम आहुजा उम्र 38 वर्ष साकिन चैखड़िया पारा वार्ड न 41 राजनांदगांव थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव (छ0ग0) के कब्जे से अवैध रूप से रखे 32 पौवा देशी प्लेन शराब मात्रा 5.760 बल्क लीटर कीमती 2560 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

## रायपुर शहर मुक्कड़ एवं पॉलीथिन मुक्त हो : डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर

रायपुर ,12अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)। ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा शहर को प्रदूषण रहित स्वच्छ रखने के उद्देश्य से वृंदावन हॉल सिविल लाइन रायपुर में एक वृहद विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें ब्राउन विंग चेयरमैन डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा की शहर में जगह-जगह मुक्कड़ के माध्यम से डस्टबिन समझ कर लोग कहीं पर भी कचरा फेंक दे रहे हैं हमारा रायपुर मुक्कड़ मुक्त एवं सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त हो ताकि प्रदूषण से हम सब दूर रहें व कई तरह की बीमारियों से बच सके। इस अवसर पर ग्रीन आर्मी के संस्थापक अमिताभ दुबे ने कहा हमें समाज के लोगों को जागरूक करना होगा शासन प्रशासन को जागरूक करना होगा एवं व्यक्तिगत जागरुकता जरूरी है, चेयरमैन मोहन वर्ल्यानी ने ग्रीन आर्मी के द्वारा चार विंग




बनाकर जल संरक्षण वृक्षारोपण प्लास्टिक से मुक्ति प्रदूषण मुक्त शहर पर जोर दिया, व्हाइट विंग चेयरमैन गुरदीप टुटेजा ने सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गौ माता और मनुष्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है, स्वच्छ रायपुर के लिए अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्य चौरे जी ने किया। इस अवसर पर ग्रीन आर्मी के मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु जी एवं श्रीमती गोपाल शर्मा का स्वागत शॉल और श्री फल से किया गया।विचार संगोष्ठी में शहर के 15 प्रबुद्ध लोगों ने अपने विचार रखें और इस समस्या से निजात पाने के लिए स्थाई समाधान बताएं सभी वक्ताओं ने इस विषय पर अपने-अपने विचार दिए।

**संपादकीय**

## इजराइल पर हमला नहीं करना था

हमास को इजराइल से पंगा नहीं लेना था, हमास ने इजराइल से पंगा लेकर गलती कर दी,अब इजराइल जो कुछ कर रहा है तथा आगे करेगा, वह हमास के लिए तो बुरा होगा ही, फिलिस्तीन के लिए तो और भी बुरा होगा। ऐसा नहीं है कि हमास को पता नहीं है कि इजराइल से पंगा लेने का मतलब क्या होता है, ऐसा नहीं है कि फिलिस्तीन न के लोगों को पता नहीं है कि हमास इजराइल पर हमला करेगा तो बदले में इजराइल फिलिस्तीनव गाजा पट्टी में क्या करेगा। सबको पता है कि इजराइल पर हमला मतलब बहुत ही बुरा भुगतना पड़ेगा। फिलिस्तीन को पता है,हमास को पता है कि इजराइल पर हमला करने पर इजराइल क्या कर सकता है। अब इजराइल वही कर रहा है। रोज एयर स्ट्राइक कर हमास के ठिकाने नष्ट कर रहा है। हमास के ठिकाने कोई आम नागरिकों की रहने से अलग जगह तो नहीं है, उसने तो अस्पताल व स्कूल के नीचे अपने ठिकाने बना रखें है, इजराइल उन ठिकानों पर हमला करता है तो फिलिस्तीन कहता है कि इजराइल रिहायशी इलाकों में बमबारी कर रहा है। इजराइल तो वहीं बम गिराएगा जहां हमास के आंतकियों का ठिकाना होगा। हमास ने फिलिस्तीन शहर के नीचे सुरंगों का जाल बिछा रखा है, जब इजराइल एयर स्ट्राइक करता है तो हमास के आतंकी उन सुरंगों में छिप जाते हैं तथा आम फिलिस्तीन लोग एयर स्ट्राइक के शिकार होते हैं। इस बार तो इजराइल ने हमास के खत्म करने की ठान रखी है। इसके लिए उसने गाजा पट्टी की सीमा पर लाखों सैनिक भेज दिए हैं, गाजा पट्टी की पूरी घेराबंद कर बिजली,पानी,राशन की सप्लाई बंद कर दी है। इससे गाजा पट्टी के लाखों लोग अब कहीं भाग भी नहीं सकते। उन्हें आने वाले दिनों में बिना पानी, बिजली,राशन के रहना होगा। स्वाभाविक है कि फलिस्तीन लोगों के साथ हमास भी ज्यादा दिन रह नहीं सकेगा। तब इजराइल गाजापट्टी में घुसकर हमास का सफाया शुरू करेगा। इजराइल अभी अपना शिकंजा कसता जा रहा है। हमास के आतंकी रोज मारे जा रहे हैं। फलस्तीन लोग भी रोज मारे जा रहे हैं। हमास भी हमला कर रहा है इजराइल पर,लेबनान के आतंकी समूह हिजबुल्ला ने अलग से मोर्चा खोल रखा है। इजराइल उनको सीमा पर ही रोकने पर सफल रहे है। इजराइल हमास व फिलिस्तीन पर भारी पड़ रहा है तथा आने वाले दिनों में और भारी पड़ेगा। वह हमास का सफाया करने बिना इस बार मानने वाला नहीं है। उसके साथ बहुत से देश खड़े हैं। इन सभी देशों का मानना है कि हमास ने इजराइल पर आतंकी हमला कर माफ न करने वाली गलती की है। हमास को इस गलती की सजा मिलनी चाहिए। हमास फिलिस्तीन देश का आतंकी समूह है, उनके बीच रहता है, हमास व फलस्तीन लोगों को मालूम है कि हमास जो भी गलती करेगा,उसकी सजा फलस्तीन देश व लोगों को भुगतनी पड़ेगी,इसके बाद भी यदि हमास ने गलती की है तो उसने जानते हुए गलती की है कि इजराइल आगे क्या करेगा। अब तो इजराइल जो कुछ भी करेगा, उसे हमास व फिलिस्तीन के लोगों को भुगतना पड़ेगा। उन्हें कोई नहीं बचा सकता। अरब देशों का समूह अब फलस्तीन के लोगों की मदद के लिए सक्रिय हो रहा है। उसकी कोशिश होगी कि किसी तरह इजराइल को हमले करने से रोका जाए। इजराइल को अमरीकी रोक सकता है लेकिन उसने इजराइल के पीछ खड़े होकर छूट दे दी है कि तुमको जो सही लगता है करो। भारत तो आतंकवादी हमला कहीं भी उसे गलत ही कहता है। आतंकवादी कोई भी करे, उसे तो वही सही कह सकते हैं जिनका लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कोई यकीन न हो। हमास ने इस बार माफ न करने वाली गलती की है। उसको इस बात की सजा भुगतनी ही होगी। उसका साथ फलस्तीन के लोग देते हैं तो उन्हें भी हमास की गलती की सजा साथ साथ भुगतनी होगी।

## आज का राशिफल

**मेष राशिः** आज राजनितिक कार्यो में आपको सफलता हासिल होगी। आज बच्चों की सफलता पर आपका मन खुश हो जायेगा। करियर में गंभीरता से विचार करने का समय है। नौकरी में किसी भी तरह के बदलाव के लिए पूरे मन से तैयार रहें। आज किसी पुराने रिश्तेदार से मिलकर दिल खुश हो जायेगा। आज आपको मानसिक शांति महसूस होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार आयेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा बना रहेगा।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। आज आपका सोशल नेटवर्क बढ़ेगा। आज आपके परिवार में चहल-पहल रहेगी। काम के सिलसिले से यात्रा करनी पड़ सकती है। आज आप के साधनों में बढ़ोतरी होगी। सामाजिक क्षेत्र में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी। ऑफिस में आज अपने काम को सही दिशा देंगे। आज आप परिवार के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। इस राशि के विद्यार्थियों को मेहनत के अच्छे परिणाम मिलेंगे। सामाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज घर के बड़ों से प्यार और आशीर्वाद मिलेगा। संपत्ति में निवेश का योग बन रहा है। ऑफिशियल मामलों में अपने काम पर फोकस बनाये रखें। लवमेट आज आपकी भावनाओं का सम्मान करेंगे। आज किसी भी तरह की बयानबाजी से दूर रहें, तो ही अच्छा है। आर्थिक स्थिति पहले से और बेहतर होगी। बिजनेस में प्रोग्रेस होगा, साथ ही इनकम में भी बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। आज अपने जीवनशैली में बदलाव करेंगे, परिवार के लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज कुछ महत्वपूर्ण लोगों से आपकी मुलाकात होगी। आपकी कार्यक्षमता में बढ़ोतरी होगी, जिससे अपने कार्यों को समय से पहले पूरा कर लेंगे। साझेदारी का कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है,सोच समझकर ही निर्णय लें। इस राशि के जो लोग पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें अपने काम के लिये तारीफ मिलेगी। आपको किसी समस्या का सुलझाने का तुरंत रास्ता मिल जायेगा। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आपको जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, उसे आप पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ेगा, इससे आपको प्रसन्नता होगी। आज प्रमोशन और ट्रांसफर का योग बन रहा है। अपने बड़ों की बात आज ध्यानपूर्वक सुनें, जो आगे चलकर आपके लिए कारगर साबित होगी। व्यापारियों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। काम के प्रति आलस्य और लापरवाही से बचें। आज घर में किसी धार्मिक आयोजन का अनुष्ठान करेंगे।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन आपके लिए बहुत ही खास है। अपने ऑफिस में बॉस की बातों को ठीक से समझने की कोशिश करेंगे। विदेश जाने का प्रबल योग बन रहा है, वीजा अप्लाई करने के लिए समय अनुकूल है। बिजनेस में कोई फायदेमंद एग्रीमेंट होगा। आपको अपने दिल और दिमाग पर काबू रखना होगा। समस्याओं से घबराने के बजाय उनको सुलझाने की कोशिश करें। जो चीजें महत्वपूर्ण हैं उनको खुद ही संभालें और जरूरत हो तो किसी अनुभवी की सलाह भी लें।

**तुला राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज कोई नया काम करने से पहले पिता से सलाह मशविरा जरूर लें, विशेष फायदा होगा। अविवाहित जातकों को शादी के अच्छे प्रस्ताव मिलेंगे। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। पुराने दोस्त से आज आपकी अचानक मुलाकात होगी। आज लोग आपकी बातों से बहुत प्रभावित होंगे, उन पर आपका पॉजिटिव असर पड़ेगा। व्यापार को बढ़ाने के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आपके काम में वृद्धि होगी और आय के स्रोत बढ़ेंगे। ऑफिस में भी आपके काम की तारीफ होगी। कोई नया काम शुरू करने के पहले उसकी बारीकी को ठीक से जान लें और समझ लें। आज बेवजह के खर्च को नियंत्रण करने की कोशिश करेंगे। परिवार में किसी सदस्य को कोई बड़ी सफलता प्राप्त होगी। इस राशि के जिन लोगों का स्टेशनरी का बिजनेस है, उनकी बिक्री में बढ़ोत्तरी होगी।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिये अच्छा है। आज आपकी राशि में लाभ का योग है। अपने जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जायेंगे। आज आपके बिजनेस में प्रगति होगी। मेडिकल के स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा है। विदेश से बिजनेस करने वालों के लिए सम्भावित शुभ सूचना मिल सकती है। दोस्तों से अपनेपन का अहसास होगा। अधिकारी वर्ग आपकी मदद करेगा। आज आप नया वाहन खरीदेंगे, जिससे परिवार में खुशी का माहौल बनेगा।

**मकर राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। स्पोर्ट से जुड़े लोगों को आज सफलता मिलने के योग बने हुये है। पारिवारिक जीवन में खुशियाँ बरकरार रहेंगी। आज जिस काम की शुरुआत करेंगे, उसे पूरा करने में सफल होंगे। जीवनसाथी आज आपसे किसी उपहार की डिमांड कर सकते है। आज आप पिछली बातों को भूलकर एक नई शुरुआत करेंगे। आज आपकी मीठी बोली सबका दिल जीत लेगी। निवेश के मामलें में आपको घर के बड़ो से कोई अच्छी सलाह मिलेगी।

**कुंभ राशिः** आज का समय आपके लिए बहुत फेवरेबल है। अगर आप नये बिजनेस में इन्वेस्ट करना चाहते हैं, तो समय अच्छा है। आपके सितारे बुलंदी पर है, बस आप विनम्र रहें और धैर्य बनाये रखें। आज आपका तजुर्बा आपके काम आयेगा। जो लोग नौकरी की तलाश में है उनको कुछ अच्छे अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। आज घर के जरूरी कामों पर भी ध्यान दें। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मीन राशिः** आज आपका झुकाव अध्यात्म की तरफ रहेगा। आपके आसपास पॉजिटिव बदलाव आपकी जिंदगी को बेहतर बनाएगा। सामाजिक क्षेत्र में आपका दायरा बढ़ेगा। आज कुछ ऐसा होगा जिससे आपके परिवार वाले आप पर गर्व करेंगे। आज ऑफिस में अपने सीक्रेट्स किसी से भूलकर भी शेयर न करें। धन संबंधी चली आ रही परेशानियां आज कुछ कम होंगी। काम की जगह बदलने से आपको ऊर्जा में बदलाव आएगा।

# शादी-ब्याह: बढ़ता दिखावा-घटता अपनापन

**गंभीर समस्या**

**डॉ सत्यवान सौरभ**



हम बात करेंगे शादी समारोहो में होने वाली भारी-भरकम व्यवस्थाओं और उसमें खर्च होने वाले अथाह धन राशि के दुरुपयोग की। सामाजिक भवन अब उपयोग में नहीं लाए जाते हैं, शादी समारोह हेतु यह सब बेकार हो चुके हैं कुछ समय पहले तक शहर के अंदर मैरिज हॉल में शादियां होने की परंपरा चली परंतु वह दौर भी अब समाप्ति की ओर है! अब शहर से दूर महंगे रिसोर्ट में शादियां होने लगी है। शादियों के आयोजन के लिए बड़े नामी-गिरामी सैवन स्टार होटल बुक करने की भी परिपाटी बनती जा रही है। इन होटलों में लाखों रुपए खर्च कर शादी का सैट खड़ा किया जाने लगा है। शादी के 2 दिन पूर्व से ही ये रिसोर्ट बुक करा लिया जाते हैं और शादी वाला परिवार वहां शिफ्ट हो जाता ह। आगंतुक और मेहमान सीधे वही आते हैं और वहीं से विदा हो जाते हैं। इतनी दूर होने वाले समारोह में जिनके पास अपने चार पहिया वाहन होते हैं वहीं पहुंच पाते हैं और सच मानिए समारोह के मेजबान की दिली इच्छा भी यही होती है कि सिर्फ कार वाले मेहमान ही रिसेप्शन हॉल में आये। और वह निमंत्रण भी उसी श्रेणी के अनुसार देता है दो तीन तरह की श्रेणियां आजकल रखी जाने लगी है। ऐसी शादियों को देखकर मध्यम व निम्न वर्ग भी शादियों में पैसे को पानी की तरह बहाने से जरा भी नहीं हिचकिचा रहे। यहां तक कि लोग शादी में अपना स्तर, रुतबा और झूठी शानो-शौकत का प्रदर्शन करने के लिए कर्ज लेकर भी महंगी शादियां आयोजित कर रहे हैं। एक मजेदार चीज और है। जो शादी ड्रीम वैडिंग कही जाती थी, उसे टूटने में दो पल नहीं लगते। कल तक जहां तलाक इक्का-दुक्का सुनाई देते थे, वे आज सैंकड़ों गुना बढ़ गए हैं। किसको सिर्फ लेडीज संगीत में बुलाना है !किसको सिर्फ रिसेप्शन में बुलाना है। किसको कॉकटेल पार्टी में बुलाना है। और किस वीआईपी परिवार को इन सभी कार्यक्रमों में बुलाना है। इस आमंत्रण में अपनापन की भावना खत्म हो चुकी है। सिर्फ मतलब के व्यक्तियों को या परिवारों को आमंत्रित किया जाता है। भौतिकता की पराकाष्ठा के समय में जिसमें प्रत्येक कार्य व रिश्तों को धन की बुनियाद पर खड़ा किया जाने लगा है और वो सम्पूर्ण मानव जाति के लिये घातक कदम साबित हो रहा हैं सम्प्रति विवाहों में धन का प्रदर्शन किन-किन तरीकों से होने लगा है सब कल्पनातीत है, आज इंसान को अपने धन की बाहुलता को सिद्ध करने का अवसर विवाह ही नजर आता है और वो ऐसा मान बैठा की विवाह से अच्छा कोई अवसर नहीं है जहाँ धनखर्च किया जाए ? जबकि विवाह एक संस्कार है जिसमें मानवीय व सामाजिक मूल्यों की मर्यादा का पालन करते हुए सम्पन्न करना आपेक्षित होता है। इसलिए विवाह को सोलह संस्कारों में स्थान मिला है। इस संस्कार में रिश्तेदारों का मिलना जुलना शुभ माना जाता है मगर आजकल की शादियों में प्रत्येक परिवार अलग-अलग कमरे में ठहरते हैं जिसके कारण दूरदराज से आए बरसों बाद रिश्तेदारों से मिलने की उत्सुकता कहीं खत्म सी हो गई है। क्योंकि सब अमीर हो गए हैं पैसे वाले हो गए है। मेल मिलाप और आपसी स्नेह खत्म हो चुका है। रस्म अदायगी पर मोबाइलों से बुलाये जाने पर कमरों से बाहर निकलते हैं। सब अपने को एक दूसरे से रईस समझते है। और यही अमीरीयत का दंभ उनके व्यवहार से भी झलकता है। कहने को तो रिश्तेदार की शादी में आए हुए होते हैं परंतु अहंकार उनको यहां भी नहीं छोड़ता। वे अपना अधिकांश समय करीबियों से मिलने के बजाय अपने अपने कमरो में ही गुजार देते हैं। आज सब कुछ विपरीत हो रहा है ना तो परवाह है रीति रिवाजों की ना सामाजिक मूल्यों की बस यदि है तो मीनू के कितने प्रकार के व्यंजन है, पेय पदार्थ कितने हैं, बाहरी साज सज्जा कैसी है यदि इसमें कोई कमी रह जाती है तो सगे सम्बन्धी, मित्रगण अपनी प्रतिकूल टिप्पणी करने में देरी नहीं करते जबकि विवाह सामाजिक समरसता को उर्वर बनाने का माध्यम है।

और इन सबकी आलोचना से बचने के लिए इंसान जिसके पास धन की कमी है वो किसी वित्तीय संस्था या साहुकार से कर्ज लेकर उनकी आलोचना से बचने का प्रयास करता है। इस झूठी संस्कृति ने निम्न वर्ग को उच्च वर्ग की नकल करने के लिए, अपना शोषण करवाने को मजबूर कर दिया अब विवाहों में नैसर्गिक खुशियों का स्थान कृत्रिम साधनों के द्वारा अर्जित खुशियों ने ले लिया है। जिसमें मानसिक संतुष्टी के स्थान पर मानसिक अवसाद पनपने लगता है। हमारी संस्कृति को दूषित करने का बीड़ा ऐसे ही अति संपन्न वर्ग ने अपने कंधों पर उठाए रखा है। शादीसमारोह में रस्म से ज्यादा दिखावा हो रहा है। पूजा-पाठ, मंत्रोच्चारण और सात फेरे से ज्यादा लोग नृत्य-गीत में लोग मशगूल हो रहते हैं। इससे किसी को क्या दिक्कत हो रही है, इसे कोई नहीं सोचता। अब थीम शादी का प्रचलन बढ़ा है। इससे समाज में गलत और आडंबर शुरू हो रहा है। विवाह समारोह के मुख्य स्वागत द्वार पर नव दंपत्ति के विवाह पूर्व आलिंगन वाली तस्वीरें, हमारी विकृत हो चुकी संस्कृति पर सीधा तमाचा मारते हुए दिखती हैं। अंदर एंट्री गेट पर आदम कद स्क्रीन पर नव दंपति के विवाह पूर्व आउटडोर शूटिंग के दौरान फिल्माए गए फिल्मी तर्ज पर गीत संगीत और नृत्य चल रहे होते हैं। आशीर्वाद समारोह तो कहीं से भी नहीं लगते हैं पूरा परिवार प्रसन्न होता है अपने बच्चों के इन करतूतों पर। पास में लगा मंच जहां नव दंपत्ति लाइव गल - बहियाँ करते हुए मदमस्त दोस्तों और मित्रों के साथ अपने परिवार से मिले संस्कारों का प्रदर्शन करते हुए दिखते हैं। बन्धुओं मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है । हम एक दूसरे के जीवन के सेतू बने यही मानवीय धर्म है। यदि हमारे पास धन की प्रचुरता है तो अपना प्रारब्ध समझे और साथ में इसके अविवेकपूर्ण अपव्यय पर लगाम लगाएं, और इसे साधर्मी बन्धुओं के उत्थान के कार्यों में जो आज आर्थिक विपन्नता के शिकार हैं उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़े उनका सहारा बनने का प्रयास करें। आपका पैसा है,आपने कमाया है,आपके घर खुशी का अवसर है खुशियां मनाएं,पर किसी दूसरे की देखा देखी नही। कर्ज लेकर अपने और परिवार के मान सम्मान को खत्म मत करिएगा। जितनी आप में क्षमता है उसी के अनुसार खर्चा करियेगा। 4 - 5 घंटे के रिसेप्शन में लोगों की जीवन भर की पूंजी लग जाती है। और आप कितना ही बेहतर करें लोग जब तक रिसेप्शन हॉल में है तब तक आप की तारीफ करेंगे। और लिफाफा दे कर आपके द्वारा की गई आव भगत की कीमत अदा करके निकल जाएंगे। अपने परिवार की हैसियत से ज्यादा खर्चा करने के लिए अपने परिजनों को मजबूर न करें। दिखावे की इस सामाजिक बीमारी को अभिजात्य वर्ग तक ही सीमित रहने दीजिए। विवाह की नहीं आप वास्तव में दिखावे की तैयारी कर रहे हो। अगर लोन या कर्जाले लेकर दिखावा कर रहे हो। हमारे ऋषियों ने कहा है कि जो जरूरी काम है वह करो। ठीक है समय के साथ रीति रिवाज बदल गए हैं। मगर दिखावे से बचना चाहिए।

> **भौतिकता की पराकाष्ठा के समय में जिसमें प्रत्येक कार्य व रिश्तों को धन की बुनियाद पर खड़ा किया जाने लगा है और वो सम्पूर्ण मानव जाति के लिये घातक कदम साबित हो रहा हैं सम्प्रति विवाहों में धन का प्रदर्शन किन-किन तरीकों से होने लगा है सब कल्पनातीत है, आज इंसान को अपने धन की बाहुलता को सिद्ध करने का अवसर विवाह ही नजर आता है और वो ऐसा मान बैठा की विवाह से अच्छा कोई अवसर नहीं है जहाँ धनखर्च किया जाए ? जबकि विवाह एक संस्कार है जिसमें मानवीय व सामाजिक मूल्यों की मर्यादा का पालन करते हुए सम्पन्न करना आपेक्षित होता है। इसलिए विवाह को सोलह संस्कारों में स्थान मिला है। आज अगर कुछ युवा समाज को राह दिखा रहे हैं तो इसकी सराहना करनी चाहिए। लेकिन चाहे कोई कितना विरोध करे, वह तब तक सार्थक नहीं हो सकता जब तक समाज के बहुसंख्यक लोगों की सहमति न हो। आज के इस दिखावे के युग में यह कब होगा, समय बताएगा।**

# इजरायल और हमास के युद्ध से मानवता पर बढ़ता खतरा

**विदेश**

**ललित गर्ग**



रूस और यूक्रेन के बाद अब इजरायल और हमास के बीच धमासान युद्ध के काले बादल विश्व युद्ध की संभावनाओं को बल देते हुए लाखों लोगों के रोने-सिसकने एवं बर्बाद होने का सबब बन रहे हैं। युद्ध की बढ़ती मानसिकता विकसित मानव समाज पर कलंक का टीका है। हमास ने नासमझी दिखाते हुए आतंकी हमला करके सोये शेर को जगा दिया है। आतंकी हमले का पहला राउंड इस मायने में पूरा हुआ माना जा सकता है कि उसे अंजाम देने वाले संगठन हमास ने कहा है कि उसका जो मकसद था वह पूरा हो चुका है और अब वह युद्धविराम पर बातचीत के लिए तैयार है। लेकिन प्रश्न है इजरायल इस हमले पर कैसे शांत रहेगा? उसके यहां हुए महाविनाश एवं व्यापक जनहानि के बाद उसके लिये कथित युद्धविराम प्रस्ताव का कोई अर्थ नहीं है? इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कड़े शब्दों में कहा कि युद्ध शुरू तो हमास ने किया है, लेकिन खत्म हम करेंगे। दुश्मनों ने अंदाजा भी नहीं लगाया होगा कि उन्हें इसकी कितनी कीमत चुकानी पड़ेगी।'' आज दुनिया से आतंकवाद को खत्म करना प्रमुख प्राथमिकता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में इजरायल के साथ है। भारत युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला चाहता है, लेकिन कोई जबरन हिंसा एवं आतंक को पनपाता है तो उसे नियंत्रित करने के लिये उचित कदम उठाने की होंगे।

हमास के सरगना मोहम्मद डेफ ने इस हमले को महान क्रांति का दिन बताते हुए कहा कि 'हमने इसरायल के विरुद्ध नया सैन्य मिशन शुरू किया है। बस अब बहुत हो गया। अब हम और बर्दाश्त नहीं करेंगे।' इस पर गुस्साए इजरायल ने भी आधिकारिक तौर पर 'हमास' के विरुद्ध युद्ध का ऐलान करके इसे 'आप्रेशन आयरन स्वोर्ड्स' नाम दिया है तथा गाजापट्टी के इलाके में 17 ठिकानों पर इजरायल वायु सेना के लड़ाकू जैट विमानों द्वारा ताबड़तोड़ हमले किए जा रहे हैं। जहां तक इजरायल की जवाबी कार्रवाई का सवाल है तो इतना तो तय है कि बात यहीं नहीं रुकेगी, जंग का दूसरा राउंड शायद पहले से ज्यादा भीषण एवं महाविनाशक होगा, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि नेतन्याहू सरकार इसे किस तरह से अंजाम देगी। फिलहाल इतना ही कहा जा सकता है कि गाजापट्टी उसके हमलों का निशाना बनेगी। गाजापट्टी में हमास का प्रभाव जरूर है, लेकिन वहां 23 लाख लोग रह रहे हैं जिनका एक बड़ा हिस्सा हमास की गतिविधियों और योजनाओं से अनजान होगा। ऐसे बेकसूर लोग जितनी बड़ी संख्या में इजरायली कार्रवाई के शिकार होंगे, मानवाधिकार का सवाल उतने बड़े रूप में उभरेगा और फलस्तीनियों के लिए तथाकथित सहानुभूति भी जुट सकती है।

विश्व शांति, अमन एवं अहिंसक समाज रचना दुनिया की जरूरत है, लेकिन हमास जैसी आतंकी सोच इसकी सबसे बड़ी बाधा है, इसलिये हमास की जितनी निंदा की जाए कम है। जिस संगठन को बंदूक छोड़कर गाजा पट्टी के विकास में लगना चाहिए, वह संगठन धर्म-अधर्म के रास्ते ताकत सिर्फ इसलिए जुटाता है, ताकि इजरायल के शरीर पर पहले से कहीं गहरा छुरा धंसा सके, मर्माहत आघात कर सके? मोसाद बनाम हमास की लड़ाई मानो एक व्यवसाय बन गई है, विकृत एवं हिंसक मानसिकता का स्थायी घर बन चुकी है। दोनों देशों की सत्ताएं आखिर शांति एवं अमन का सबक क्यों नहीं लेती? स्वयं अपने देश में स्थायी शांति के प्रति गंभीर क्यों नहीं होती है? आज उन्हें स्थायी शांति के उपायों पर जोर देना चाहिए, दुनिया को ऐसे देशों की जरूरत है, जो आतंकमुक्ति को सही दिशा में प्रेरित करें, ताकि पश्चिम एशिया के खूनी दलदल को हमेशा के लिए पाटा जा सके।

अभी लेबनान की तरफ से हिजबुल्ला के कुछ हमले हुए हैं लेकिन लेबनान सरकार उस इलाके में शांति और स्थिरता बने रहने की इच्छा जताने तक सीमित है। ईरान और सऊदी अरब ने भी फलस्तीनियों के हक में शांति कायम करने की कोशिश की बात कही है। अगर बात बढ़ी और प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से हमास के लिए समर्थन बढ़ा तो हालात बदतर ही होंगे। दुनिया को लगातार युद्ध, आतंक, अशांति, हिंसा की ओर धकेलने वालों से सवाल पूछना ही होगा कि युद्ध एवं आतंक से हासिल क्या होगा? सबसे पहले धर्मगुरुओं से और उसके बाद राजनीतिक आकाओं से यह समझना होगा कि ऐसी युद्ध एवं आतंक की मानसिकता से किसका भला हो रहा है? निर्दोषों की हत्याएं भला कैसे जायज हैं? अगर ऐसी हत्याएं जायज हैं, तो फिर मजहबों के मानवीय एवं शांतिप्रिय होने का बखान बंद होना चाहिए। बुरा आदमी और बुरा हो जाता है जब वह साधु बनने का स्वांग रचता है।



दुनिया में छोटी-छोटी बातों पर लोगों के दिल आहत हो जाते हैं, पर हजारों निर्दोष एवं मासूक बच्चों एवं महिलाओं की मौत से कौन आहत हुआ है? कहां है मानवता? कहां है विश्वशांति का स्वप्न? निश्चित ही हिंसा की धरती पर शांति की पौध नहीं उगायी जा सकती। लगभग सत्तर साल से फलस्तीन के नाम पर जो खून-खराबा हो रहा है, इसके लिए कौन जिम्मेदार है? क्या इन इलाकों में दुश्मनियों को इंसानी रगों में पाला जाता है, ताकि मौका आने पर खून बहाया जा सके? क्या ऐसे इलाकों में युवा जवान ही इसलिए होते हैं कि इंसानियत को शर्मसार कर सकें? कोई ऐसे दाग-धब्बों के साथ अपने देश का इतिहास लिखता है क्या? बड़ा प्रश्न है कि इस व्यापक हिंसा एवं आतंक को रोकने वाला कौन होगा? कोई आतंकी हमास के साथ दिख रहा है, तो कोई इजरायल के लिए लुट-मिट जाने को बेताब है? बात हर तरफ विनाश की है। युद्ध एवं आतंक करने वाले और उनको प्रोत्साहन देने किसी को भी आज तक ऐसा कोई महत्वपूर्ण प्रोत्साहन नहीं मिला, जो उसे गौरवान्वित कर सका हो। जब तक आतंक एवं युद्ध की मानसिकता वाले राष्ट्रों के अहंकार का विसर्जन नहीं होता तब तक युद्ध की संभावनाएं मैदानों में, समुद्रों में, आकाश में भले ही बन्द हो जाये, दिमागों में बन्द नहीं होती। इसलिये आवश्यकता इस बात की भी है कि कि जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे, आतंक एवं हिंसक मानसिकता पर लगे। मंगल कामना है कि अब मनुष्य यंत्र के बल पर नहीं, भावना, विकास और प्रेम के बल पर जीए और जीते।

इस हिंसक, आतंकी एवं युद्ध के दौर का दुखद पहलू है कि पुतिन का नया रूस भी यूक्रेन को निशाना बनाते हुए बच्चों एवं महिलाओं को नहीं बख्शता है। जहां अपने और पड़ोसी के कल्याण की चिंता होनी चाहिए थी, वहां केवल बदले की भावना हावी है। बर्बरता, क्रूरता, उन्माद एवं जघन्यता बढ़ती जा रही है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उग्रवादी समूह को मलबे में फेंक देने की कसम खाई है। निर्ममता एवं बर्बरता की पराकाष्ठा कर रहे आतंकियों की जगह मलबे में ही है, पर उन मासूम बच्चों, औरतों और आदमियों का क्या दोष, जो कहीं से भी आतंकी नहीं हैं, मगर निशाना बन रहे हैं? क्या मानव सभ्यता में आंतकवाद के खिलाफ कोई भी लड़ाई दोषी और निर्दोष के बीच भेद किये बिना सफल हो सकती है। यह दुनिया की एक बड़ी आबादी को हर समय विनाश की संभावनाओं पर कायम रखने जैसा है। ऐसे युद्ध का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देगा, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने का भी बड़ा कारण बनता है।

युद्ध एवं विनाश की सघन होती स्थितियों के बीच उल्लेखनीय है कि इसरायल ने 1970 में ईराक द्वारा फ्रांस से खरीदे परमाणु प्लांट पर 1 मिनट 20 सैकेंड में 16 बम गिरा कर परमाणु प्लांट नष्ट करने में सफलता पाई थी। कहना मुश्किल है कि इस घटनाक्रम का अंजाम क्या होगा, फिलहाल यही कहा जा सकता है कि जितनी जल्दी यह विवाद सुलझ सके उतना ही दुनिया के लिए अच्छा होगा। पहले ही विश्व शांति खतरे में पड़ी हुई है, अब 'हमास' व इसरायल युद्ध ने यह खतरा और बढ़ा दिया है तथा अतीत में हो चुके दो विश्व युद्धों के बाद तीसरे विश्व युद्ध की आहट तेजी से सुनाई दे रही है। युद्ध विराम के साथ अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव जरूरी है। मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति देनी होगी, स्वयं अभय बनकर विश्व को निर्भय बनाना होगा। इसी से किसी एक देश या दूसरे देश की जीत नहीं बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी।

## शामत-ए-इंजीनियर

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

हाल ही में मुझे जयपुर से चेन्नै जाना पड़ा। बगल वाली सीट पर जो युवक बैठा था, वह मूलतः चेन्नै का था। बातें शुरु हुईं। आरंभिक झिझक के बाद दोनों खुल गए। वह मुझसे ज्यादा बतक्कड़ था। वह अपनी बताने लगा और मैं सुनने लगा। उसने अपने बारे में क्या बताया उसी की जुबानी सुनते हैं मेरा नाम सेल्वन है। मैं चेन्नै से हूँ। क्षमा करें चेन्नै से नहीं जबरन इंजीनियर बनाने वालों की धरती से हूँ। यहाँ चाहे लड़का पैदा हो या लड़की उनमें गुण बाद में ढूँढ़ते हैं इंजीनियरी पहले। इस शहर के चप्पे-चप्पे में इंजीनियरी दिखाई देती है। यहाँ तक कि पान लगाने वाला पान पर चूना लगाने को भी इंजीनियरी मानता है और दूध वाला उसमें पानी मिलाने को। ऐसा नहीं है कि देश में इंजीनियर नहीं हैं। हैं लेकिन मेरे परिवार को देखने के बाद मुझे सबसे ज्यादा इंजीनियर यहीं दिखाई देते हैं। हमारे पिता की हम तीन संतानें हैं। पिता इंजीनियर हैं और हम तीनों को कैरियर का केवल एक विकल्प मिला 'इंजीनियर'। इस मामले में मेरे पड़ोस में रहने वाला मित्र बड़ा भाग्यशाली निकला। उसे तीन विकल्प मिले - इलेक्ट्रिनक इंजीनियरिंग, मेकानिकल इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग। शहर में इतने इंजीनियर हैं कि मक्खियों की संख्या इनके सामने कम पड़ जाती हैं। भिनभिनाते दोनों हैं - एक गुड़ पर तो दूजे प्लेसमेंट पर। बदकिस्मती से यहाँ गुड़ कोई इस्तेमाल करता नहीं और प्लेसमेंट मिलता नहीं। दोनों की किस्मत खराब है। भीड़ बढ़ जाए तो दही और इंजीनियरिंग में कोई अंतर नहीं रह जाता है। एक छांछ तो दूजा टाइमपास करने का अड्डा बन जाता है। इंजीनियरिंग के इतने सारे कॉलेज खुल गए हैं कि सड़क पर निकम्मा घूम रहे लोगों को भी उसमें दाखिला मिल जाए तब भी सीटें बची की बची रह जाती हैं। ऐरे-गैरे कॉलेजों में इस कोर्स को करने से अच्छा किसी भीड़-भाड़ वाले नुक्कड़ पर पकौड़े तलना है। कम से कम पकौड़े तलने की कला के साथ चार पैसे तो कमा लेंगे। हाँ आईआईटी में इंजीनियरी करने वाले हमसे एक कदम आगे होते हैं। कम से कम उनके पास शनिवार की शाम को क्या करना है, उसका विकल्प तो होता है। आईआईटी में पढ़ने वाला गूगल सीईओ बन जाता है और हम उसी गूगल में प्लेसमेंट की तलाश में सिर खपाते हैं। ऐसा नहीं है कि मल्टी नेशनल कंपनियाँ हमारे पास नहीं आती। आती हैं। भेड़ों की भीड़ में से कंपनी के सुर में मिमियाने वालों को चुन ले जाती हैं। फिर जावा, सी, सी प्लस प्लस, ओराकल, बटर स्कॉच, वनीला, स्ट्रॉबेरी सब कुछ सिखाती हैं। दुर्भाग्य से वहाँ एक्सेल शीट पर काम करना पड़ता है। पढ़ा कुछ, सीखा कुछ और कर रहे हैं कुछ। शायद इसी को इंजीनियरी कहते हैं। यह सब इसलिए बता पा रहा हूँ क्योंकि मैं सॉफ्टवेयर इंजीनियर हूँ। मैं पहले कॉग्निजेंट अब सीटीएस ऑफिस में काम करता हूँ। मेरी माँ सबको यही बताती है। लेकिन मैं लोगों को कैसे बताऊँ कि मैं सीटीएस में नहीं एमएस ऑफिस में काम करता हूँ। उसमें भी केवल एमएम वर्ड और एमएस एक्सेल। जबकि एचआर एमएस पॉवर पाइंट में काम करते हैं। वे हमेशा चार स्लाइड बनाते हैं जिनमें तीन स्लाइड - वेलकम, एजेंडा, थैक्यू के होते हैं। चौथा रिगार्ड का होता है। इतने पर भी उनको डर रहता है कि कोई उनका पॉवर पाइंट कॉपी न कर ले। मानो जैसे उन्होंने पॉवर पाइंट नहीं अलाउद्दीन का खजाना बनाया है।

जब किसी को कहता हूं कि मैं सॉफ्टवेयर इंजीनियर हूँ तो वे तुरंत पूछते हैं कि फिर ऑफिस में किसी लड़की-वड़की को फसाया कि नहीं। मेरे ना कहने पर वे मेरे मर्द होने पर शक जताने लगते हैं। उन्हें लगता है कि कंप्यूटर के आगे मेंढ़क की तरह आँखें गड़ाए पिज्जा-बर्गर-कॉकटेल्स वाली तोंद बाहर निकाले भला कोई क्या लड़की से इश्क लड़ा पाएगा। बात उनकी सही है, लेकिन मर्दानगी पर शक करना थोड़ी ज्यादती है। वरना देश भर में इतने इंजीनियरों की आबादी जादू टोने से थोड़ी न फैली है। कुछ पूछते हैं कि विदेश कब जा रहे हो। मैं उन्हें कैसे बताऊँ कि पिछले दस साल से पॉसपोर्ट बनवाए कंपनी वालो से मैं भी यही सवाल पूछ रहा हूँ। पासपोर्ट पड़ा हो और हम विदेश न जा सकें इससे बड़ा अपमान कुछ और नहीं हो सकता। इसी शर्मीदगी से बचने के लिए मैने पासपोर्ट से आधार कार्ड बनवाया। फिर दोनों को लिंक किया। उसी पासपोर्ट से ड्राइविंग लाइसेंस और फिर वोटर आईडी बनवाया। इस तरह एक पते के लिए चार पते वाले प्रूफ बनवा लिए। वह भी किराए के मकान के लिए। इंजीनियर बनना किसी के लिए शान तो किसी-किसी के लिए बोझ होता है। सबको बाहर से इसमें मक्खन दिखाई देता है, लेकिन इसकी वसा किसी को दिखाई नहीं देती।

एक नजर

### टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने की जिला शिक्षा अधिकारी से भेंट



**दंतेवाड़ा 12 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन दंतेवाड़ा के जिला अध्यक्ष उदय प्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने दंतेवाड़ा जिले में नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी राजकुमार कठौते से स्वागत भेंट किया ज्ञात हो कि वर्तमान में विभाग द्वारा विभिन्न जिलों में अधिकारियों का स्थानन्तरित करते हुए नवीन दायित्वों को सौंपा गया है।प्रांतीय पदाधिकारी प्रमोद भदौरिया, कमल रावत,सूर्यकान्त सिन्हा ने बताया कि संगठन की परम्परा अनुसार अपने विभागीय नवपदस्थ अधिकारियों से स्वागत भेट व समस्याओं पर चर्चा परिचर्चा किया जाता है इसी तारतम्य में हमने नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी से भेट कर वर्तमान परिपेक्ष्य में बात की विभागीय दायित्वों के निर्वाहन व शिक्षकों की समस्याओ के समाधान के प्रयास पर चर्चा की गई इस अवसर पर जिला सचिव नोहर साहू,चिरस लकड़ा,विजय साहू ,नारायण आर्य, सुशोमन्त दास,ओमप्रकाश कैवर्त,परमानन्द ध्रुव,विनोद शर्मा,पोरस बिंझेकर,साजिद भारती, हेमलता साहू, साधना उरकुड़े,कोकिला ठाकुर,नैंसी एक्का,खोमेंद्र देवांगन ,रमा कर्मा, अमित देवनाथ आनन्द साहू,राजेन्द्र यादव, शेषुनाथ गौतम,डोमन लाल साहू,पूनम सिंह,रीता लकड़ा,शबनम भारती,कविता भोगामी व अन्य साथी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अपने सामने करवाई 20 वाहनों की सघन जांच

**जगदलपुर,12 अक्टूबर ।** निर्वाचन की अवधि के दौरान जिले में आवश्यक सतर्कता बरतने के लिए लगातार रात्रि काल में कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र मीणा जाँच नाकों का दौराकर एसएसटी के कार्यो का निरीक्षण कर रहे है। बुधवार की रात कलेक्टर और एसएसपी ने बस्तर थाना, फरसगुड़ा, घोटिया, लोहंडीगुड़ा और बड़ाजी के जाँच नाकों का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने रात 12 बजे फरसगुड़ा चेक पोस्ट में लगभग 20 वाहनों की सघन जांच अपने समक्ष करवाई। जाँच के दौरान वाहनों से सफर कर रहे यात्रियों ने जिला प्रशासन द्वारा की जा रही विशेष सतर्कता की सराहना की और कहा बस्तर सुरक्षित हाथों में है।कलेक्टर श्री विजय ने चेक पोस्ट में तैनात दलों को विशेषकर पिकअप वाहनों, बसों की जांच करने के साथ ही वाहन चालकों का पूरा विवरण पंजी में दर्ज करवाने के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री मीणा ने चेकपोस्ट में लगे सीसीटीवी की लगातार रिकार्डिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण दौरा में अनुविभागीय दंडाधिकारी श्री ओ पी वर्मा भी मौजूद थे।

### सहायक प्रबंधक एवं कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग की भर्ती परीक्षा 15 को

**कांकेर, 12 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 15 अक्टूबर दिन रविवार को प्रथम पाली में प्रातः 10 से 12.15 बजे तक सहायक प्रबंधक (फील्ड ऑफिसर) कार्यालय सहायक, सामान्य सहायक, समिति प्रबंधक (नवीन सवर्ग) एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2 से सायं 4.15 बजे तक कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (ट्रेजरी विशेषज्ञ, मुख्य लेखापाल), उप प्रबंधक और सहायक प्रबंधक भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा में जिला अंतर्गत प्रथम पाली में लगभग 3646 एवं द्वितीय पाली में 495 परीक्षार्थी, इस तरह जिले के कुल 4141 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

## जिले नक्सल प्रभावित क्षेत्र सहित 400 से अधिक गांवों से इक्ठ्ठों की गई मिट्टी

# रैली निकाल कर किया अमृत कलश यात्रा का समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 12 अक्टूबर।** सुकमा जिला मुख्यालय में सीआरपीएफ के द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत ÷अमृत कलश यात्रा समापन सीआरपीएफ सेकेंड बटालियन से रैली निकालकर बाजार वाला स्थित सभा स्थल में भव्य कार्यक्रम के साथ संपन्न किया गया। इस दौरान सैकड़ो लोग इस अमृत कलश यात्रा में साक्षी बने।

सीआरपीएफ सेकेंड बटालियन कमाडेन्ट रतिकान्त बेहेरा बताया कहा कि जिले के द्वितीय वाहिनी सीआरपीएफ के नेतृत्व व मार्गदर्शन में सभा स्थल स्टेडियम सुकमा में किया गया। शहीद वीर, वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी। इस दौरान अमृत कलश यात्रा द्वितीय वाहिनी मुख्यालय शबरी नगर सुकमा से होते हुए जिलाधिकारी आवास, मलकानगिरी चौक से होते हुए नगर के बाजारपारा सभा स्थल स्टेडियम में पहुंची। वही इस दौरान स्कूली छात्र - छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन किया गया। वहीं बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रस्तुत किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत ÷अमृत कलश यात्रा के समापन शामिल सभी लोगों को आभार व्यक्त किया।

### शाहिद परिवार को किया समानित

शहीद महेन्द्र मंडावी की पत्नी हुंगी ग्राम धुव्वारास व शहीद मासा पोडियाम की बहन अर्चना पोडियाम ग्राम प्रेमापारा को कमाण्डेन्ट द्वितीय वाहिनी के रि पु बल के द्वारा शॉल भेट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी अतिथियों, बच्चों, मेहमानों को अल्पाहार व दापहर का भोजन उपलब्ध कराया गया इसके अलावा सभी चारों स्कूल के बच्चों व शिक्षको को कमाण्डेन्ट द्वितीय वाहिनी के द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट स्वरूप प्रदान किया गया।

ये रहे मौजूद इस कार्यक्रम के दौरान द्वितीय कमान अधिकारी पवन कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी अनामी शरण, उप कमाण्डेन्ट टी. सैमसन राजू, एसडीओपी परमेश्वर तिलकवार, जिपं अतिरिक्त सीईओ बीएस भगत, जवान, नगर पालिका अध्यक्ष जगन्नाथ राजू साहू, केन्द्रीय विद्यालय की शिक्षिका नगमा कौशल खान, कन्या उ.मा.वि सुकमा के शिवशंकर सिंह, श्रीमति अनुपमा नाग, सुन्नदा साहू, झापरा बालक आश्रम के हपका मुत्ता, आकार आवासोय विद्यालय के हरि कोौशिक विभिन्न गाँव के सरपंच, सचिव, पटेल उपस्थित थे। लगभग सैकड़ों लोगों ने इस अमृत कलश यात्रा के साक्षी बने इस तरह सुकमा में अमृत कलश यात्रा का आधिकारिक समापन हो गया।

### छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी शानदार प्रस्तुत



इस अवसर पर झापरा बालक आश्रम, आकार आवासीयविद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय सुकमा व कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। आकार आवासीय विद्यालय के दिव्यांग बच्चों की अद्वितीय प्रस्तुती ने आमजनों के रोम-रोम को हर्षित किया। इस आयोजन में स्थानीय नागरिक, स्कूल के बच्च, पुलिस प्रशासन के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस दौरान सुकमा जिले के शहीदों जवानों के परिजनों को भी परिजनों को भी आमंत्रित किया गया था। बालास आश्रम झापरा के छात्रावास अधीक्षक हपका मुत्ता ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा समापन में शॉमिल होकर बालक आश्रम झापरा की छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में की प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में देश भक्ति जागृत होती है और देश के लिए बच्चे भी आगे कुछ करने के लिए प्रेरित होते हैं।

### दिल्ली में अमृत वाटिका में भेजा आएगा कलश



द्वितीय कमान अधिकारी अनामी शरण ने बताया कि इस अमृत कलश यात्रा में सुकमा जिले में तैनात सभी 22 सीआरपीएफ बटालियनों जिला प्रशासन, जिला पुलिस की तरफ से गाँव-गाँव से मिट्टी इक्ठ्ठो की गई तथा जिले के सभी 385 ग्राम पंचायतों 02 सब-डिवीजन 07 तहसील 01 नगर पालिका व 02 नगर पंचायत व सभी नगर पालिका व नगर पंचायत के कुल 45 वार्डो से जन-जन के सहयोग से मिट्टी इक्ट्ठी करके सीआरपीएफ द्वितीय वाहिनी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संकलित किया गया। सीआरपीएफ कमाण्डेन्ट के द्वारा पंच प्रण की शपथ दिलाई गई व जिसमें उपस्थित जन समूह द्वारा मिट्टी को आपस में मिलाकर एक अमृत कलश तैयार किया गया, जिसको जनपद सुकमा से रायपुर से होते हुए दिल्ली में अमृत वाटिका में भेजा जाएगा।

# पीड़ित कुछ दुकानदारों ने भी दिया था आवेदन, मगर दुकान दिया रसूखदारों को

- जिनके नाम दुकान एलाट था उन्हें अस्थायी दुकान न देकर किरायेदारों को पालिका दे रही दुकान
- प्रभावित दुकानदारों ने प्रशासन से कहा, सर हमें भी दिलवा दें दुकान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 12 अक्टूबर।** यात्री प्रतिक्षालय में 3 व्यापारियों को दुकान बनाकर देने का मामला लगतार तूल पकड़ता जा रहा है। अब इस मामले में वे दुकानदार जिनकी दुकानें तोड़ी गई है या जिन्हें साडा काम्प्लेक्स की बिल्डिंग से हटाया गया है उनमें से कुछ का कहना है कि हमारे द्वारा भी मौखिक एवं लिखित में अस्थायी दुकान की मांग सीएमओ पवन मेरिया से की गई थी लेकिन उनके द्वारा बस स्टेंड में दुकान बनाकर देने की बात से इंकार किया गया था। जबकि वर्तमान में पालिका यात्री प्रतिक्षालय में 3 दुकान का निर्माण कर रही है जिसे 3 व्यापारियों को देने की तैयारी चल रही है। पहले इस मामले में पालिका की ओर से यह तर्क दिया जा रहा था कि जिनके आवेदन आए हैं उन्हें दुकान दिया जा रहा है। जिन्होने आवेदन दिया ही नहीं उन्हें दुकान कैसे मिलेगा। इस मामले की जांच पड़ताल की गई तो पता चला कि एक दो और पीडित व्यापारी के नाम सामने आए हैं जिनकी दुकानें तोडी गई है उनके द्वारा भी आवेदन सीएमओ को दिया गया था हालांकि उन व्यापारियों के नाम हम यहां पर साझा नहीं कर रहे हैं किन्हीं कारणों से । एक व्यापारी द्वारा मौखिक तौर पर भी बस स्टेंड यात्री प्रतिक्षालय में दुकान की मांग की गई थी लेकिन इन दोनों को दुकानें नहीं मिली। इसलिए भी पालिका पर पक्षपात का आरोप लग रहा है। जिसका जवाब पालिका को देना चाहिए। यहां यह भी बताते चलें कि कायदे से उन पीडित व्यापारियों का अस्थायी दुकान पर पहला हक बनता है जिनकी दुकानें तोड़ी गई या उन्हें दुकानों से हटाया गया और जिन्हें अब तक दुकान नहीं मिल पाया है उन्हें दुकान प्राथमिकता के साथ आबंटित किया जाना चाहिए था लेकिन ऐसा न कर पालिका ने भेदभाव करते हुए ऐसे व्यापारियों को यात्री प्रतिक्षालय में दुकान आबंटित कर रही है जिन्हें कहीं ना कहीं दुकान मिल चुका है। उनकी रोजी रोटी चल रही है व्यापार चल रहा है। लेकिन उन दुकानदारों का क्या जिन्हें अब तलक दुकानें नहीं मिल पाई है वे रोजी रोटी के लिए भटक रहे हैं। इन्हें प्राथमिकता क्रम में न रखकर ऐसे लोगों को दुकान दिया जा रहा है जो दुकान मालिक नहीं बल्कि किरायेदार थे। नगर पालिका का यह कृत्य अव्यवहारिक एवं गैर जिम्मेदाराना है। अब इस मामले ने तूल पकड़ लिया है। शिकायत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तक से की गई है बावजूद अब तक पीडितों को कोई राहत नहीं मिल पाया है। प्रभावित दुकानदार राहत नहीं मिलने पर न्यायालय के शरण में जाने के विकल्प पर भी विचार कर रहे हैं।

# कबाड़ से जुगाड़ व गणित विज्ञान मेला में किया गया मॉडलों का प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कोंडागांव,12 अक्टूबर।** विकासखंड कोंडागांव के संकुल केंद्र सोनाबाल के अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के बच्चों के लिए मंगलवार को संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़, गणित विज्ञान मेला कार्यक्रम का आयोजन संकुल समन्वयक हेमदत्तेश्वर पटेल सर के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में शिक्षण सहायक सामग्री विज्ञान से संबंधित मॉडल बनाकर प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थियों द्वारा कबाड़ से जुगाड़ कर बनाए गए विभिन्न मॉडल का प्रदर्शन कर जानकारी दी गई जिसमें प्राथमिक शाला स्तर से हाई स्कूल स्तर तक मॉडलों का प्रदर्शन किया गया और मॉडल का चयन किया गया। यह प्रतियोगिता बच्चों के सीखने की अभिव्यक्ति कौशल विकसित करने की है बच्चों द्वारा कबाड़ से जुगाड़ कर तैयार किए गए विभिन्न मॉडल उनके सीखने की अभिव्यक्ति कौशल विकसित करने की दिशा में कारगर साबित हो रहा है जिसमें संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं मार्गदर्शन के रूप में बच्चों को सफल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उत्कृष्ट मॉडल में वावेश ने संख्या का खेल, शिवकुमार सोरी मात्राओं का पौधा, संजू द्वारा वर्षा जल संचय, नंदिनी द्वारा विद्युत का कुचालक व सुचालक पर मॉडल, भूमिका द्वारा कोसा रेशम कीट का जीवन चक्र एवं रेशमा के द्वारा बीजों का अंकुरण से संबंधित मॉडल तैयार किया। टीएलएम अर्थात शिक्षण सहायक सामग्री शिक्षक का वह साधन हैं, जिसके माध्यम से वह अपनी शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को प्रभावशाली बनाता हैं। यह अधिगम प्रक्रिया (द्यद्गड्डह्म्ठ्ठद्बठ्ठद्द श्चह्म्श्ষ्द्गह्यह्य) को स्थायी एवं रोचक बनाने का कार्य करता हैं। टीएलएम के अंतर्गत छात्रों को चित्र,ग्लोब,चार्ट,मॉडल आदि के माध्यम से प्रत्यय को समझाने का कार्य किया जाता हैं। जिससे अधिगम-प्रक्रिया में छात्र अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हैं। शिक्षण सहायक सामग्री को टीएलएम एवं टीचिंग एड के नाम से भी जाना जाता हैं। यह शिक्षण को प्रभावशाली बनाने का एक उत्तम साधन हैं।

समाचार संक्षेप

### विहिप, बजरंग दल के पदाधिकारियों ने नये थाना प्रभारी का किया स्वागत



**गीदम, 12 अक्टूबर।** गीदम के नये नगर निरीक्षक के रूप मे आज धनंजय सिन्हा ने गीदम थाना का पदभार ग्रहण किया थाना प्रभारी सिन्हा का विहिप बजरंग दल एवं पीपल्स केयर के पदाधिकारियो ने श्रीमदभागवत गीता भेंट कर स्वागत किया। साथ ही गीदम में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु अग्रिम शुभकामनाएं भी दी। पीपल्स केयर के प्रान्त उपाध्यक्ष ओम सोनी ने कहा कि पीपल्स केयर एवं विहिप ने समय समय पर समाज मे अच्छे कामों के लिए अपनी सहभागिता दी है ओर भविष्य मे भी देते रहेंगे द्य पुलिस प्रशासन को कभी भी समाज हित के लिए हमारी आवश्यकता पड़ी तो हम हमेशा उपलब्ध रहेंगे। इस स्वागत मे विहिप के जिलाध्यक्ष राजाराम वट्टी, विभाग सह संयोजक संतोष साहू,प्रखंड अध्यक्ष सुमित गुप्ता,विहिप नगर अध्यक्ष युगल किशोर सोनी, नगर संयोजक शमशेर सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष रंजीत नाग, शिव नाग, संतराम आदि विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण टीम को दिया प्रशिक्षण

**कांकेर, 12 अक्टूबर ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के सुचारू संचालन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देश एवं अपर कलेक्टर एस. अहिरवार की उपस्थिति में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण से संबद्ध सभी दलों का जिला कार्यालय के सभा कक्ष में प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें एस.एस.टी., एफ.एस.टी., वी.एस.टी., वीवीटी एवं लेखा टीम के सदस्य शामिल हुए। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर ने निर्वाचन को पारदर्शिता पूर्ण एवं निष्पक्ष संचालन के लिए चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने नियमों का पालन करते हुए अपने कर्त्तव्यों को निर्वहन करने के लिए कहा गया।मास्टर ट्रेनर ने सभी दलों के कार्यो को एक-एक करके विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि उड़नदस्ता टीम अवैध नकदी की आवाजाही, शराब का वितरण, मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए या रिश्वत देने या उपहार सामग्री बांटे जाने की सूचना मिलने पर जांच कर विधिवत कार्यवाही करेंगे। यह भी बताया कि 10 हजार से अधिक रूपये से अधिक की राशि का उपहार सामग्री बिना किसी वैधानिक दस्तावेज के एवं 50 हजार रूपये की नकद राशि मिलने पर विधिवत जब्ती की कार्यवाही तथा पूरी गतिविधि का वीडियो एवं फोटोग्राफी भी करेंगे। एस.एस.टी. टीमों का कार्य नकद राशि, शराब, शस्त्र आदि की, वैधानिक परिवहन की चेक पोस्ट लगाकर निगरानी करने एवं विधि सम्मत कार्यवाही की पूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके अलावा यह भी बताया गया कि राजनैतिक दलों के स्टार प्रचारक अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए अधिकतम एक लाख रुपये लेकर चल सकते हैं, उससे अधिक की राशि रखने पर संबंधित राजनीतिक दल के कोषाध्यक्ष का प्रमाण पत्र रखना आवश्यक है। एफ.एस.टी एवं एसएसटी टीम द्वारा किये गए कार्यवाही का प्रतिदिन रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र में रिटर्निंग ऑफिसर को देंगे, इससे संबंधित विभिन्न प्रपत्रों की जानकारी भी दी गई। इन दलों को सी-विजिल एप के विभिन्न फंक्शनों के बारे में जानकारी दी गई और इस ऐप में आए विभिन्न समस्या के समाधान की विधि भी बताई। 100 मिनट के भीतर समाधान करने के लिए निर्देशित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान दलों को कोषालय अधिकारी आर.एन. कुंजाम ने भी कार्य की बारीकियों से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया।

### होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर की अनुमति के लिए अधिकारी नियुक्त

**कांकेर 12 अक्टूबर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा विधानसभा निर्वाचन के दौरान प्रचार-प्रसार के लिए राजनीतिक दलों को होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर तथा दीवार लेखन की अनुमति प्रदाय करने हेतु शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इसके अन्तर्गत कांकेर शहरी क्षेत्र के लिए प्राधिकृत अधिकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद होंगे, वहीं नगरीय क्षेत्रों के लिए जिले के समस्त नगर पंचायतों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्राधिकृत अधिकारी होंगे। इसी प्रकार जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्राधिकृत अधिकारी होंगे। प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा शहरी क्षेत्रों के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा निर्धारित दर पर, नगरीय क्षेत्र के लिए नगर पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायत द्वारा निर्धारित दर एवं निर्धारित स्थल पर नियमानुसार होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर एवं दीवार लेखन की अनुमति दी जाएगी।

# राजनीतिक दलों को दी सी-विजिल एप और सुविधा पोर्टल की जानकारी

**कांकेर 12 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देश पर विधानसभा निर्वाचन-2023 हेतु आदर्श आचार संहिता एवं निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण से संबंधित विभिन्न जानकारियों से अवगत कराने हेतु राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली गई। बैठक में उन्हें भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों से अवगत कराया गया। प्रतिनिधियों को सुविधा एप और सी-विजिल पोर्टल, पेड न्यूज, निर्वाचन व्यय एवं नाम निर्देशन की प्रक्रिया के संबंध में प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गई।

अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार ने बैठक में नामांकन, रैली, सभा, सभा स्थल एवं चुनाव प्रचार-प्रसार से संबंधित भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए विभिन्न निर्देशों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन में प्रत्याशियों के लिए 40 लाख रुपए तक की राशि व्यय के लिए निर्धारित की गई है। निर्धारित सीमा से अधिक होने पर कार्यवाही की जाएगी। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा सभी प्रतिनिधियों को सी-विजिल एप के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि इस ऐप के माध्यम से आदर्श आचरण संहिता के किसी भी प्रकार से उल्लंघन होने की सूचना फोटो, वीडियो एवं ऑडियो के माध्यम से दी जा सकती है। सी-विजिल एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर आयोग द्वारा 100 मिनट के भीतर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही सुविधा पोर्टल के बारे में जानकारी देते हुए इस पोर्टल के माध्यम से नॉमिनेशन, एफिडेविट एवं अनुमति लेने की प्रक्रिया सहित कार्यवाही की निर्धारित अवधि आदि के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में एसडीएम कांकेर श्री मनीष साहू सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# नरहरपुर ब्लॉक के दुर्गम क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया दौरा

**कांकेर 12 अक्टूबर ।** विधानसभा चुनाव 2023 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के मतदाताओं की शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने और मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने नरहरपुर विकासखण्ड के बीहड़ क्षेत्र में स्थित ग्राम झुलनातेंदू, रावस, छिंदखड़क और खल्लारी में जाकर इन ग्रामों की मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम जोड़े जाने व विलोपित किए जाने की जानकारी ली। उन्होंने इन मतदान केन्द्रों में ग्रामीणों की सहभागिता बढ़ाने के लिए के बीएलओ को प्रोत्साहित एवं प्रेरित किया।




जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शुक्ला आज दोपहर को बीहड़ जंगलों से होकर ग्राम झुलनातेंदू स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 229 पहुंचीं, जहां पर उन्होंने बीएलओ से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने आदि की जानकारी ली। इसके अलावा केन्द्र में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में पूछा। साथ ही ग्रामीणों से कहा कि वे मतदान करने पोलिंग बूथ में जरूर जाएं, क्योंकि इसी से स्वस्थ व स्वच्छ लोकतंत्र की नींव मजबूत होती है। ग्राम के पटेल श्री नेताम में कलेक्टर को आश्वस्त किया कि ग्रामीण वोट देने अवश्य आएंगे। इसके उपरांत वे दुर्गम क्षेत्र में स्थित ग्राम रावस के पोलिंग बूथ क्रमांक 234 में जाकर बीएलओ से कहा कि जिस प्रकार उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में काफी मेहनत की, उसी तरह मतदान दिवस 07 नवम्बर को प्रत्येक वोटर्स को वोटिंग करने जरूर लेकर आएं। इस कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को आगामी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी को सम्मानित करने के निर्देश जिला पंचायत के सी.ई.ओ. श्री सुमीत अग्रवाल को दिए।तदुपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शुक्ला ग्राम छिंदखड़क के केन्द्र क्रमांक 232 और ग्राम खल्लारी स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 225 में जाकर बीएलओ, ग्रामीणों को प्रोत्साहित करते हुए भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुसार शत-प्रतिशत मतदान करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने स्कूली छात्र-छात्राओं से रू-ब-रू होकर शिक्षित होकर बेहतर भविष्य गढ़ने हेतु उन्हें प्रोत्साहित किया।

## एक नजर

### केआईटी पहुंचे कलेक्टर और स्ट्राँग रूम का किया निरीक्षण



रायगढ़, 12 अक्टूबर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तारन प्रकाश सिन्हा आज रायगढ़ केआईटी कॉलेज स्थित स्ट्राँग रूम के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने निर्वाचन के लिए सुविधाओं और सुरक्षा के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार, जिला पंचायत सीईओ श्री जितेन्दर यादव, सहायक कलेक्टर श्री युवराज मरमट, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री राजीव पाण्डेय उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री सिन्हा ने ईवीएम को रखने के लिए तैयार किए जा रहे स्ट्राँग रूम का निरीक्षण करते हुए, सामग्री वितरण के लिए आवश्यक मूवमेंट के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मतदान पश्चात आने वाली सामग्रियों को रखने संबंधी चर्चा भी की। मौके पर उन्होंने मतगणना कक्ष का भी निरीक्षण किए। उन्होंने मतदान दलों, आरओ, ऑपरेटर एवं पुलिस फोर्स के रुकने के संबंध में चर्चा करते हुए अतिरिक्त कमरों के अलावा आवश्यकतानुसार हॉस्टल के उपयोग के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने टॉयलेट, वाशरूम, बिजली की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने मतदान दलों के वाहन पार्किंग के संबंध में जानकारी लेते हुए जगह का निरीक्षण किया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सीएमएचओ को स्वास्थ्य सुविधा हेतु केआईटी परिसर में चिकित्सा कक्ष बनाने एवं डॉक्टरों की ड्यूटी लगाने के साथ एम्बुलेंस की व्यवस्था के निर्देश दिए। इस मौके पर निगम आयुक्त श्री सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम श्री गगन शर्मा, सीएसपी श्री अभिनव उपाध्याय, सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर, ईई पीडब्ल्यूडी श्री आर.के.खाम्बरा, जिला खाद्य अधिकारी श्री चितरंजन सिंह उपस्थित रहे।

### सरकारें आई और गई पर नहीं मिला रायगढ़ को रेल टर्मिनल

रायगढ़, 12 अक्टूबर। कई सरकारें आई और गई केंद्र में भी परिवर्तन हुआ राज्य में भी परिवर्तन हुआ परंतु रायगढ़ को इंसाफनहीं मिला एमिला तो सिर्फआश्वासन और मिले तो केवल कोरे वादे। सन 1998 में तत्कालीन रेल मंत्री नीतीश कुमार ने यहां रेलवे कोचिंग टर्मिनल का शिलान्यास किया था। जिसके लिये भूमि भी उपलब्ध हो गयी परंतु यह मांग आज तक लंबित है। 2019 के लोकसभा चुनाव के पूर्व भी सभी जनप्रतिनिधियों को छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स रायगढ़ के तत्कालीन अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल एवं महामंत्री हीरा मोटवानी के नेतृत्व में चेंबर के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर ज्ञापन के माध्यम से यह मांग रखी थी कि रायगढ़ में हवाई सुविधा के लिए प्रस्तावित एयरपोर्ट और विभिन्न यात्री गाड़ियों के परिचालन को बल देने के लिए रेलवे कोचिंग टर्मिनल की स्थापना की जावे। उल्लेखनीय है कि चेंबर के आव्हान पर सर्व सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न राजनीतिक प्रतिनिधियों ने तत्कालीन अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल और महामंत्री मनजीत सिंह टुटेजा के नेतृत्व में आयोजित रेल आंदोलन के दौरान धरने पर बैठ कर इस मांग को बहुत ही प्रमुखता से उठाया था तब केवल दो यात्री गाड़ियों के स्टॉपेज और गोंडवाना एक्सप्रेस के रायगढ़ से परिचालन की सुविधा प्राप्त हुई। इसके अलावा रेल टर्मिनल के लिए भी शासन की ओर से आश्वासन प्राप्त हुआ था। परंतु बरसों बीत गए रेल टर्मिनल की मांग अभी तक पूरी नहीं हो पाई है। आदिवासी बाहुल्य इस जिले में जो कि अब औद्योगिक नगरी के रूप में भी विकसित हो चुका है रेल टर्मिनल की स्थापना यहाँ की जरुरत भी है और रायगढ़ की जनता का हक़ भी है। प्रदेश चेंबर ऑफकॉमर्स ऐंड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के रायगढ़ पदाधिकारी हीरा मोटवानी एवं राजेश अग्रवालने अपनी मांग को दोहराते हुए जन प्रतिनिधियों एवं शासन का ध्यान रायगढ़ की इस बहुप्रतीक्षित मांग की ओर आकर्षित किया है।

### प्रत्याशी तेजराम विद्रोही को जिताने कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

# जिला अध्यक्ष सियाराम ठाकुर ने किया राजिम में आप कार्यालय का उद्घाटन





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम,12 अक्टूबर। आम आदमी पार्टी के राजिम विधानसभा प्रत्याशी घोषणा के बाद केजरीवाल की गारंटी को घर घर पहुंचाने व जन सम्पर्क का कार्य पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रत्याशी तेजराम साहू (विद्रोही) द्वारा किया जा रहा है। इस बीच आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सियाराम ठाकुर के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष राजा ठाकुर की अध्यक्षता में कृषि उपज मंडी रोड राजिम में पार्टी कार्यालय का शुभारंभ किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती रामबाई दीवान जिला अध्यक्ष महिला विंग आप, श्रीमती रूखमणी साहू सदस्य महिला विंग आप नवापारा, मोहन चक्रधारी आप नवापारा, रुद्रसेन सिन्हा ब्लॉक अध्यक्ष फिंगेश्वर, सेवाराम साहू ब्लॉक अध्यक्ष पांडुका, अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष मदनलाल साहू सदस्यगण उत्तम कुमार ,ललित कुमार साहू, आप जिला कोषाध्यक्ष छबि भारती, मीडिया प्रभारी गुलशन मोंगरे, महेश यादव, ईशो चक्रधारी महिला विंग देवभोग से मालती मांझी, कौशिल्या चक्रधारी विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित रहे। स्वागत उदबोधन राजिम ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश साहू ने तथा संचालन विरिष्ठ सदस्य एवं अधिवक्ता अरविंद शर्मा ने किया। सियाराम ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे सामने दिखने के लिए दो बड़ी पार्टियां कांग्रेस और भाजपा जरूर है परंतु राज्य की जनता भाजपा के पंद्रह साल और कांग्रेस के आठ साल की शासन से परेशान है आज भी उनके वायदा खिलाफी का शिकार है उन्होंने जो वायदा जनता से किया था वह आज भी अधूरी है। दिल्ली में केजरीवाल जी और पंजाब में भगवंत मान जी का सरकार हर महीने हर घर को 24 घंटे 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने, बेहतर व मुफ्त शिक्षा देने, बेहतर स्वस्थ्य व मुफ्त चिकित्सा, सभी विभागों के संविदा, प्लेसमेंट, ठेका व अनिनियमित कर्मचारियों को नियमित करने, महिलाओं के लिए सम्मान, शहीद सम्मान देने काम कर रही है। पंजाब में किसानों को उनके फसल का पूरे साल भर सम्मान जनक दाम मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर उन योजनाओं को छत्तीसगढ़ में गारंटी के साथ लागू करना है। इसके लिए राजिम विधानसभा क्षेत्र में घर घर केजरीवाल जी की गारंटी को पहुंचाना है प्रत्याशी तेजराम विद्रोही को जीत दिलाने के लिए हर कार्यकर्ता को कमर कस कर तैयार होकर काम करना है। हमारे पास धनबल व अन्य संसाधनों की कमी जरूर है लेकिन जिस तरह से दिल्ली और पंजाब में आत्मबल तथा जन सहयोग से जीत हासिल किए हैं वही ऊर्जा की आवश्यकता है। पार्टी ने तेजराम साहू ( विद्रोही) के पिछले बीस सालों से किसानों व आम जनता की अधिकार के लिए सतत संघर्ष, जुझारूपन से प्रभावित होकर उन्हें राजिम विधानसभा से प्रत्याशी बनाया है और इस चुनाव में हमारे आम आदमी पार्टी का सभी सदस्य अपने आप को प्रत्याशी मानकर काम करेंगे और केजरीवाल की गारंटी कार्ड को जनता तक ले जाएंगे। कार्यक्रम में कामराज सर्किल प्रभारी आत्माराम ठाकुर, सिवनी सर्किल प्रभारी मोहन सिन्हा, कुन्डेल सर्किल प्रभारी घनश्याम सिन्हा, गरियाबन्द सर्किल प्रभारी भूषण दीवान, छुरा ब्लॉक सर्किल अध्यक्ष ईश्वर लाल ध्रुव, अमलीपदर ब्लॉक अध्यक्ष जयलाल जयलाल पाथर, ग्रामीण एवं वार्ड प्रभारी गण शिवबती देवदास, संतोषी अग्रवाल, हीरा तिवारी, संतोषी साहू, भगवती साहू, लक्ष्मी बाई, नंदू ध्रुव, रेखराम साहू, योगेंद्र साहू, चेमन लाल साहू, पवन कुमार साहू, भुनु राम साहू, हेमन्त साहू, सोमन यादव, सुखदेव साहू, कुशलराम ध्रुव, नरेश साहू, हीरालाल सेन, नोहर साहू, कौशल साहू, हराखराम साहू, प्यारी साहू, मनहरण साहू, मोहन लाल साहू, रामजी साहू, खोमन साहू, केशवराम, चेमनलाल साहू, भुनेश्वर निषाद, भागी यादव, खेलन निषाद, यादराम, नारायण साहू, राहुल कुमार, खेलावन ध्रुव टोमेश्वर साहू, सहित बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने आम पार्टी के प्रत्याशी तेजराम साहू विद्रोही को राजिम विधानसभा सभा में जीत दिलाने का संकल्प लिया।

# भाई सैनिक बनकर आये तो बहनों ने उनकी कलाइयों पर बांधी राखी



पत्थलगांव, 12 अक्टूबर। अग्रसेन जयंती से पूर्व आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमो की झलक अब अनोखे अंदाज मे प्रस्तुत की जा रही है। दिन मंगलवार की देर शाम भाई बहन का नाता जरा हटके प्रस्तुत किया गया,इस कार्यक्रम मे भाई जहा देश की सरहदो पर तैनात सैनिको का रूप धरकर मंच मे अपना जलवा बिखेरे तो वही बहनो ने उनकी कलाईयों पर राखी बांधकर सरहदो से जल्द वापस लौटने की शपथ ली। इस कार्यक्रम को देखकर दर्शक अपनी तालियों के साथ-साथ अपनी आंखो से बहने वाले आंसुओ को रोक नही पाये। सभी ने दिल खोलकर भाई बहन का नाता मे प्रस्तुत अभिनय की बेहद सरहाना की,इस बीच कुछ बच्चो ने अपने अंदाज मे ही इस प्रतियोगिता मे भाग ली थी,सभी प्रतियोगियो ने भाई बहन के रिश्ते एवं उनके बीच होने वाली तकरार को प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता मे प्रथम द्वितीय तृतीय का स्थान देने के लिए निर्णायको को काफी मशक्कत करनी पडी। उसके बाद भी योग्यता के अनुसार प्रतियोगियो ने अपना स्थान बना ही लिया। दिन मंगलवार की देर शाम भाई बहन का नाता से अग्रसेन जयंती के कार्यक्रमो की शुरूवात हुयी,मंच अग्रबंधुओ की उपस्थिती से खचाखच भरा हुआ था। अग्रवाल नवयुवक समिती के सदस्य इस कार्यक्रम को संपन्न कराने की पूरी तैयारियां कर रखे थे,बेहद आकर्षित मंच मे प्रतियोगिता की शुरूवात हुयी। तीन निर्णायको ने पूरी प्रतियोगिता मे स्थान बनाने वाले लोगो का नाम चयन किया। पहला स्थान पर निष्ठा अग्रवाल एंड ग्रुप,द्वितीय स्थान पर सुर्यांश गोयल एंड ग्ररुप,तृतीय स्थान पर रूही एंड ग्रुप व अन्नया एंड ग्रुप ने अपना स्थान बनाकर दर्शक दिर्घा मे मौजुद हजारो अग्र बंधुओ का मन रिझा लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच अग्र बंधुओ के लिए हाईटी की भी व्यवस्था की गयी थी,जिसकी समस्त जिम्मेदारी मे.प्रितमचंद अग्रवाल एवं आयुष गर्ग व ऋषभ जिंदल की थी।।



### तीन टंगडी दौड रहा आकर्षण का केन्द्र

पत्थलगांव। अग्रसेन जयंती महोत्सव के कार्यक्रम मे दिन मंगलवार को तीन टंगडी दौड का आयोजन किया गया था,यह प्रतियोगिता सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी हुयी थी,जिसमे प्रथम स्थान पर देवांश अग्रवाल व शांतनु अग्रवाल ने अपना स्थान बनाया। दूसरे स्थान आर्यन मित्तल व स्वयं बंसल का रहा। तीसरा एवं अंतिम स्थान पर शिवांश व हर्ष अग्रवाल का था।

### पोस्टर-पाम्पलेट छपाई में मुद्रक, प्रकाशक तथा मुद्रित संख्या अंकित करना अनिवार्य

रायगढ़, 12 अक्टूबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव पाण्डेय ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रिंटिग प्रेस/फ्लेक्स संचालकों की बैठक ली। बैठक में श्री पाण्डेय ने विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दौरान छापी जाने वाली राजनीतिक प्रचार-प्रसार सामग्रियों के बारे में निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में लेखा अधिकारी श्री बसंत गुलेरी उपस्थित रहे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पाण्डेय ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा 9 अक्टूबर को विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की घोषणा की जा चुकी है। जिसके फलस्वरूप रायगढ़ जिले के 4 विधानसभाओं में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के साथ ही निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। उन्होंने सभी प्रिंटरों-मुद्रकों और प्रकाशकों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा में निहित प्रावधानों और दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। उन्होंने बताया कि मुद्रकों की यह जिम्मेदारी होगी कि वह निर्वाचन के दौरान प्रचार के लिए छापी गई।

# पुलिस अधिकारियों को एक दिवसीय जिला स्तरीय निर्वाचन प्रशिक्षण दिया

रायगढ़, 12 अक्टूबर। पुलिस नियंत्रण कक्ष रायगढ़ में पुलिस अधिकारियों के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय निर्वाचन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा अधिनस्थ पुलिस अधिकारियों को प्रभावशील आचार संहिता का प्रभावी रूप से पालन कराने एवं सुरक्षा प्रबंध को लेकर की जाने वाली तैयारी के संबंध में मास्टर ट्रेनर के रूप में अपना वक्तव्य दिया गया।

कार्यशाला में रायगढ़ रेंज डीआईजी राम गोपाल गर्ग ने सभी पुलिस अधिकारी व जवानों को निष्पक्ष रहकर चुनाव कार्य संपन्न कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि चुनाव संपन्न करना प्रशासन व पुलिस के चुनौती पूर्ण होता है, रायगढ़ जिले में प्रशासन व पुलिस के बीच अच्छा सामंजस्य देखने को मिला है। कार्यशाला में उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि वे स्वयं आचार संहिता का पालन करें और अपने अधीनस्थ स्टाफ से भी करावें। कार्यशाला का लाभ उठावें तथा इसके अलावा भी कार्यवाही को लेकर किसी प्रकार की दुविधा हो तो किसी भी समय सलाह लिया जा सकता है परंतु कार्यवाही में किसी प्रकार की कोताही न बरती जावे। उन्होंने शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराये जाने की अपनी शुभकामनाएं दिया गया। एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा पुलिस अधिकारियों से कहा गया कि आने वाले दिनों में पूरी ऊर्जा के साथ पूरा फोकस चुनाव कार्य में लगावें और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में लग जावे, किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने किसी भी प्रकार से अन्य राज्यों से मादक पदार्थ व अवांछित सामग्री जिले में नहीं लाई जानी चाहिए कहकर सभी अधिकारियों को सचेत किये और कार्यवाही बढ़ाए जाने की आवश्यकता बताएं प्रशिक्षण कार्यक्रम में एडिशनल एसपी रायगढ़ संजय महादेवा द्वारा आदर्श आचार संहिता एवं सुरक्षा प्रबंध के संबंध में पुलिस अधिकारियों को निर्वाचन के पूर्व, निर्वाचन दिवस तथा निर्वाचन के पश्चात पुलिस के द्वारा की जाने वाली कार्यवाहीए तैयारियों के संबंध में अपना प्रेजेंटेशन प्रस्तुत कर विस्तार से सभी जानकारी दिया गया।रायगढ़ एसडीम गगन शर्मा द्वारा पुलिस अधिकारियों को जिले में प्रशासन द्वारा चिन्हित किए गए संवेदनशील मतदान केन्द्रों की जानकारी देकर उनकी निगरानी, कार्यवाही के संबंध में संक्षिप्त जानकारी देकर निगरानी फ्लाइंग स्क्वायड, स्थैतिक निगरानी दल की कार्यवाही के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया।

# हाईटेंशन बिजली तार के संपर्क में आकर नर हाथी की मौत

रायगढ़, 12 अक्टूबर। जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र में मानक स्तर से नीचे लटकते हाई टेंशन बिजली तार की चपेट में आने से एक नर हाथी की मौत हो गई। घटना धरमजयगढ़ रेंज की हैए जिसमें बायसी इलाके में एक नर दंतैल हाथी खेतों के बीच से गुजरे 11 केवी लाइन की जद में आ गया। इस पूरे मामले में धरमजयगढ़ डीएफओ अभिषेक जोगावत ने बताया कि जहां यह घटना हुई वहां पर बिजली का तार मानक ऊंचाई से काफी कम लेबल पर लटक रहा हैए जिसकी चपेट में आकर इस नर हाथी की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि जांच में जिसकी भी लापरवाही की बात सामने आएगी उस पर कार्रवाई की जाएगी। डीएफओ ने बताया कि बिजली के तारों को व्यवस्थित करने के लिए विद्युत विभाग से कई बार पत्राचार किया गया है।वहींए घटनास्थल पर मौजूद धरमजयगढ़ विद्युत विभाग के एक अधिकारी राजेंद्र कुजूर ने मानक ऊंचाई से नीचे झूलते 11 केवी बिजली कनेक्शन के चपेट में आने से नर हाथी की मौत को एक दुर्घटना बताया है।

बता दें कि बुधवार की सुबह धरमजयगढ़ रेंज अंतर्गत बायसी व नरकालो गांव के बीच एक खेत में नर हाथी का शव ग्रामीणों ने देखा। इस बीच घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और घटना की सूचना वन विभाग को दी गई। जिसके बाद आननफानन में वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और आगे की आवश्यक जांच में जुट गए।मालूम हो कि धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र में ऐसे कई इलाके हैं जहां से गुजरने वाली बिजली लाइन के तार काफी नीचे लटक रहे हैं। वहींए बिजली लगातार ऐसे अवैधए अनियमित बिजली कनेक्शन व फेंसिंग हटाने की कवायद की जा रही है लेकिन बावजूद इसके करंट लगने से हाथियों की मौत की



व्यवस्था में सुधार व मानकों के पालन को लेकर विद्युत वितरण कंपनीए न्यायालयीन आदेशों की अवहेलना करने के उन आरोपों का सामना कर रही है जिसमें भारत सरकार द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय व एनजीटी के आदेशों का हवाला देते हुए बिजली वितरण कंपनी को अपने खर्च से सभी सुधार करने का आदेश दिया गया है। खबरों के मुताबिक इन सब के बावजूद ऊर्जा विभाग व वन विभाग के बीच अनियमित विद्युत लाइन से हाथियों की सुरक्षा को लेकर किए जाने वाले तमाम सुधार के लिए खर्च को लेकर पत्राचार जारी है। इधर धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र में विभाग के द्वारा घटनाएं भी लगातार सामने आ रही हैं। बहरहालए इस मामले में धरमजयगढ़ वन विभाग के आला अधिकारी मापदंड के विपरीत नीचे लटकते बिजली तार की चपेट में आने से हाथी की मौत होना बता रहे हैं और बिजली विभाग के अधिकारी इसे एक ष्दुर्घटनाष् मान रहे हैं।

### क्षेत्र में 91 हाथियों का दल कर रहा विचरण

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार इन दिनों धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र में ही 91 जंगली हाथियों का दल अलग.अलग समूहों में विचरण कर रहा हैं जिनमे नर हाथियों की संख्या 26ए 41 मादा के अलावा 24 शावक शामिल है। धरमजयगढ़ के आमगांव में जहां 25 जंगली हाथीए इंचपारा में 22 जंगली हाथी के अलावा अलग.अलग रेंज में जंगली हाथियों की मौजदूगी है। हाथी प्रभावित गांवों में इन दिनों जंगली हाथियों का आतंक अधिक बढ़ गया है जिससे गांव के ग्रामीण भी दहशत में आ गए हैं।

### इसी क्षेत्र में हाथी-मानव द्वंद्व सबसे अधिक

विदित रहे कि धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र में हाथी और मानव के बीच लंबे समय से द्वंद्व जारी है। जिसके परिणाम आए दिन निकलकर सामने आते रहे हैंए कभी हाथी के हमले से इंसान की मौत तो कभी करंट की चपेट में आने जंगली हाथी की मौत के घटनाएं अखबारों की सर्खियां बनते रही है। धरमजयगढ़ क्षेत्र के गांव के ग्रामीणों ने बताया कि पिछ्ले कुछ दिनों से जंगली हाथी पूरे क्षेत्र में घूम.घूमकर धान के अलावा अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

जिससे वे त्रस्त हो चुके है। रतजगा करने के बावजूद ग्रामीण अपनी फसलों की सुरक्षा कर पाने में असमर्थ हो चुके हैं। वन विभाग की टीम हाथी प्रभावित क्षेत्रों में मुनादी कराकर गांव वालों को हाथी से सावधान रहने की अपील करता है लेकिन जंगली हाथियों के उत्पात को रोकने किसी प्रकार कोई मदद नही की जाती।

## समाचार संक्षेप

### डीएकेएएस सदस्य ने किया पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण

बीजापुर, 12 अक्टूबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के दौरान केरिपु 229 सिलगेर कैम्प के प्रयासों से छ0ग0 शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर जगरगुण्डा एरिया कमेटी अन्तर्गत डीएकेएमएस सदस्य देवा तामो पिता कोवा तामो उम्र 32 वर्ष निवासी बेदरे तामोपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा द्वारा आज दिनांक 11/10/2023 को पुलिस अधीक्षक बीजापुर श्री आंजनेय वार्ष्णेय, कमांडेंट 229 केरिपु श्री पुष्पेन्द्र कुमार, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री सुदीप सरकार एवं उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी श्री विनीत साहू के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया। देवा तामो, माओवादी संगठन में कार्य का विवरण :-वर्ष 2006 में जगरगुण्डा एरिया कमेटी में बाल संघम सदस्य के रूप में संगठन में भर्ती हुआ, वर्ष 2006-2007 तक बाल संघम सदस्य के पद पर संगठन में कार्य किया। वर्ष 2008 में सिलगेर पंचायत का जनताना सरकार आर्थिक शाखा उपाध्यक्ष का कार्य दिया गया। वर्ष 2010 में पार्टी सदस्य का कार्य दिया गया, जिसमे 2010 से 2011 तक पार्टी सदस्य का कार्य किया। वर्ष 2012 में प्लाटून नम्बर 10 में पीपीसीएम का कार्य दिया गया। वर्ष 2014 में बटालियन नम्बर 01 के सदस्य का कार्य दिया गया। वर्ष 2015 में जगरगुण्डा एरिया कमेटी में एसीएम का कार्य दिया गया, प्रशिक्षण उपरान्त जगरगुण्डा एरिया कमेटी में टेलर टीम का कमाण्डर बनाया गया। वर्ष 2017 में स्वास्थ्य ठीक नही होने से संगठन में डीएकेएमएस का कार्य दिया गया।



महत्वपूर्ण घटनाओं में शामिल :-वर्ष 2008 में जगरगुण्डा - कोण्डासावली मार्ग पर जगह-जगह गड्ढा खोदकर मार्ग अवरूद्ध करने की घटना में शामिल। वर्ष 2010 में दोरनापाल से चिंतलनार राशन सामन ला रही पीकअप वाहन को रोक कर लूट की घटना में शामिल। अप्रैल 2012 में सुकमा कलेक्टर श्री एलेक्स पॉल मेनन के अपहरण एवं गनमैन की गोली मारकर हत्या करने की घटना में शामिल वर्ष 2012 चिंतागुफा से बुरकापाल रोड निर्माण कार्य में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात केरिपु बल पर हमला करने की घटना में शामिल, घटना में 04 जवान शहीद वर्ष 2013 में चिन्नागेलुर अस्थाई पुलिस कैम्प पर हमला करने की घटना में शामिल वर्ष 2013 में पूवर्ती के जंगल में ग्रे-हाउण्ड की टीम पर हमला करने, जिसमें 01 जवान शहीद 01 नग एके47 एवं 01 नग मेनपेक सेट लूट की घटना में शामिल वर्ष 2015 आवापल्ली कमारगुड़ा के बीच पत्थर खदान की सुरक्षा में निकली पुलिस पार्टी पर हमला, हमला में 02 जवान घायल

संगठन छोड़ने का कारण :- संगठन में कार्यो की उपेक्षा करने एवं भेदभाव पूर्ण व्यवहार से त्रस्त होकर एवं छ0ग0 शासन की आत्मसमर्पण नीतियों से प्रभावित होकर भारत के संविधान पर विश्वास रखते हुए उक्त माओवादी द्वारा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया। आत्मसमर्पण करने पर इन्हें उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् 25000/- रूपये (पच्चीस हजार रूपये) नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया।

### सहायक आरक्षक की हत्या में शामिल 2 माओवादी गिरफ्तार

बीजापुर, 12 अक्टूबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में संचालित माओवादी विरोधी अभियान के दौरान दिनांक 10/10/2023 को थाना कुटरू एवं डीआरजी का संयुक्त बल तेलीपेंटा, पाताकुटरू की ओर निकली थी।अभियान के दौरान पाताकुटरू से 02 माओवादी मिलिशिया सदस्य को पकड़ा गया। मनोज हेमला पिता मासा राम हेमला उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी पाताकुटरू थाना कुटरू जिला बीजापुरसुखराम यादव पिता मुन्ना यादव उम्र 28 वर्ष निवासी पाताकुटरू थाना कुटरू जिला बीजापुर पकड़े गये माओवादी दिनांक 20/06/2023 को सहायक आरक्षक संजय बेड़जा की हत्या करने की घटना में शामिल थे।पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना कुटरू में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त दिनांक 11/10/2023 को न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया।



### दलों, अभ्यर्थियों ने दीवारों पर बिना अनुमति के नारे लिखने तो होगी कार्रवाई

बीजापुर, 12 अक्टूबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के दौरान राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिये शासकीय-अशासकीय भवनों पर नारे लिखे जाने तथा विद्युत एवं टेलीफोन के खम्बो पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडियाँ लगाये जाने के कारण शासकीय-अशासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। संपत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी संपत्ति को स्याही खडिया, रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिख कर या चिन्हित कर के उसे विरूपित करेगा तो यह दंडनीय होगा और छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा 3 में निहित प्रावधानों के तहत एक हजार रुपया तक जुर्माना हो सकेगा। इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय कोई भी अपराध संज्ञेय होगा।

### सार्वजनिक उपक्रमों, निकायों, जनप्रतिनिधियों को आबंटित शासकीय वाहनो का उपयोग निषिद्ध

बीजापुर, 12 अक्टूबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा विधानसभा के निर्वाचन कराने की घोषणा 09 अक्टूबर 2023 को किया गया है। घोषणा दिनांक से आचार संहिता लागू हो गई है। अतएव निर्वाचन की घोषणा के दिनांक से निर्वाचन के परिणाम घोषित होने के दिनांक तक केन्द्र राज्य शासन के उपक्रम संयुक्त क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्तशासी संस्थाओं, जिला पंचायतों, जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों, विपणन बोर्ड, विपणन संस्थाओं, कृषि उपज मंडी समिति प्राधिकरणों या अन्य ऐसे निकाय जिनमें सरकारी धन का कितना भी छोटा अशं निवेश किया गया हो, के वाहनों के उपयोग के किसी भी प्रकार की अनुमति विधानसभा सदस्यों संसद सदस्यों, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों अथवा अभ्यर्थियों या निर्वाचन से संबंधित किसी व्यक्ति को नहीं दिये जाने के आदेश हैं।अतएव उल्लेखित जनप्रतिनिधियों को आबंटित वाहन वापस लेकर इस कार्यालय को अवगत कराया जावे। यदि जनप्रतिनिधियों द्वारा वाहन का उपयोग किया जाता है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

### जनप्रतिनिधियों को आबंटित शासकीय वाहन को वापस लेने आदेश जारी

बीजापुर, 12 अक्टूबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने चुनाव आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने पर सार्वजनिक उपक्रमों, निकायों, जनप्रतिनिधियों को आबंटित शासकीय वाहनों को वापस लेने आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि विधानसभा आम निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन की प्रक्रियाओं के समापन तक के लिए केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों के अध्यक्ष, स्थानीय निकाय के अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को उनके पदीय दायित्वों के निर्वहन हेतु आबंटित शासकीय वाहनों का दुरुपयोग को रोकने के लिए वापस लेना आवश्यक है।

**एक नजर**

### खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई



**भाटापारा, 12 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहर थाना पुलिस द्वारा खतरनाक ढंग से बुलेट मोटरसाइकिल चलाने वाले आरोपी चालक के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की है। वाहन चालक को जयस्तंभ चौंक भाटापारा के पास रोककर, बुलेट का साइलेंसर निकाला गया मोटर सायकल बुलेट सीजी-04-एनके-6572 के चालक शोहेल खान पिता मो. यूनुस खान उम्र 23 वर्ष सा. भगत सिंह वार्ड भाटापारा के द्वारा अपने वाहन में पीछे बिना रजि. नंबर तथा बिना ड्राइविंग लायसेंस के खतरनाक तरिके से दो पहिया वाहन को जयस्तम्भ चौक भाटापारा चलाते हुए पाया गया। थाना भाटापारा शहर द्वारा आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट 50(2)/177, 3/181, 184 के तहत कार्यवाही कर समन शुल्क 3300 का जुर्माना किया गया है। शहर टी.आई.योगिताबाली खापर्डे ने कहा कि शहर सीमा मे बिना लाईसेंस, बिना नम्बर प्लेट के खतरनाक तरीके से दुपहिया वाहन चलाने वालो के खिलाफ सख्ती बरतते हुए चालानी कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### अप्रारंभ निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने के निर्देश

**बलौदाबाजार, , 12 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा तिथि से जिले में कोई भी अप्रारंभ निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने के निर्देश दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि निर्वाचन की घोषणा तिथि से कोई भी ऐसा निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होगा, जिसके संबंध में निविदा पूर्ण कर ली गई हो एवं कार्यादेश जारी कर दिया गया है, परंतु वास्तव में स्थल पर कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। स्वीकृत किये गये निविदा पूर्ण किये गये अथवा कार्यादेश जारी किये गये ऐसे समस्त कार्य जो धरातल पर प्रारंभ नहीं हुए है, वे निर्वाचन समाप्ति के पश्चात् ही नियमानुसार प्रारंभ किए जा सकेंगे। यह प्रतिबंध निर्वाचन समाप्ति तक सम्पूर्ण बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में प्रभावशील रहेगा।

# क्रिकेट विश्वकप के आरंभ के साथ चढ़ा सट्टे का नशा

## लाखों रुपये क्रिकेट सट्टा में लगाने के नाम पर प्रख्यात है भाटापारा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 12 अक्टूबर।** जुआ, शराब, क्रिकेट सट्टा, मटका सट्टा व आज के आधुनिक समय मे आन लाईन जुआ किसी भी सभ्य समाज के लिये सबसे बडी सामाजिक बुराई है इसी के बढते प्रभाव के चलते चौरी, लूटपाट, मारपीट, मेहनत कश जीवन से दूरी आदि कई बुराईयों का जन्म होता है अगर इस पर नियंत्रण कसा जाता है तो सामाजिक बुराइयों पर भी नियंत्रण कसा जा सकता है और नियंत्रण मे असफल हो जाने पर अनेक बुराइयाँ किसी भी सभ्य समाज मे सर चढकर मंडराने लग जाती है।

**क्रिकेट वर्ल्ड कप का शुभारंभ:** भारत मे क्रिकेट वल्ड कप का शुभारंभ हो चुका है जहाँ पर अभी तक 4 वल्ड कप के मैच भी खेले जा चुके है परंतु लाखों रुपये के क्रिकेट सट्टा के खेल मे ख्याति प्राप्त भाटापारा मे एक भी क्रिकेट सट्टे से जुडे मामलों पर पुलिस व सायबर सेल के द्वारा कारवाई नही किया जाना भी अनेक प्रकार के संदेह व सवालों को खडा करता है।

**क्या क्रिकेट के सटोरिये सट्टे के खेल से बाहर हो गये है :** सवाल उठता है कि भाटापारा मे लाखों रुपये के क्रिकेट सट्टा का लिंक अन्य प्रदेश व देश मे बैठे सट्टा बुकी से जोडा गया जिसके कई प्रकरण भी बनाये गये परंतु पिछले कुछ माह से क्रिकेट वल्ड कप का खुमार आरंभ हो जाने के बावजूद क्रिकेट सट्टा से जुडे मामलों पर एक भी प्रकरण नही बन पाना पुलिस सायबर सेल के सक्रियता पर भी सवाल उठाती है अगर ये नामचीन क्रिकेट के सटोरिये अगर इस खेल से बाहर हो गये है तो पुराने रिकार्ड के आधार पर इनका खाका अभी तक क्यो तैयार कर जानकारी नही लिया गया है ये वर्तमान मे कहा है और किस लिंक से जुडे है।

**आनलाईन क्रिकेट सट्टा पर सबसे अधिक फोकस :** गौरतलब है की सभी प्रकार के खेलों मे आनलाईन क्रिकेट का सट्टा सबसे अधिक खेला जा रहा है जहाँ पर बुकी द्वारा सटोरिये को कोर्ड नम्बर देकर खेल मे जोडता है और उसके बैंक एकाऊंट मे पैसे जमा करा लेता और उसी खेल के आधार पर क्रिकेट सहित अन्य खेलो का सट्टा खेला जाता है जिसके पूर्व मे भाटापारा शहर व ग्रामीण से कई बडे मामले भी पकडे गये जिसका लिंक नागपुर पुणे सहित कई अन्य शहरो से जोडा गया और इस खेल को बाहर से बैठकर आपरेट किये जाने की भी बात कह गई।

**क्रिकेट सट्टा में हर खेल पर दाँव:** गौरतलब है की क्रिकेट का सट्टा दो टीमों पर हार जीत पर ही निर्भर नही रहता यह पर क्रिकेट के हर खेल पर हजारों लाखों रुपये के दाँव लगाये जाते है जैसे की बालर किस बाल पर रन देगा और कितना देगा, किस बाल पर बेस्टमैन आऊट हो सकता है कैच होगा बोल्ड होगा रन आऊट होगा कौन बैस्टमैन कितना रन बनायेगा सभी पहलुओं चार गुणा छै गुणा भाल देकर सट्टा खेला जाता है।

**बेईमानी के खेल मे ईमानदारी :** गौरतलब है की हमारे संवैधानिक देश मे जुआ सट्टा अवैधानिक है परंतु इस बेईमानी के खेल मे भी सटोरिये व बुकी ईमानदारी से लेनदेन कर जीत हार की राशि एकदूसरे के एकाऊंट मे ट्रांसफर कर देते है जिसके कारण सटोरिये कम समय मे बिना परिश्रम के अधिक लाभ के लालच मे सब कुछ लुटाकर बर्बाद हो जाते जहाँ सामाजिक बुराईया जन्म ले लेती है।

# नाश्ता, वाहन सहित टेंट-पंडाल का खर्च भी जुड़ेगा अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में

## अभ्यर्थियों को संधारित करना होगा व्यय रजिस्टर, निर्वाचन व्यय निगरानी एवं लेखांकन दल को दिया गया प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 अक्टूबर।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन सम्पन्न कराने के मद्देनजर कलेक्टर चंदन कुमार के मार्गदर्शन में विभिन्न समितियों एवं इकाइयों के सदस्यों के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग एवं लेखांकन दल के सदस्यों को प्रशिक्षण दी गई। प्रशिक्षण में राजनैतिक दल एवं अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन के दौरान किये गए व्यय का विभिन्न पंजियों में प्रविष्टि तथा संबंधित दस्तावेजों के संधारण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि निर्वाचन के दौरान राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों के द्वारा उपयोग में लाये जाने वाले विभिन्न सामग्रियों के दर निर्धारित किये गए हैं जिसमे प्रति प्लेट नाश्ता से लेकर विभिन्न प्रकार के वाहनों के किराए का दर, टेंट-पंडाल, कुर्सी, टेबल साउंड सिस्टम पंखा, कूलर आदि शामिल है। निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थी द्वारा जो भी सामग्री किराए पर अथवा खरीदी पर लिए जाएंगे उनकी राशि अभ्यर्थी के व्यय में शामिल होगा। अभ्यर्थी को नामांकन फार्म भरते समय निर्वाचन व्यय की राशि भुगतान हेतु अलग से बैंक खाता की जानकारी देना होगा। इसके साथ ही निर्वाचन के दौरान किये गए प्रतिदिन खर्च के हिसाब के लिए एक व्यय रजिस्टर भी संधारित करना होगा। प्रत्येक विधानसभा के लिए एक व्यय लेखांकन दल गठित की गई है जो सम्बंधित विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय का लेखा जोखा रखेंगे। अभ्यर्थी द्वारा विज्ञापन एवं पेड़ न्यूज पर किये गए व्यय के सम्बंध में एमसीएमसी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर निर्वाचन व्यय की प्रविष्टि व्यय लेखांकन दल द्वारा की जाएगी।

**समाचार संक्षेप**

### 9 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी को पुलिस ने पकड़ा



**बलौदाबाजार, 12 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही एवं त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र 807/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया मामला इस प्रकार है कि 11 अक्टूबर को मुखबीर की सूचना मिलने पर आरोपी लक्ष्मीनारायण भारद्वाज पिता बुधराम भारद्वाज उम्र 34 साल साकिन सुढेला थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के पास से भारी मात्रा में शराब रखने की सूचना पर घेराबंदी कर पकडे तथा आरोपी से 09 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 1800/रू.को जप्त किया गया आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर आब. एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में प्रआर संतराम बंजारे, अंजोर मांझी, आरक्षक बसंत साहू, देवनिराला, मोहन मेश्राम कामदेव गायकवाड, यशवंत यादव, उकेश्वरी साहू का विशेष योगदान रहा।

### 2 शराब कोचिया गिरफ्तार, 35 पौवा देशी मसाला शराब व बाइक जब्त



**बलौदाबाजार, 12 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, एसडीओपी भाटापारा आशीष अरोरा एवं थाना प्रभारी हथबंद निरीक्षक अजय झा के निर्देशन में थाना हथबंद द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 10 अक्टूबर को थाना हथबंद से प्र.आर. भालचंद ध्रुव, आरक्षक भुवन वर्मा एवं प्रशांत दीवान की पुलिस टीम द्वारा ग्राम सीतापार अटल चौक की ओर से मोटरसाइकिल से देशी मसाला शराब ले जाते हुए 02 शातिर शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 35 पाव देशी मसाला शराब तथा अवैध रूप से शराब ले जाने में प्रयुक्त हीरो पैशन मोटर साईकल सीजी-04-एचटी-0408 जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना हथबंद में अपराध क्र. 110/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम मेघनाथ साहू पिता स्व. सरजू साहू उम्र 51 वर्ष, टोपेंद्र कुमार वर्मा पिता स्व. रमेश कुमार उम्र 32 वर्ष दोनों निवासी ग्राम सीतापार थाना हथबंद हैं।

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की अपील, खाद्य सामान देने में अखबारी कागजों का न करें उपयोग

**बलौदाबाजार, 12 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** समाचार पत्र दैनिक जीवन में सूचना के महत्वपूर्ण स्त्रोत है। न्यूनतम लागत होने के कारण खाद्य पदार्थों को लाने ले जाने के लिए अक्सर छपाई के लिए उपयोग किए जाने वाले अखबारी कागज या पेपर का उपयोग किया जाता है। फूड पार्सल लाने के लिए आमतौर पर फूड्स को अखबार में लपेटा जाता है, जिसका इस्तेमाल ज्यादातर स्ट्रीट फूड के लिए किया जाता है। विक्रेता भोजन पैक करने के लिए और घर पर भी गहरे तले हुए भोजन से अतिरिक्त तेल निकालने के लिये अक्सर छपाई के लिए उपयोग किए जाने वाले अखबारी कागज या पेपर का उपयोग किया जाता है। पर्यावरणीय परिस्थितियों से भोजन को संदूषण से बचाने के लिए खाद्य पैकेजिंग आवश्यक है, लेकिन अखबार के उपयोग किए जाने से भोजन में स्याही का स्थानांतरण होता है, जो भोजन की गुणवत्ता और सुरक्षा को प्रभावित करता है। यह मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। अखबार या पेपर को प्रिंट करने के लिए उपयोग की जाने वाली स्याही में डाई आइसोब्यूटाइल फ्टालेड, डाइएन आईसोब्यूटाइलेट जैसे हानिकारक रसायन एवं कई तरह के हानिकारक रंजक होते हैं, जो तेल के साथ मिल जाते है और खाने के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं जिससे हमारे शरीर में पाचन संबंधी विकार, टॉक्सिसिटी, विभिन्न कैंसर, महत्वपूर्ण अंगों की विफलता तथा प्रतिरक्षा तंत्र का कमजोर होना जैसे विभिन्न प्रकार की बीमारियां होने की संभावना रहती है।

## खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई: 7 दिनों में अवैध खनन एवं परिवहन के 32 प्रकरण दर्ज

# तुरमा में अवैध उत्खनन नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : कलेक्टर

■ कलेक्टर ने खनिज एवं राजस्व विभाग को सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 12 अक्टूबर।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर जिला खनिज विभाग द्वारा विगत 7 दिनों में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के कुल 32 प्रकरण दर्ज किए गए है। जिसमें अवैध उत्खनन के 15 प्रकरण एवं अवैध परिवहन के 17 प्रकरण शामिल है। उक्त प्रकरणों में खनिज अधिनियम के तहत् कार्यवाही किया गया है। जिसमें लगभग 8 लाख रूपये अर्थदंड की वसूली सहित 2 मामले जिनमें अवैध उत्खनन, परिवहन किये जाने की पुर्नावृत्ति पायी गई है। उनमें अवैध उत्खनन परिवहनकर्ता के विरूद्ध अधिकतम जुर्माना सहित 05 साल की सजा कराये जाने हेतु सक्षम न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत करने हेतु आवश्यक अनुसंधान, जांच की जा रही है। इसी तरह ग्राम तुरमा में खनिज रेत के अवैध उत्खनन की शिकायत पर खनिज विभाग के द्वारा देर रात 4 बजे तक कार्यवाही करते हुए अवैध उत्खनन में संलिप्त 13 ट्रेक्टरों को जब्त किया गया है। जब्त वाहनों को लवन थाना के सुपुर्दगी में रखा गया है। उक्त कार्वाई में पुलिस, राजस्व विभाग के अधिकारियों ने भी सहयोग प्रदान किया। इसी तरह 6 अक्टूबर को तहसीलदार पलारी द्वारा ग्राम बम्हनी से 15 घन मीटर अभिवहन पारपत्र में लगभग 22 से 25 घन मीटर रेत के परिवहन पाये जाने के फलस्वरूप 7 वाहनों में 10 से 12 घन मीटर के विधि विरूद्ध परिवहन पर खनिज अधिनियम के तहत् कार्रवाई किये जाने हेतु वाहनों को जप्त जांच की गई। इसी तरह ग्राम मोपका में 4 अक्टूबर एवं 9 अक्टूबर को मुरूम के अवैध उत्खनन के शिकायत पर कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग द्वारा 2 जेसीबी एवं 2 ट्रक सहित 3 ट्रेक्टर रेत एवं मुरूम के अवैध उत्खनन कर रहे टेक्ट्रों को जप्त कर निकटतम पुलिस थाना सुरक्षित रखा गया है। इसी प्रकार करही बाजार थाना क्षेत्र में 3 वाहनों के खिलाफ अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज कर खनिज अधिनियम के तहत् कार्वाई की जा रही है।

## निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में दिशा निर्देश जारी

# अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय की सीमा 40 लाख रुपये निर्धारित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 अक्टूबर।** विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत अधिसूचना जारी होने के साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन व्यय के संबंध में दिशा निर्देश जारी किया गया है। जारी दिशा निर्देश के अनुसार निर्वाचन हेतु अभ्यर्थियों को एक पृथक बैंक अकाउंट, नामांकन दाखिल करने के कम से कम 1 दिन पूर्व खोलना होगा एवं नामांकन पत्र दाखिल करते समय अभ्यर्थी को इस पृथक बैंक अकाउंट का उल्लेख करना होगा। नाम निर्देशन की तारीख से लेकर परिणाम की घोषणा होने तक दोनों तिथियां को सम्मिलित करते हुए समस्त व्यय उक्त बैंकिंग अकाउंट से स्वयं या उसके निर्वाचन एजेंट द्वारा किया जाएगा। निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थी द्वारा किए जाने वाले निर्वाचन व्यय की सीमा 40 लाख रुपये निर्धारित किया गया है। नामांकन पत्र दाखिल करते समय अभ्यर्थी को अपने समस्त चल अचल संपत्ति के बारे में शपथ पत्र में जानकारी देनी होगी। अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह प्रचार अवधि के दौरान कम से कम तीन बार निजी रूप से या अपने निर्वाचन एजेंट के माध्यम से या अपने द्वारा विधिवत रूप से प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा व्यय प्रेक्षक निरीक्षण के लिए पदाभिहित अधिकारी के सम्मुख रजिस्टर पेश करेगा। परिणाम घोषणा के 30 दिवस के भीतर अभ्यर्थी को अपने लेखे का विवरण जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

निर्धारित समय में व्यय लेखा जमा नहीं करने पर निर्वाचन आयोग द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 10 क के तहत अभ्यर्थी को 3 साल के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है। यदि अभ्यर्थी का कोई अपराधीक पूर्ववृत है तो अभ्यर्थी को निर्धारित प्रारूप में नाम वापसी के पश्चात मतदान दिवस के दो दिन पूर्व तक तीन बार समाचार पत्र एवं टेलीविजन में अपने अपराधिक मामले के विषय में प्रकाशन, प्रसारण करना होगा। यदि अभ्यर्थी किसी पंजीकृत राजनीतिक दल द्वारा खड़ा किया गया है तो उसे अपने अपराधिक पूर्ववर्त की सूचना अपने दल को भी देनी होगी। और ऐसे राजनीतिक दल को अभ्यर्थी के अपराधिक पूर्ववृत्त का प्रकाशन और प्रसारण एक स्थानीय समाचार पत्र एवं एक राष्ट्रीय समाचार पत्र में प्रकाशन एवं टेलीविजन पर प्रसारण करना अपेक्षित है। साथ ही ऐसे अपराधिक पूर्ववृत वाले अभ्यर्थी की समस्त जानकारी अपने वेबसाइट तथा सोशल मीडिया तथा फेसबुक, ट्विटर आदि पर भी प्रकाशित करनी होगी। उन्हें यह भी बताना होगा कि बिना आपराधिक चरित्र वाले अभ्यर्थी के स्थान पर आपराधिक पूर्ववृत्त वाले व्यक्ति के चयन का कारण क्या है। नाम वापसी के अंतिम दिन से चौथे दिन में पहला प्रकाशन, नाम वापसी के अंतिम दिन के 5 से 8 दिन में दूसरा प्रकाशन एवं नाम वापसी के अंतिम दिन के 9 वें दिन से प्रचार प्रसार के अंतिम तक तीसरा प्रकाशन करना होगा। उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन न करना माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना की श्रेणी में माना जाएगा।

### शासकीय वाहनों का निर्वाचन प्रचार करने पर पूर्णतः प्रतिबंध

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की घोषणा 9 अक्टूबर से लेकर निर्वाचन की समस्त प्रक्रियाओं के समापन तक शासकीय वाहनों का निर्वाचन प्रचार करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा यदि किसी अभ्यर्थी या अन्य पदाधिकारी द्वारा जिन्हें उनके पदीय दायित्वों के निर्वहन के लिये शासकीय वाहन आबंटित है, उनका दुरूपयोग किया जाना पाया जाता है तो उनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के अधीन कठोर कार्यवाही की जाऐगी एवं ऐसे वाहन अधिग्रहित कर लिये जायेंगे। आदेश मे कहा गया है कि निर्वाचन प्रचार करने के लिये, शासकीय वाहनों का प्रयोग करने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाता है। वह वाहन जो केन्द्र सरकार, राज्य सरकार या उनके सार्वजनिक उपक्रमों, स्थानीय निकायों, विपणन बोर्ड, सहकारी समितियों, स्वायत्तशासी परिषदों या अन्य किसी निकाय के हो, का किसी भी राजनैतिक दल, उम्मीदवार या निर्वाचन (प्रचार) से संबंधित किसी भी व्यक्ति द्वारा, निर्वाचन (प्रचार) से जुड़े किसी प्रयोजन के लिये उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202310092200018**

विषय:- अ-6
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:-2023-2024

डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-राशि लोहिया (अग्रवाल),
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका राशि लोहिया (अग्रवाल) उम्र 46 वर्ष पति रोशन अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी पटेल वार्ड नम्बर 17 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम डोंगरगढ़ प.ह.न. 25 में स्थित खाता क्रमांक 1684 में ख.नं. 72/124 रकबा 0.0080 हे. (861.11 वर्गफुट) भूमि राजस्व अभिलेख में रोशन अग्रवाल पिता कमल किशोर अग्रवाल सा. पटेल वार्ड नम्बर 17 डोंगरगढ़ के नाम पर दर्ज व स्थित है। भूमिस्वामी रोशन अग्रवाल द्वारा नोटरी द्वारा सत्यापित वसीयतनामा आवेदिका राशि लोहिया (अग्रवाल) उम्र 46 वर्ष पति रोशन अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी पटेल वार्ड नम्बर 17 डोंगरगढ़ के पक्ष में दिनांक 20.02.2023 को निष्पादित किया गया है। भूमिस्वामी/वसीयतकर्ता रोशन अग्रवाल का मृत्यु दिनांक 21.08.2023 को हो चुकी है। अतः आवेदिका राशि लोहिया (अग्रवाल) द्वारा उक्त नोटरी द्वारा सत्यापित वसीयतनामा के आधार पर आवेदित भूमि पर से भूमिस्वामी / वसीयतकर्ता/ मृतक रोशन अग्रवाल पिता कमल किशोर अग्रवाल सा. पटेल वार्ड नम्बर 17 डोंगरगढ़ का नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 30.10.2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/10/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202309092300006
ब/ 121 वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बुधारूराम पिता हरिराम लोधी जाति लोधी निवासी ग्राम सेम्हरा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पिता हरिराम आ. मोहन लाल का मृत्यु दिनांक 19.12.1998 को ग्राम सेम्हरा में हुआ है। जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में मृत्यु दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने पिता हरिराम आ. मोहन लाल का मृत्यु दिनांक 19.12.1998 को ग्राम सेम्हरा में दर्ज करने आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेशी दिनांक 18/10/2023 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 06/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. ......................
अ 2 वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका इंद्राणी गायकवाड़ पति चन्द्रभान, निवासी ग्राम पोड़ी, तहसील बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.) के द्वारा अपने नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम पोंड़ी प.ह.नं. 20 तहसील बोड़ला स्थित भूमि ख.नं. 149/37 रकबा 0.018 हे. भूमि का कृषि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित कराये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत तिथि 19.10.2023 तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक- 09.10.2023
पेशी दिनांक- 19.10.2023

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बोड़ला

## एक नजर

### रमन सिंह के चक्रव्यूह को भूपेश बघेल तोड़ने में सक्षम : आहूजा



**रायपुर, 12 अक्टूबर।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष रमेश आहूजा एवं कार्यकारी अध्यक्ष श्री कुलदीप सिंह चावला ने एक बयान में कहा कि भाजपा की सूची से यह स्पष्ट है कि भाजपा के टिकट वितरण में रमनसिंह की ही चली है रमनसिंह ने सभी समाज, पिछड़ा हरिजन आदिवासी, महिला सेन समाज विरमपुर के पीड़ित, कवर्धा के पीड़ित को टिकट देकर जो चक्रव्यूह की रचना की है श्री भूपेश बघेल उसे तोड़ने में सक्षम है। भूपेश बघेल महाभारत के अभिमन्यु नहीं है जिसे कौरवो ने घेर कर मार डाला था। बघेल कांग्रेस के अर्जुन है जो चक्रव्यूह को तोड़ना भलीभांति जानते है, उन्होने पहले ही 90 विधानसभा का दौरा किया हर वर्ग के योजनाएँ बनाई फिर जिसने किसानों को साध लिया उसने सबको साध लिया अभी कांग्रेस का घोषणा पत्र आना बाकी है जिसमें कई घोषणाऐं ऐसी है जिससे जनता प्रभावित होकर केवल कांग्रेस को ही वोट देगी। अंतत: छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार पुन: बनेगी।

### राजीव लोचन फाउंडेशन ने पितृ तर्पण के साथ ब्रह्मभोज आयोजित किया



**रायपुर, 12 अक्टूबर।** द्वादशी श्राद्ध अवसर पर राजीव लोचन फाउंडेशन ने पितरों को तर्पण के साथ ब्रह्म भोज का आयोजन किया। नीलकंठ सदन विप्र नगर में आयोजित श्राद्ध तर्पण अवसर पर राजीव लोचन फाउंडेशन के समस्त पदाधिकारी व सदस्यों के पितरों के नाम कुश, तिल, चावल व जौ से पूजा, अर्चना अर्पण व तर्पण किया। तर्पण पश्चात फाउंडेशन की ओर से ब्रह्म भोज का आयोजन किया गया। फाउंडेशन के सचिव आशीष मिश्रा ने बताया कि पूर्वजों को प्रसन्न कर आशीर्वाद प्राप्त करने की दृष्टि से पितृपक्ष में तर्पण का विशेष महत्व है। उक्त अवसर पर रवि प्रकाश शुक्ला, प्रमोद मिश्रा, नरेंद्र मिश्रा, विनोद मिश्रा प्रदीप मिश्रा अरुण मिश्रा, अरविंद मिश्रा ललित मिश्रा, संजय मिश्रा, अतुल मिश्रा, आलोक मिश्रा, अजय मिश्रा ,आशुतोष मिश्रा, मुकेश मिश्रा, सुमित मिश्रा आदि ब्रह्म भोज में शामिल हुए। ललित मिश्रा अध्यक्ष

### डिग्री गर्ल्स कॉलेज ने जीती विप्र ट्रॉफी, विप्र कॉलेज उपविजेता





**रायपुर, 12 अक्टूबर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में विप्र कला ,वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा आयोजित फविप्र ट्रॉफीफ अंतर महाविद्यालय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में गवर्नमेंट डिग्री गर्ल्स कॉलेज रायपुर विजेता रही।जबकि विप्र कॉलेज उपविजेता बनी। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय आरंग, गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज रायपुर एवं विप्र महाविद्यालय की टीम ने हिस्सा लिया। प्रथम मैच में डिग्री गर्ल्स कॉलेज रायपुर ने गवर्नमेंट कॉलेज आरंग को 1-0 से पराजित किया । इसके बाद डिग्री गर्ल्स कॉलेज रायपुर ने विप्र कॉलेज को तीन एक से पराजित विप्र ट्रॉफी जीत लिया। समापन समारोह वरिष्ठ पीटीआई सी.एस. बघेल , संस्कृत कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी प्रमोद मेने ,असीम कादरी, डिग्री गर्ल्स कॉलेज के क्रीड़ाअधिकारी डॉ. कर्मिष्ठ संभरकर, सेवाराम साहू,साइंस कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी रामानंद यदु, छत्तीसगढ़ कॉलेज के रूपेंद्र चौहान की गरिमामय उपस्थिति में विजेता एवं उपविजेता टीम को विप्र ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी डिग्री गर्ल्स कॉलेज के नीलिमा घाघा को घोषित किया गया।प्रतियोगिता के बाद विश्वविद्यालय टीम के चयन के लिए ट्रायल में लगभग 25 महाविद्यालय के महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया । डॉ कैलाश शर्मा ने राजेश तिवारी व ज्ञानेंद्र के सहयोग से प्रतियोगिता का संचालन किया।

## टिकिट पर अंतिम मंथन करने भूपेश-सिंहदेव पहुंचे दिल्ली

# 20 विधायक व दो मंत्रियों के टिकिट काटे जाने की चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)





**रायपुर, 12 अक्टूबर।** विधानसभा चुनाव 2023 के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों के चयन के लिए आज केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में भाग लेने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और सदस्य टीएस सिंहदेव दिल्ली पहुंच गए हैं। आज टिकिट को लेकर अंतिम मंथन होगा। इसके बाद सूची जारी कर दी जाएगी।

कांग्रेस कमेटी से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री आज दिल्ली रवाना हुए। जबकि टीएस सिंहदेव रांची से सीधे दिल्ली पहुंच गए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व राहुल गांधी की उपस्थिति में बैठक हो रही है। इसके पूर्व राजस्थान और मध्यप्रदेश के प्रत्याशियों का चयन हो गया है। छत्तीसढ़ के 20 वर्तमान विधायकों के टिकिट काटे जाने की खबर है। इसमें दो मंत्री भी शामिल हैं। चुनाव समिति ने करीब 80 सीटों पर सिंगल नाम भेजे हैं। छत्तीसगढ़ में बस्तर तथा सरगुजा में टिकिट को लेकर घमासान मचा हुआ है। मुख्यमंत्री अपने समर्थकों को टिकिट दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें नए चेहरे सामने आएंगे। जिन विधायकों की टिकिट काटे जाने की चर्चा है उनमें विनय जायसवाल मनेन्द्रगढ़, गुरुदयाल बंजारे नवागढ़, शकुंतला साहू कसडोल, चंद्रदेव राय बिलाईगढ़, राजमन बेंजाम चित्रकोट, ममता चंद्राकर पंडरिया, शिशुपाल सोरी कांकेर, रश्मि सिंह तखतपुर, प्रेमसाय टेकाम प्रतापपुर, कुलदीप जुनेजा रायपुर उत्तर, भुनेश्वर बघेल, डोंगरगढ़, रेखचंद जैन जगदलपुर, बृहस्पत सिंह रामानुजगंज, किस्मतलाल नंद सरायपाली, प्रकाश नायक रायगढ़, देहुति कर्मा दंतेवाड़ा, मोहित केरकेट्टा पाली तानाखार, विनोद चंद्राकर महासमुंद, रामपुकार सिंह पत्थलगांव, खेलसाय सिंह प्रेमनगर, यूडी मिंज कुनकुरी, कुंवर निषाद गुण्डरदेही तथा चक्रधर सिंदार लैलूंगा शामिल हैं। देहुति कर्मा की जगह उनके ही परिवार के किसी सदस्य टिकिट दी जा सकती है। रेखचंद जैन, बृहस्पत सिंह तथा विनोद चंद्राकर को पुनः टिकिट देने पर विचार जारी है।

**भाजपा की पांच टिकिटों का निर्णय दिल्ली में होगा:** बेमेतरा, कसडोल, अंबिकापुर में प्रत्याशियों का चयन नहीं हो पाया है। प्रत्याशियों के चयन के लिए पैनल दिल्ली भेज दिया गया है। भाजपा स्वागत समिति के संयोजक लोकेश कावड़िया ने बताया कि आज देर रात रविशंकर प्रसाद यहां पहुंच रहे हैं। वे विभिन्न जिलों में जाकर प्रचार-प्रसार करेंगे।

### पवन खेड़ा पहुंचे रायपुर



कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा आज रायपुर पहुंच गए हैं। यहां पर उन्होंने चुनाव के लिए विभिन्न प्रचार समितियों की बैठक ली। कांग्रेस में टिकिट को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अब 15 अक्टूबर का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। फिलहाल सभी नेता एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं।

## मंत्री व विधायक नहीं ठहर सकेंगे सर्किट हाउस में

### आयोग ने निष्पक्ष चुनाव कराने दिए कठोर दिशा-निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 12 अक्टूबर।** भारत निर्वाचन आयोग ने अब सभी जनप्रतिनिधियों के रेस्ट व गेस्ट हाउस में ठहरने पर प्रतिबंध लगा दिया है। चुनाव को देखते हुए अब ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में पेट्रोल का स्टाक सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए अनेक सख्तियां बरती जा रही है जिसके तहत अब सरकारी विश्राम गृहों में मंत्रियों के ठहरने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके अलावा वे अन्य शासकीय सुविधाएं भी नहीं ले सकेंगे। उन्हें शासकीय कार वापस करने के लिए कहा गया है। मंत्रियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। आयोग के निर्देश पर कई लोगों को विशेष सुरक्षा दी गई है। इलेक्शन मैनेजमेंट सीजर सिस्टम के तहत 16 सौ से अधिक उड़नदस्ता दल बनाया गया है जो कि विभिन्न मादक पदार्थों की जब्ती करेगा। पुलिस के 7, आयकर विभाग के 7 तथा जीएसटी के 7 अधिकारियों को इसके लिए ट्रेनिंग दी गई है। ये सभी अंतरराज्यीय चेक पोस्ट में निगरानी रखेंगे। इस समय देवरी, बसना तथा अन्य स्थानों पर सख्ती बरती जा रही है।

### आईएएस अधिकारी सिन्हा और झा मंत्रालय में अटैच

आयोग ने तत्काल प्रभाव से कलेक्टर रायगढ़ तारण प्रकाश सिन्हा और बिलासपुर कलेक्टर को हटा दिया है। मंत्रालय सूत्रों के अनुसार वे आज यहां तत्काल मंत्रालय में पदभार ग्रहण करेंगे। इसके अलावा पुलिस के अभिषेक माहेश्वरी एवं संजय ध्रुव को भी पीएचक्यू में अटैच कर दिया गया है। इस समय आयोग द्वारा शिकायत मिलने पर सख्ती बरती जा रही है। मार्कफेड के मनोज सोनी को भी हटा दिया गया है। इनके ऊपर कई संदिग्ध आरोप थे। मंत्रालय के अनुसार मुख्य सचिव ने बिलासपुर तथा रायगढ़ के लिए एक पैनल भेज दिया है जिस पर अंतिम निर्णय होगा।

### रविशंकर प्रसाद के दौरे पर कांग्रेस का तंज

## अब कोई भी आ जाए और कुछ भी कर ले भाजपा दहाई के आंकड़े में नहीं पहुंचेगी

**रायपुर, 12 अक्टूबर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के तीन विधानसभाओं के चुनावी दौरे पर कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि भाजपा बाहरी नेताओं को थोपकर जनता को बेवकूफ बना रही है. अब कोई भी आ जाए और कुछ भी कर ले, भाजपा दहाई के आंकड़े में नहीं पहुंचेगी.

कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने रविशंकर प्रसाद के दौरे के मद्देनजर कहा कि छत्तीसगढ़ के स्थानीय और राज्य के नेतृत्व को दरकिनार कर के टिकट बांटा. विधानसभा स्तर के कार्यकर्ताओं की मंशा को दरकिनार कर बाहर के लोग, जो सक्रिय नहीं थे, उन्हें टिकट दिया गया. भाजपा में बहुत निराशा है. वह जले में नमक छिड़ने आ रहे हैं. चाहे पक्ष में हो या विपक्ष में हो, भाजपा ने कार्यकर्ताओं की भावनाओं के साथ गलत किया है. भाजपा के कार्यकर्ता स्वाभिमानी हैं.

कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक पर सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस के भी प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया अंतिम दौर में है. चुनाव समिति की बैठक आज दिल्ली में होगी. अधिसंख्यक सूची को फाइनल कर लिया जाएगा. नवरात्रि के पहले हम नामों की घोषणा कर देंगे. वहीं विधायकों के टिकट काटे जाने पर कहा कि चुनाव में कांग्रेस में टिकट देने का सिस्टम है. किसे टिकट मिलेगी यह फैसला करने का अधिकार चुनाव समिति को है.

## गोवा सहित लोवर रेंज की शराब नहीं मिलने से मदिराप्रेमी परेशान

### सरकार ने सूचना मिलने पर दिए कार्रवाई के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 12 अक्टूबर।** शहर की विभिन्न शराब भट्ठियों में लोवर रेंज की शराब नहीं मिलने पर लोग परेशान हैं। आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस समय राजकुमार कालेज के सामने तथा चंदनडीह एवं अन्य देशी-विदेशी मदिरा समूहों की दुकानों में गोवा, यूनिकॉर्न तथा अन्य लोवर रेंज की शराब नहीं मिल रही है जिसके कारण मदिराप्रेमी परेशान हैं। अधिकारियों ने बताया कि चालान कटने के बाद ही इसकी आपूर्ति हो पाएगी। राज्य सरकार द्वारा इस समय देशी-विदेशी मदिरा समूहों का संचालन किया जाता रहा है। राजधानी में 73 से अधिक देशी-विदेशी मदिरा समूहों की दुकानें हैं। भाजपा एवं अन्य दलों के नेताओं ने आरोप लगाया है कि विधानसभा चुनाव के ठीक पहले लोवर रेंज की शराब गायब होना समझ से परे है। चुनाव में इसके उपयोग होने की संभावना है इसलिए इसे फिलहाल स्टॉक करके रखा गया है। रायपुर कलेक्टर ने इस पूरी शिकायत को लेकर अनेक स्थानों का दौरा किया है। छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन एवं मार्केटिंग कार्पोरेशन को इसकी पूरी जानकारी दे दी गई है जिसके कारण अब अगली व्यवस्था बनाई जाएगी। सरकार द्वारा शराब खरीदी की जाती है। भारत के विभिन्न प्रतिष्ठित शराब उत्पादकों द्वारा यहां शराब बेचने का खेल चल रहा है।

## राज्य स्तरीय महिला वॉलीबॉल स्पर्धा में रायपुर की टीम विजयी



**रायपुर, 12 अक्टूबर।** 11 अक्टूबर को गुरुकुल महिला महाविद्यालय द्वारा साई सेंटर आउटडोर स्टेडियम में किया गया। इस प्रतियोगिता में 10 सेक्टर सरगुजा, बस्तर, जांजगीर चांपा, बलौदाबाजार -महासमुंद, दुर्ग, रायगढ़, राजनांदगांव, कोरबा, रायपुर एवं बिलासपुर टीम ने अपनी भागीदारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय तिवारी अध्यक्ष, शासी निकाय गुरुकुल महिला महाविद्यालय ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन कर बिगुल बजाकर प्रतियोगिता की शुरुआत की। कार्यक्रम में शोभा खंडेलवाल ,सचिव भातखंडे ललित कला शिक्षा समिति, प्राचार्य डॉ संध्या गुप्ता, केसी त्रिपाठी साई प्रभारी, रेनू साई कोच ने अपनी उपस्थिति देकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। क्रीडा प्रतियोगिता की आयोजन डॉ रिंकू पांडे ने किया। वॉलीबॉल का पहला प्रतियोगिता सेक्टर सरगुजा और बस्तर के बीच हुआ जिसमें सेक्टर बस्तर की टीम विजेता रहे। दूसरी प्रतियोगिता सेक्टर बिलासपुर और जांजगीर के बीच हुआ जिसमें सेक्टर बिलासपुर की टीम विजेता रहे। तीसरा प्रतियोगिता सेक्टर रायपुर और रायगढ़ के बीच हुआ जिसमें सेक्टर रायपुर की टीम विजेता रहे।चौथा प्रतियोगिता सेक्टर कोरबा और दुर्ग के बीच हुआ जिसमें सेक्टर दुर्ग की टीम विजेता रहे। इस आयोजन में विभिन्न महाविद्यालयों के क्रीड़ाधिकारी मौजूद रहे।




## अछोटी में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**रायपुर, 12 अक्टूबर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कैपिटल के द्वारा आज ग्राम अछोटी मे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें लगभग 150 ग्रामवासियों ने हिस्सा लिया। इस कैंप में दो माह के शिशु से लेकर 75 साल के बुजुर्गों ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया। यह रोटरी क्लब रायपुर कैपिटल का प्रथम प्रयास था। इस स्वास्थ्य शिविर में नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉक्टर बिजीता पॉल एवं डॉक्टर अमृता वर्मा ,स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंजना मोदी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कमल मोदी ,दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर योगिता त्रिपाठी का सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर में ग्रामीणों का बोन मिनरल टेस्ट भी कराया गया। साथ ही दवाइयां, टी शर्ट्स आदि का वितरण किया। आने वाले समय में नेत्र रोग चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों को जो चश्मा का नंबर दिया गया है, उन्हें चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उक्त जानकारी क्लब के अध्यक्ष आलोक अग्रवाल के द्वारा दी गई। इस कार्यक्रम में अछोटी गाँव के सरपंच, कोटवार, सचिव, जग्गू अग्रवाल, डोमार साहू एवं सभी ग्रामीणों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में रोटरी इनरव्हील क्लब कैपिटल की अध्यक्षा श्रीमती काजोल रामचंदानी, सचिव प्रिया छुगानी, अनुराधा अग्रवाल, शोभा शर्मा ने भी हिस्सा लिया। रोटरी कैपिटल के आदित्य झा, अनुराग श्रीवास्तव, गौरव शर्मा (सचिव), सुरेश रामचंदानी, धर्मेंद्र जैन अधिवक्ता ने भी बढ़ चढक़र हिस्सा लिया। साथ ही इस कार्यक्रम में नवीन रिछारिया ,पूजा तिवारी एवं पूजा साहू के द्वारा स्वास्थ्य शिविर में भरपूर सहयोग किया गया एवं कोकोनट विलेज में जाकर नीम, बादाम आदि का वृक्षारोपण भी किया गया।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23